
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 04 जुलाई 2026
वर्ष 07, अंक 267, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

छेड़खानी का विरोध करना परिजनो को महंगा आरोपियों द्वारा पूर्व परिवार के साथ की मारपीट...02

खजनी कस्बे में वर्षों से बंद सार्वजनिक शौचालय, नेचर कॉल की गंभीर समस्या...05

# गुजरात एटीएस ने जैश-ए-मोहम्मद के कथित मॉड्यूल का किया भंडाफोड़

● मदरसा नेटवर्क से कैसे गुजरात को आतंकी टारगेट पर ले रहा था पाकिस्तान, क्या था 'दावत' वाला प्लान

● गुजरात व मध्य प्रदेश से 8 संदिग्ध गिरफ्तार, मदरसों के माध्यम से कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने का आरोप



**अहमदाबाद।** गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कथित मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। एजेंसी ने गुजरात और मध्य प्रदेश में संयुक्त कार्रवाई के दौरान आठ संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। एटीएस का आरोप है कि गिरफ्तार किए गए लोग संगठन के स्लीपर सेल के रूप में कार्य कर रहे थे और राज्य में आतंकी नेटवर्क का विस्तार करने के प्रयास में जुटे थे।

एटीएस के अनुसार, पूरे मामले का खुलासा एक गोपनीय सूचना के आधार पर शुरू हुई जांच के दौरान हुआ। बताया गया कि डिप्टी एसपी हर्ष उपाध्याय को जैश-ए-मोहम्मद के नाम पर संदिग्ध गतिविधियां संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद तकनीकी और स्थानीय स्तर पर निगरानी बढ़ाई गई, जिसके आधार पर गुजरात के बनासकांठा, नवसारी और पाटन जिलों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के देवास में संयुक्त छापेमारी की गई। जांच एजेंसी का दावा है कि संदिग्धों ने 'दारुल इस्लाम गुजरात जैश-ए-मोहम्मद' नाम से एक स्थानीय मॉड्यूल तैयार किया था। आरोप है कि इसी नेटवर्क के माध्यम से नए लोगों से संपर्क स्थापित किया जाता था और संगठन की विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया जा रहा था। एटीएस के अनुसार, इस मॉड्यूल को लगभग तीन लाख रुपये की फंडिंग भी प्राप्त हुई थी। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने एक पुरानी कार खरीदकर उसका स्वामित्व अपने नाम स्थानांतरित नहीं कराया था, ताकि उनकी गतिविधियों पर किसी प्रकार का संदेह न हो। एजेंसी का कहना है कि इस वाहन का उपयोग कथित तौर पर विभिन्न गतिविधियों के संचालन में किया जाता था।


एटीएस का आरोप है कि कुछ स्थानीय मदरसों में 'दावत' नाम से अभियान चलाकर नए लोगों तक पहुंचने और उन्हें संगठन की विचारधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा था। हालांकि, इन आरोपों की सत्यता का अंतिम निर्धारण न्यायिक प्रक्रिया और आगे की जांच के बाद ही होगा।

कार्रवाई के दौरान तीन संदिग्धों को सिद्धपुर स्थित जामिया अबुल हसन मदरसा तथा एक अन्य संदिग्ध को जामिया रहमानिया मदरसा से गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई है। गिरफ्तार आरोपियों में अहमद अब्दुल्लाह गाजीवाला, इब्राहिम मोहम्मद हुसैन घाघा, मुदस्सिर अब्दुल्ला गाजीवाला, जकारिया दुर्रा, मोहम्मद आमिर घाघा और मुफ्ती फौजान इस्माइल दौवा सहित कुल आठ लोग शामिल हैं।झएटीएस के अनुसार, तलाशी के दौरान 254 पृष्ठों का कथित प्रचार सामग्री, पाकिस्तान में प्रकाशित कुछ पुस्तकें तथा आतंकी संगठन के सरगना मसूद अजहर को संबोधित बताए जा रहे कुछ पत्र भी बरामद किए गए हैं। बरामद सामग्री की फोरेंसिक एवं तकनीकी जांच कराई जा रही है। जांच एजेंसी ने कहा है कि पूरे नेटवर्क के अन्य संभावित संपर्कों और वित्तीय स्त्रोतों की भी गहन जांच की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

गुजरात एटीएस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए की कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है. इनमें धारा 13 (गैरकानूनी गतिविधियां), धारा 17 (आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाना), धारा 18 (आतंकी साजिश), धारा 38 (आतंकी संगठन की सदस्यता) और धारा 39 .(आतंकी संगठन को समर्थन देना) शामिल हैं. इसके अलावा आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 148 और धारा 61 के तहत भी केस दर्ज किया गया है. अधिकारियों के मुताबिक, ये धाराएं गंभीर आपराधिक साजिश और देश के खिलाफ अपराध करने की योजना से जुड़ी हैं. जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि इन आरोपियों के के तार देश और विदेश में किन-किन लोगों से जुड़े हुए थे एटीएस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि आरोपी गुजरात में जैश-ए-मोहम्मद का सक्रिय नेटवर्क खड़ा करने की दिशा में काम कर रहे थे सुरक्षा एजेंसियां उनके डिजिटल उपकरणों, वित्तीय लेनदेन और संपर्कों की जांच कर रही हैं. इस मामले में आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां या बड़े खुलासे होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

# तीन तलाक-हलाला पर हाईकोर्ट की कड़ी टिप्पणी

● हलाला के नाम पर नाबालिग से यौन शोषण मामले में स्ह्क्र रद्द करने से इनकार, इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हलाला के नाम पर नाबालिग से कथित यौन शोषण और बाद में गैंगरेप के आरोपों से जुड़े गंभीर मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि धार्मिक प्रथाओं या व्यक्तिगत कानूनों की आड़ में किसी भी आपराधिक कृत्य को स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे मामलों में विस्तृत आपराधिक जांच आवश्यक है और प्रारंभिक स्तर पर एफआईआर रद्द नहीं की जा सकती।

जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने CRLP(A) 8465/2026 सहित चार संबंधित आपराधिक रिट याचिकाओं पर संयुक्त सुनवाई करते हुए सभी याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने पहले दी गई अंतरिम राहतों को भी समाप्त कर दिया।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की की सहमति कानूनन मान्य नहीं होती। यदि किसी नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाए गए हैं तो वह स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में आता है और उस पर पॉक्सो (POCSO) अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।

कोर्ट ने कहा कि किसी भी धार्मिक परंपरा या प्रथा के नाम पर किए गए अपराधों को कानून की नजर में उचित नहीं ठहराया जा सकता। न्यायालय ने टिप्पणी की कि इस प्रकार के आरोप संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 में निहित समानता, गरिमा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के सिद्धांतों के विपरीत हैं तथा अंतरात्मा को झकझोरने वाले हैं। एफआईआर के अनुसार, पीड़िता का निकाह वर्ष 2015 में मात्र 15 वर्ष की आयु में कराया गया था। वर्ष 2016 में पति द्वारा तीन तलाक दिए जाने के बाद दोबारा विवाह का झांसा देकर कथित तौर पर उसे जबरन निकाह हलाला के लिए मजबूर किया गया। इसके बाद वर्ष 2017 में उसका पुनः निकाह हुआ।

आरोप है कि वर्ष 2021 में पति ने दूसरी शादी करने के बाद पीड़िता को तलाक दे दिया। बाद में संतान न होने पर तीसरी बार विवाह का झांसा देकर उसे धमकाया गया और 19 फरवरी 2025 को हलाला के नाम पर अपने दो भाइयों के माध्यम से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कराया गया। इस मामले में कुल नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है। हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी निष्पक्ष और विस्तृत आपराधिक जांच आवश्यक है तथा इस स्तर पर न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बिहरोजपुर गंगा घाट पर अवैध बालू खनन का भंडाफोड़, सात पर मुकदमा

**गोपीगंज।** बिहरोजपुर गंगा घाट पर अवैध बालू खनन व परिवहन के मामले में गोपीगंज पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। छापेमारी के दौरान बालू लदे दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़े गए, जबकि एक चालक मौके से फरार हो गया। खान निरीक्षक की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में जय देवी, राजन कुमार, गोलू, राकेश, अरविंद कुमार, शशिकांत तथा धीरज निशाद को नामजद किया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

### हैंडपंप पर पानी भरते समय सर्प ने महिला को काटा

**कोंच (जालौन)-** घर के बाहर लगे हैंडपंप से पानी भर रही एक बुजुर्ग महिला को सर्प ने काट लिया। उपचार के लिए महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला जवाहर नगर कोंच निवासी जुवैदा (64) पत्नी इस्माइल शुक्रवार की दोपहर अपने घर के बाहर लगे हैंडपंप से पानी भर रही थी। इसी दौरान अचानक वहां निकले एक सर्प ने उसके हांथ में काट लिया। सांप के काटते ही महिला की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने समय गंवाए बगैर तत्काल ही जुवैदा को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। फिलहाल महिला की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### जेवर नगदी सहित नाबालिग किशोरी को ले भागे दो युवक

**कोंच(जालौन)-** नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने पर पिता ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। कस्बा कोंच निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 2 जुलाई को उसकी नाबालिग बेटी को एक गांव निवासी दो युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गए। बेटी घर में रखे सोने चांदी के तमाम जेवर और करीब 62 हजार रुपए नगदी सहित जरूरी कागजात भी उठाकर साथ ले गई है। उक्त दोनों युवकों के परिजनों को बताया तो परिजन गाली गलौच करने पर आमादा हैं। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसने सभी जगह बेटी की तलाश ली लेकिन उसका अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका है। अनहोनी की आशंका जताते हुए उसने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

## सूचना निदेशक विशाल सिंह ने पत्रकारों के हित में उठाया अहम कदम

● आयुष्मान कार्ड बनवाना हुआ आसान, पत्रकारों के लिए जल्द शुरू होगा विशेष ऑनलाइन पोर्टल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए सूचना विभाग ने आयुष्मान कार्ड से जुड़ी प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बंधुओं को आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए गए हैं तथा शीघ्र ही उनके लिए एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन पत्रकारों ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया था, लेकिन किसी कारणवश उनका कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है, वे beneficiary.nha.gov.in पोर्टल पर अपने आवेदन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। यदि पोर्टल पर उनका नाम प्रदर्शित होता है और किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता होती है, तो संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक सुधार कराया जा सकता है।




सूचना निदेशक ने कहा कि जिन पत्रकारों ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन नहीं किया है अथवा आवेदन करने के बावजूद उनका कार्ड नहीं बन पाया है, उनकी सुविधा के लिए सूचना विभाग शीघ्र ही एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल शुरू करेगा। इस पोर्टल के माध्यम से पत्रकार अपने जनपद के जिला सूचना कार्यालय के अधिकारियों की सहायता से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल के प्रारंभ होने की सूचना सभी संबंधित पत्रकारों को समय से उपलब्ध करा दी जाएगी। इस पहल का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति (पुनर्गठित) के संयोजक प्रभात त्रिपाठी ने सूचना निदेशक विशाल सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए सूचना विभाग लगातार सकारात्मक और प्रभावी प्रयास कर रहा है। उनके अनुसार, विशाल सिंह के नेतृत्व में विभाग की कार्यशैली अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और पत्रकार हितैषी बनी है।

प्रभात त्रिपाठी ने कहा कि सूचना निदेशक के रूप में अपने लगभग एक वर्ष के कार्यकाल में विशाल सिंह ने पत्रकार कल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिनका लाभ प्रदेशभर के पत्रकारों को मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद आयुष्मान कार्ड से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान होगा तथा पत्रकारों को सरकारी सुविधाओं का लाभ अधिक सरलता से प्राप्त हो सकेगा।

### बाराबंकी का नियामतपुर वन क्षेत्र बनेगा ईको टूरिज्म हब, जंगलों के बीच पर्यटक लेंगे 'नेचर ट्रेल' का मजा

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग राजधानी लखनऊ से 45 किलोमीटर की दूर बाराबंकी में नियामतपुर वन क्षेत्र को प्राकृतिक पर्यटन (ईको टूरिज्म) हब के रूप में विकसित करने में जुटा है। परियोजना का काम 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसमें पर्यटकों के लिए दो किलोमीटर लंबी नेचर ट्रेल विकसित की गई है, जहां प्रकृति प्रेमी घने वन क्षेत्र के बीच पैदल भ्रमण करते हुए समृद्ध जैव विविधता, विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधों, पक्षियों और प्राकृतिक सौंदर्य का करीब से अनुभव कर सकेंगे। विभाग अगले पर्यटन सत्र में इसे पर्यटकों के लिए खोलने की रूपरेखा बना रहा है। परियोजना में 52.50 लाख रुपये की लागत से आधुनिक हाट, स्वच्छ शौचालय, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, भव्य मुख्य प्रवेश द्वार और नाले पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है। पूरे क्षेत्र में साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जिन पर वन क्षेत्र में पाई जाने वाली विभिन्न पेड़-पौधों की प्रजातियों, उनकी विशेषताओं और पारिस्थितिकी में उनकी भूमिका की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। इससे पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के साथ जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी समझ सकेंगे।

## कैंसर के खिलाफ यूपी की बड़ी जंग, योगी सरकार ने तैयार किया 10 साल का रोडमैप; हर मंडल में बनेगा आधुनिक सेंटर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को पूरी तरह हाईटेक और समयबद्ध बनाने के लिए एक बड़ा विजन पेश किया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर जिले तक कैंसर के इलाज की सुविधाएं विकसित करने और सड़क हादसों में घायल लोगों को 'गोल्डन ऑवर' (हादसे के बाद का पहला एक घंटा) के भीतर जीवनरक्षक इलाज देने के लिए प्रदेशव्यापी 'एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क' स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने स्पष्ट कहा कि राज्य की चिकित्सा प्रणाली को त्वरित उपचार, आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों और मजबूत रेफरल सिस्टम पर आधारित किया जाए, ताकि किसी भी नागरिक को इलाज के लिए भटकना न पड़े।

**कैंसर के खिलाफ 10 साल का महा-रोडमैप**

शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों के साथ हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने 'उत्तर प्रदेश राज्य कैंसर टास्क फोर्स' की कार्ययोजना की समीक्षा की। बढ़ती जनसंख्या और जागरूकता की कमी के कारण कैंसर की चुनौती से निपटने के लिए सरकार ने वर्ष 2026 से 2036 तक का 10 वर्षीय राज्य कैंसर रोडमैप तैयार किया है।



यह मिशन मुख्य रूप से आठ स्तंभों पर काम करेगा, जिसमें रोकथाम, स्क्रीनिंग, डिजिटल रजिस्ट्री, ऑन्कोलॉजी रिसर्च और बच्चों के कैंसर (बाल्यावस्था कैंसर) के लिए सभी प्रमुख केंद्रों पर समग्र उपचार की सुविधाएं शामिल हैं।

**हर मंडल में आधुनिक कैंसर केंद्र और डिजिटल ट्रैकिंग**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी मंडलों में आधुनिक कैंसर केंद्र स्थापित किए जाएं और जिला स्तर तक जांच सुविधाएं बढ़ाई जाएं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (PHCs) से लेकर जिला अस्पतालों तक नियमित स्क्रीनिंग होगी। मरीजों की पहचान से लेकर उनके इलाज और फॉलोअप की पूरी कमान एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के हाथ में होगी। तंबाकू जनित कैंसर को रोकने के लिए स्वास्थ्य और आयुष विभाग मिलकर जागरूकता, खानपान और सुचारू जीवन पद्धति पर केंद्रित राज्यव्यापी अभियान चलाएंगे।

## युवा और महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर, डिप्टी सीएम ने स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पात्र युवाओं व महिलाओं की पहचान कर उनको प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। लाभार्थियों की रुचि व स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने प्रशिक्षण के बाद ऋण उपलब्ध कराने के लिए अभ्यर्थियों का बैंकों से प्रभावी समन्वय स्थापित कराने के भी निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को ग्राम्य विकास विभाग की बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम में तकनीकी कौशल के साथ-साथ साफ्ट स्किल, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता विकास तथा विपणन संबंधी प्रशिक्षण को भी अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह अभियान मिशन मोड में संचालित किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत कृषि क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन,



मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, बागवानी, रेशम उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मत्स्य पालन आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उत्पाद श्रेणी में ड्रेस डिजाइनिंग, अगरबत्ती, फुटबाल, बैग, बेकरी उत्पाद, पत्तों से बने पर्यावरण अनुकूल कप-प्लेट आदि लघु उद्योगों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इनके अलावा दोपहिया वाहनों की मरम्मत, रेडियो व टेलीविजन की मरम्मत, मोटर रिवाइंडिंग, विद्युत ट्रांसफार्मर की मरम्मत, सिंचाई पंपसेट की मरम्मत, ट्रैक्टर की मरम्मत, मोबाइल फोन मरम्मत, ब्यूटीशियन कोर्स, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, स्क्रीन प्रिंटिंग, घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत, कंप्यूटर हार्डवेयर, डीटीपी जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण शामिल हैं।

### सोलर आवर्स में गाड़ी चार्ज करना हुआ सस्ता, योगी सरकार ने सुबह 9 से शाम 4 बजे तक टैरिफ में दी 20 फीसदी की राहत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बिजली उत्पादन, आपूर्ति और उपभोक्ता राहत के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में बिजली दरें देश की सबसे न्यूनतम दरों में हैं, जबकि बिजली आपूर्ति देश की सर्वाधिक एवं सबसे बेहतर श्रेणी में है। इसके साथ ही योगी सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को बढ़ावा देने और हरित ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने और दिन के समय उपलब्ध सस्ती सौर ऊर्जा के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित सोलर आवर्स में 20 प्रतिशत टैरिफ छूट की व्यवस्था लागू की है। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि इससे न केवल ईवी चार्जिंग को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग को भी प्रोत्साहन मिलेगा जोकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## राम मंदिर ही नहीं अजमेर शरीफ दरगाह में भी हुई है दान चोरी, मौलाना ने वक्फ पर भी लगाया बड़ा आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अयोध्या के राम मंदिर में कथित गबन की जांच के बीच अब मुस्लिम धार्मिक संस्थानों के फंड को लेकर नया मामला सामने आया है। 'भारतीय समाज सेवक संगठन' के अध्यक्ष और चीफ मुफ्ती मौलाना चौधरी इफराहीम हुसैन ने बड़ा दावा किया है। उनके मुताबिक, मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों में मिलने वाले जकात और वक्फ के दान का रुपया बड़े पैमाने पर गलत इस्तेमाल हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर राम मंदिर मामले की जांच हो सकती है। तो फिर मुस्लिम धार्मिक संस्थानों के फंड की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मौलाना चौधरी इफराहीम हुसैन ने कहा कि हाजी अली दरगाह, अजमेर शरीफ दरगाह सहित कई मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों में जकात के पैसे का गलत इस्तेमाल हुआ है। उन्होंने दावा किया कि करीब 40 हजार करोड़ रुपये का जकात फंड अपने असली मकसद तक नहीं पहुंचा। उनका कहना है कि यह पैसा गरीब और जरूरतमंद



मुसलमानों की शिक्षा, इलाज और विकास पर खर्च होना चाहिए था। लेकिन इसका इस्तेमाल निजी संपत्ति बनाने में किया गया। इसी वजह से समाज का गरीब वर्ग लगातार पिछड़ता गया और उसे योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका।

मौलाना ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राम मंदिर मामले में एसआईटी जांच के आदेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह जकात और वक्फ फंड की भी जांच कराई जानी चाहिए। उनका मानना है कि धार्मिक दान जनता की आस्था से जुड़ा होता है। इसलिए उसके उपयोग में पूरी पारदर्शिता जरूरी है। इधर, राम मंदिर में कथित गबन की जांच भी जारी है। जांच से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, रिकॉर्ड में 79.85 लाख रुपये की चोरी दर्ज की गई है। वहीं जांच के दौरान कुछ लोगों से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने की भी जानकारी सामने आई है। सार्वजनिक दस्तावेजों के मुताबिक लवकुश, अनुकल्प मिश्रा और राम शंकर यादव उर्फ टीनू यादव का नाम भी जांच में सामने आया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है और अंतिम सच्चाई जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### लंबित वादों के निस्तारण में एडीएम न्यायालय को प्रदेश में आठवां स्थान

#### कलेक्ट्रेट में डीएम ने एडीएम न्यायिक को किया सम्मानित



**अम्बेडकरनगर।** राजस्व वादों के निस्तारण में एडीएम न्यायिक न्यायालय को प्रदेश में आठवां स्थान मिला है। शासन की तरफ से शुक्रवार को सभी जनपदों की रैंकिंग सूची जारी की गई। इस उपलब्धि के लिए डीएम ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट में एडीएम रंजीत सिंह को सम्मानित किया मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रणाली (RCCMS) पोर्टल पर राजस्व वादों के निस्तारण के प्रगति की बीते दिनों समीक्षा की। 1 मई से 1 जून 2026 के बीच अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने लंबित वादों की सुनवाई करते हुए निस्तारण किया। जिससे एक माह के अंदर लंबित वादों की संख्या में तेजी से कमी आई। एटीएम न्यायिक के सराहनीय प्रयास के चलते न्यायालय को प्रदेश की टॉप टेन सूची में जगह मिली। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने अपर जिलाधिकारी न्यायिक के कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित भी किया। कहा कि आगे भी इसी तरह वादों का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिससे पीड़ितों को तेजी के साथ न्याय मिल सके। अन्य न्यायालयों को भी इससे प्रेरित होकर तेजी के साथ काम करने की सलाह दी।

### 301 गौरा में गौरा चौकी में सपा नेता हफीज मलिक ने बच्चों के साथ मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**मनकापुर (गोंडा):** सात दिवसीय सेवा एवं सुशासन कार्यक्रम के क्रम में 301 गौरा विधानसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हफीज मलिक ने गौरा चौकी स्थित ए.एस. पब्लिक स्कूल में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम के दौरान हफीज मलिक ने स्कूल के बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री एवं चॉकलेट वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर हफीज मलिक ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षा, सेवा और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देती रही है। बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन के लिए हफीज मलिक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रतिभा यादव महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष,सफीउल्लाह, अली हसन, प्रबंधक नूर, प्रिंसपल आँचल सोनी,शिक्षकगण, समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता, अभिभावक एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सरयू किनारे अवैध शराब के ठिकाने पर छावनी पुलिस का बड़ा छापा 220 क्विंटल लहन नष्ट



**बस्ती।** बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के सर्दी में बीके किनारे बना रहे हैं बन रहे गए शराब पर थाना अध्यक्ष राणा देवेंद्र सिंह ने छापा मारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छावनी पुलिस ने सरयू नदी किनारे सीतारामपुर मांझा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बनाने के ठिकाने का भंडाफोड़ पुलिस के अनुसार पुलिस के पहुंचते ही तस्कर मौके से फरार अभियुक्त की तलाश जारी कभी भी हो सकती है गिरफ्तारीछापेमारी में 120 लीटर अवैध कच्ची शराब 220 क्विंटल लहन यूरिया नौसादर शराब बनाने के उपकरण ड्रम और एक मोटरसाइकिल बरामद की मौके पर चल रही भट्ठी को ध्वस्त कर लहन को नष्ट करते हुए पुलिस करना डालकर कुंतल ल ह न बरामद किया पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक राणा देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में मुख्य आरोपी मारकण्डे निषाद समेत 10 अन्य के खिलाफ आबकारी अधिनियम व बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश. की जा रही है शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

# छेड़खानी का विरोध करना परिजनो को महंगा आरोपियों द्वारा पूर्व परिवार के साथ की मारपीट

● योगीराज में नहीं सुरक्षित है लड़कियांबदमाशों में नहीं है पुलिस का खौफ दे रहे हैं पुलिस नहीं कर पा रहीघटनाओं पर काबू अपराधियों के हौसले बुलंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी तथा उलाहना देने पर परिजनों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है मामले में पीड़िता तथा उसके परिजनों ने आरोपियों पर स्थानीय थाने पर कार्यवाही न होने पर क्षुब्ध होकर पुलिस अधीक्षक बस्ती से मिलकर प्रार्थना पत्र देखकर कार्यवाही की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में पीड़िता ने बताया है कि 25 जून को शाम 7:00 बजे उसकी लड़की जिसकी उम्र 13 साल है सामान लेने के लिए दुकान पर जा रही थी घर से थोड़ी दूर पर पहुंची थी कि उसी समय गांव के मनीष पुत्र रामकृष्ण सोनू पुत्र रामकृष्ण रामकृष्ण का रिश्तेदार समर पुत्र अज्ञात द्वारा बदनियति से उसकी लड़की के साथ छेड़खानी करने लगे और उसकी लड़की का शर्ट खींच कर फाड़ दिया। जब उसकी लड़की ने शोर मचाया तो उसका लड़का तथा देवर मौके पर पहुंचकर बी बचाव करने का प्रयास करने लगे इस पर उपरोक्त लोगों ने तीनों को गंदी गंदी गाली देते हुए लोहे की राड व कील लगे डंडे से पीटना शुरु कर दिया जिसे उसकी लड़की की बाएं हाथ की उंगली टूट गई तथा लड़के व देवर को प्राण घातक चोटें आई । थाने पर जाते समय लोग धमकी देने लगे कि अगर थाने पर गई तो जान से मार दूंगा दुबौलिया थाने पर जाने पर पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपियों द्वारा उन्हें तथा उनके परिवार को लगातार घर आने पर जान से मार डालने की धमकी दी जा रही है जिसके वह काफी भयभीत हैं और घटना के बाद से वह लोग से अपने घर नहीं जा सके हैं पूरे परिवार में डर का माहौल होने के कारणरिश्तेदारी में रह रहे हैं।

## बीगार्ड कंपनी के टेक्नीशियन के साथ युवक ने की मारपीट

**कोंच (जालौन)-** ऑनलाइन की गई शिकायत पर कंपनी की तरफ से कूलर सुधारने आए टेक्नीशियन के साथ ग्राहक द्वारा मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित टेक्नीशियन ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कस्बा जालौन के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी अमरदीप पुत्र सतीश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह बीगार्ड कंपनी में टेक्नीशियन है। कंपनी के एक कूलर को सुधारने के लिए नदीगांव रोड कोंच निवासी एक व्यक्ति ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे वह ऑनलाइन शिकायत पर कूलर सुधारने आया हुआ था। उसने कूलर सुधार दिया और कूलर चलने लगा, फिर भी उक्त व्यक्ति कूलर सही से न चलने की बात कहकर गाली गलौच करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो उसने उसके साथ मारपीट कर दी। मामले को लेकर पीड़ित टेक्नीशियन ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच जुटी है।

## अतिरिक्त जिम्मेदारी पर भड़के पंचायत सहायक, सौंपा ज्ञापन

● बोले पशुधन प्रसार से जोड़ा गया, तो प्रभावित होगा मूल तैनाती का कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** विकास खंड कार्यालय कटेहरी पहुंच कर शुक्रवार को पंचायत सहायकों ने राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन के तहत दी जा रही अतिरिक्त जिम्मेदारी के विरोध में ज्ञापन सौंपा। कहा कि पहले से ही ग्राम पंचायत से जुड़े कई कार्यों की जिम्मेदारी उनके ऊपर है। ऐसे में वे लोग अतिरिक्त कार्य कर पाने में असमर्थ हैं। जिलाध्यक्ष रविशंकर यादव ने बताया कि एनडीएलएम अधिकारी नियमित सरकारी कर्मचारी को नामित करने का प्रावधान है। इसके बावजूद पंचायत सहायकों को यह जिम्मेदारी दी जा रही है। पंचायत भवन पर उन्हें रहकर कंप्यूटर से जुड़े कार्यों को करने के साथ विकास कार्यों में भागीदारी निभाना है। उनके पास पहले से ही कई कार्यों की बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे में अब उन्हें पशुधन प्रसार, पशुओं के टीकाकरण, टैगिंग और गौशाला के कार्यों से जोड़ा जाना उचित नहीं है। इससे उनका मूल कार्य प्रभावित होगा। जिससे न सिर्फ आम लोगों को मुश्किलें होंगी, बल्कि विकास कार्यों में भी कई तरह की दिक्कत आएगी। ऐसे में अधिकारियों को इस पर गंभीरता से विचार करते हुए पंचायत सहायकों को एनडीएलएम की जिम्मेदारी से मुक्त रखना चाहिए।

ज्ञापन सौपने के बाद इस संबंध में पंचायत सहायकों ने एडीओ पंचायत दुर्गा प्रसाद पांडेय के साथ बैठक भी की। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अमित गौड़, उपाध्यक्ष सूची गौतम, महामंत्री अरविंद कुमार, कोषाध्यक्ष शबनम, मीडिया प्रभारी महिमा सिंह, सचिव मोहम्मद सुल्तान, उप सचिव मयंक यादव, रोली सिंह, प्रीति, सुषमा, अर्चना गौड़, सोनी यादव, आराधना व अभिषेक श्रीवास्तव आदि पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# यक्ष ऐप आधारित 'चीता दस्ता' का गठन, अपराधियों पर रहेगी पैनी नजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुलतानपुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए शुरू की विशेष निगरानी व्यवस्था

**सुलतानपुर।** अपराधियों के सत्यापन और उनकी गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के उद्देश्य से सुलतानपुर पुलिस ने 'यक्ष ऐप (YAKSH App)' आधारित विशेष 'चीता दस्ता' का गठन किया है। यह पहल उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कृष्ण के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शुरू की गई है। अभियान का उद्देश्य अपराधियों की अद्यतन जानकारी एकत्र कर अपराध एवं कानून-व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने चीता दस्ता में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान की कार्यप्रणाली, अपराधियों के भौतिक सत्यापन, यक्ष ऐप पर गुणवत्तापूर्ण डाटा फीडिंग तथा सूचनाओं के नियमित अद्यतन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक श्रीमती चारु निगम ने सभी टीमों को हरी झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के लिए रवाना किया। पुलिस के अनुसार, चीता दस्ता यक्ष ऐप पर दर्ज अपराधियों का



भौतिक सत्यापन करेगा, उनकी वर्तमान गतिविधियों पर लगातार नजर रखेगा, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधों की रोकथाम के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। यह विशेष दस्ता संबंधित क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में कार्य करेगा। लूट, चोरी, नकबजनी तथा अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटनाओं की सूचना मिलने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करेगी। सुलतानपुर पुलिस का कहना है कि तकनीक आधारित निगरानी, अपराधियों के नियमित सत्यापन और त्वरित पुलिस कार्रवाई के माध्यम से जनपद में अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

## थाना मुण्डेरवा पुलिस द्वारा 06 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना मुण्डेरवा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 177/2026 धारा 65(2) बीएनएस व 5द्व/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शहजाद अहमद पुत्र मुमताज अली सा0 मनिकौरा खुर्द थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती को बहद ग्राम परसवा व मेढ़ा मंझारी के मध्य से आज दिनांक 03.07.2026 को समय करीब 11.44 बजे गिरफ्तार किया गया है । नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिसथानाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार सिंह थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती।

2. व0उ0नि0 अमरनाथ यादव थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती।

3. हे0का0 देवानान्द यादव थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती।

4. रि0का0 मुदित मिश्रा थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती।

## महुआ डाबर नरसंहारः 1857 की सबसे बड़ी कुर्बानी को दिलाने की मांग, शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के बहादुरपुर ब्लॉक स्थित ऐतिहासिक मनोरमा नदी तट पर 3 जुलाई को 'महुआ डाबर नरसंहार स्मृति दिवस' के अवसर पर महुआ डाबर संग्रहालय की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के उन हजारों अमर बलिदानियों को नमन किया जाएगा, जिन्होंने 3 जुलाई 1857 को अंग्रेजी हुकूमत के दमन का सामना करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। महुआ डाबर संग्रहालय के निदेशक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि 3 जुलाई 1857 भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का एक अत्यंत पीड़ादायक और महत्वपूर्ण दिन है। अंग्रेजी सेना ने महुआ डाबर गांव को तीन ओर से घेरकर हजारों निर्दोष ग्रामीणों का निर्मम नरसंहार किया और इसके बाद पूरे गांव को आग के हवाले कर उसे सरकारी अभिलेखों में 'गैरचिरागी' घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना 1857 की क्रांति के सबसे बड़े जनसंहारों में से एक है, लेकिन इसे इतिहास में वह स्थान नहीं मिला जिसकी यह हकदार है।

डॉ. राना ने कहा कि महुआ डाबर के शहीदों का बलिदान राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि ब्रिटेन सरकार इस ऐतिहासिक जनसंहार के लिए औपचारिक माफी मांगे तथा रॉयल ट्रेजरी में सुरक्षित भारत की ऐतिहासिक धरोहर और लूटी गई सामग्री वापस करे। उन्होंने यह भी मांग उठाई कि 1857 में अंग्रेजों का साथ देने वाले गद्दारों की संपत्तियों को 'शत्रु सम्पत्ति अधिनियम' की तर्ज पर जब्त करने के लिए केंद्र सरकार आवश्यक कदम उठाए। साथ ही महुआ डाबर के हजारों शहीदों की स्मृति में एक भव्य 'शहादत कॉरिडोर' विकसित कर इसे पर्यटन, शोध और रोजगार से जोड़ा जाए, ताकि यह स्थल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त कर सके। उन्होंने केंद्र सरकार से संसद में विशेष विधेयक लाकर 1857 के शहीद परिवारों के सम्मान, संरक्षण और पुनर्वास के लिए विशेष कानून बनाने की मांग की। साथ ही यूपी बोर्ड और एनसीईआरटी की इतिहास पुस्तकों में 'महुआ डाबर नरसंहार' को शामिल करने तथा 3 जुलाई को 'महुआ डाबर बलिदान दिवस' के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर घोषित कर प्रतिवर्ष मनाने की अपील की।

डॉ. राना ने कहा कि महुआ डाबर केवल एक गांव नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता



संग्राम की सबसे बड़ी कुर्बानियों का प्रतीक है। यदि यहां शहादत कॉरिडोर और विश्वस्तरीय स्मारक का निर्माण होता है, तो यह नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति, बलिदान और स्वाभिमान की प्रेरणा देने वाला ऐतिहासिक केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि महुआ डाबर संग्रहालय के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप इस ऐतिहासिक स्थल को उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के 'स्वतंत्रता संग्राम सर्किट' में शामिल किया गया है। राज्य सरकार द्वारा यहां लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में भव्य एवं जीवंत स्मारक विकसित करने की घोषणा भी की गई थी, किंतु अब तक कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतर सकी ह स्मृति दिवस कार्यक्रम में इतिहासकार, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल होकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट, मंडलायुक्त

● डीआईजी, डीएम व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती। उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री के जनपद बस्ती में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से शुक्रवार को मंडलायुक्त बस्ती मंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक(डीआईजी) बस्ती परिक्षेत्र, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, वीआईपी आगमन मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेडिंग, हेलीपैड, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। मंडलायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम से जुड़े प्रत्येक विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन सुनिश्चित करें। वहीं पुलिस उप महानिरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था,



यातायात संचालन, भीड़ प्रबंधन तथा कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना के अनुसार सभी अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को सतर्क एवं मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुधार कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां युद्धस्तर पर कराई जा रही हैं।

# 184 विधानसभा जगदीशपुर में जनसरोकारों से जुड़ रहे युवा भाजपा नेता रोहित पासी

● शोक संतप्त परिवारों से मिलकर बंधाया ढांढस, हर संभव मदद का दिलाया भरोसा

**अमेठी।** 184 विधानसभा जगदीशपुर क्षेत्र में युवा भाजपा नेता रोहित पासी लगातार लोगों के सुख-दुख में शामिल होकर जनसरोकारों से जुड़ी राजनीति का संदेश दे रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने विभिन्न गांवों में पहुंचकर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की तथा उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।युवा भाजपा नेता रोहित पासी सबसे पहले पूरे मियां हसवां सुंरवन गांव पहुंचे, जहां उन्होंने ओमप्रकाश पासी के यहां परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद वह वल्लीपुर दक्खिन गांव पहुंचे और रामचरन पाल के यहां परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। वहीं पूरे चरन मिश्र हरगांव में दयाराम पाल के यहां पहुंचकर भी उन्होंने परिवारजनों को सांत्वना दी और दुख की इस घड़ी में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।इसके अतिरिक्त छोटी गद्दी हरगांव में महंत हनुमान प्रसाद पांडे के यहां पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शुकुल बाजार कस्बे में जगदीश गुप्ता के? यहां परिवार से



मिलकर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने रोहित पासी के इस मानवीय व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि वह हमेशा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं और दुख-दर्द को समझने का प्रयास करते हैं। वहीं दिछौली गांव में हाल ही में अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर रोहित पासी ने पीड़ितों का हालचाल जाना। उन्होंने प्रभावित परिवारों को यथासंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हुए प्रशासन स्तर पर भी मदद दिलाने की बात कही। इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि विपत्ति के समय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का इस प्रकार साथ खड़ा होना पीड़ित परिवारों के लिए बड़ी राहत देता है। इस दौरान गिरीश पांडे उर्फ बिल्लू पांडे भी मौजूद रहे।

## साधन सहकारी समिति भवन से टाइल्स उखाड़ ले गए चोर



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के सेमरपहा गांव स्थित साधन सहकारी समिति भवन में चोर भवन की फर्श पर लगी टाइल्स उखाड़कर ले गए। जो टाइल्स नहीं उखाड़ सके, उन्हें तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। समिति के सचिव बसंतपुर कठोइया गांव निवासी धीरेंद्र सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि हाल ही में भवन की मरम्मत कराई गई थी। इसी दौरान फर्श पर नई टाइल्स लगाई गई थीं। अज्ञात चोर रात में पहुंचे और बरामदे की कई टाइल्स उखाड़कर चोरी कर ले गए। घटना से भवन को नुकसान पहुंचा है। सचिव ने दोषियों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि टाइल्स चोरी नहीं हुई है। वहीं पर टूटी पड़ी है। किसने तोड़ा इसकी जांच कराई जाएगी।

# नशे में बेकाबू बेटे का तांडव बना मौत की वजह, पिता पर हमला करने के बाद युवक की गई जान

**बस्ती।** बस्ती के कलवारी थाना क्षेत्र के बैजलपुर गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां नशे की हालत में एक युवक ने अपने ही पिता पर हमला करने का प्रयास किया। भयभीत पिता ने अपनी जान बचाने के लिए तत्काल डायल 112 पुलिस से सहायता मांगी। सूचना मिलते ही पीआरवी मौके के लिए रवाना हुई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही घटनाक्रम ने दुखद मोड़ ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बैजलपुर निवासी लगभग 20 वर्षीय मनीष चौरसिया नशे की हालत में अपने पिता को दौड़ाकर मारने की कोशिश कर रहा था। उसके पिता ने मामले में 112 को सूचना दी, डायल 112 की सूचना मिलते ही जैसे ही पीआरवी मौके पर पहुंची, पुलिस को देखते ही युवक वहां से भागनें लगा । भागने के दौरान वह गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। घटना की जानकारी पर कलवारी पुलिस भी मौके के लिए रवाना हुई, लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही परिजन और स्थानीय लोग घायल युवक को एंबुलेंस के माध्यम से कलवारी अस्पताल ले गए जहां से मलहम पट्टी के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के




बाद पूरे गांव में शोक और चर्चा का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक लंबे समय से नशे की लत का शिकार था, जिससे परिवार भी काफी परेशान रहता था, और इस कारण कई बार वह घर में बवाल कर चुका था, इसके कारण पहले भी घरवालों द्वारा कई बार पुलिस को बुलाया जा चुका था। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और उसके दुष्परिणामों को उजागर कर दिया है। वही एक वीडियो सामने आया है जिसमें मृतक की मां द्वारा 112 के पुलिस कर्मचारियों पर करने का आरोप लगाया जा रहा है। मामले में क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी का कहना है कि फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

## स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ




**सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को सोहास खास स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ ग्राम प्रधान श्रीश प्रताप यादव ने हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। श्रीश प्रताप यादव ने कहा कि स्कूल चलो अभियान एक जागरूक करने का काम किया जा रहा है। हर एक छात्र- छात्राओं को शिक्षा की अति आवश्यक है। इन्होंने ने अपील भी किया कि हर एक माता पिता से अनुरोध है कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और स्कूल जरूर पढ़ने के लिए भेजें। इस अवसर पर शिक्षक भी मौजूद रहे।

# सुल्तानपुर पुलिस की मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी समेत चार शातिर चोर गिरफ्तार

● तीन बदमाश घायल, 11 लाख नकद, जीप कंपास, ज्वेलरी और अवैध असलहे बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद में चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत थाना जयसिंहपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुरुवार देर रात हुई मुठभेड़ में सीतापुर के ?50 हजार के इनामी बदमाश समेत चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, 2/3 जुलाई की रात करीब तीन बजे पीढ़ी टोल प्लाजा के पास नियमित चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति जीप कंपास से क्षेत्र में घूम रहे हैं और चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश बैरियर तोड़कर भाग निकले। पीछा किए जाने पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तीन बदमाश घायल हो गए और चारों को गिरफ्तार कर लिया गया।



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिकेत चौहान निवासी नरेंद्रपुर, थाना सदरपुर (सीतापुर), आकाश निवासी बीबीपुर, थाना इमलिया सुल्तानपुर (सीतापुर), मिथलेश चौहान निवासी मथुआपुर, थाना रेउसा (सीतापुर) तथा अजय निवासी बीबीपुर इमलिया (सीतापुर) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक अनिकेत चौहान पर लगभग 52 मुकदमे दर्ज हैं और वह ?50 हजार का इनामी अपराधी है। आकाश पर 46, मिथलेश चौहान पर 26 तथा अजय पर 22 आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन देसी तमंचे, 22 जिंदा कारतूस, लगभग ?11 लाख नकद, एक जीप कंपास और बड़ी मात्रा में चोरी के जेवरात बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से सुल्तानपुर सहित आसपास के कई जनपदों में चोरी और नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। घटना वाली रात भी वे चोरी की योजना बनाकर क्षेत्र में पहुंचे थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते गिरफ्तार हो गए। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही उनके अन्य आपराधिक नेटवर्क और चोरी की घटनाओं में संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

# संपादकीय



## जापान की पीएम भारत आईं तो एशिया का समीकरण बदला

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

जापान की पीएम सनाए तकाइची दिल्ली में गुरुवार को आयोजित भारत-जापान 16वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आईं। सवाल यह है कि भारत और जापान के रिश्ते कैसे हैं। तो इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जापान अगले दस सालों में भारत में करीब छै लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा साथ ही देश में जापानी कंपनियों की संख्या दुगुनी होगी। भारत में जापानी कंपनियों के माल को खूब पसंद किया जाता है। जापानी टैक्नोलॉजी है ही ऐसी कि उनका सामना भरोसेमंद माना जाता है। दिल्ली में गुरुवार को आयोजित शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान की सनाए तकाइची ने 129 करार पर हस्ताक्षर किए। एशिया की दो सबसे पुरानी सभ्यताएं, दो लोकतंत्र और दो टेक्नोलॉजी पावर। जब जापान के प्रधानमंत्री भारत की धरती पर उतरते हैं, तो ये सिर्फ एक कूटनीतिक दौरा नहीं होता। ये इंडो-पैसिफिक के पावर बैलेंस की तस्वीर होती है।

भारत-जापान संबंध अब 'मित्रता' से आगे बढ़कर 'रणनीतिक जरूरत' बन चुके हैं। रिश्तों की नींवः बुद्ध से बुलेट ट्रेन तक- भारत-जापान का रिश्ता 1952 से है, पर इसकी जड़ें 1400 साल पुरानी हैं। जापान में बौद्ध धर्म भारत से ही गया।1958 तात्सुनो केस- जापान ने भारत को युद्ध के बाद पहली बार ODA यानी सरकारी सहायता दी। 2024: भारत जापान का सबसे बड़ा ODA प्राप्तकर्ता है। 40 साल में 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद मिली है।

**बुलेट ट्रेनः** मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, जापान की शिंकानसेन टेक्नोलॉजी से। 508 किमी, 320 किमी/घंटा की रफ्तार। ये सिर्फ ट्रेन नहीं, 'भरोसे का प्रोजेक्ट' है। जापान भारत को 'भरोसेमंद दोस्त' मानता है, क्योंकि भारत ने 1949 में जापान के खिलाफ युद्ध अपराध का मुकदमा वापस लेकर उसे फिर से खड़े होने में मदद की थी। आज के दौरे का एजेंडा- क्वाड + इंडो-पैसिफिक सुरक्षा- चीन का बढ़ता दबदबा दोनों के लिए चिंता है। जापान और भारत क्वाड के सदस्य हैं। मिलिट्री एक्सरसाइज 'धर्म गार्डियन', नौसेना अभ्यास 'मालाबार' इसी का हिस्सा हैं। जापान भारत को US-2 उभयचर विमान और रक्षा टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर बात कर रहा है। मकसदः 'एक आजाद, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक। आर्थिक साझेदारी- 'मेक इन इंडिया' को जापानी पावर- जापान भारत में 5वें सबसे बड़े निवेशक हैं। होंडा, सुजुकी, सोनी, तोशिबा, मित्सुबिशी पहले से हैं। नया फोकसः सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन एनर्जी, स्टार्टअप। जापान ने अगले 10 साल में भारत में 10 लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य रखा है। गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट इसी का उदाहरण है। टेक्नोलॉजी और स्किल-

जापान को 2030 तक 80 लाख कुशल वर्कर्स की जरूरत है। भारत की युवा आबादी वहां समाधान है। 'टाइटल स्किल वीजा' और 'स्पेसिफाइड स्किल वर्कर' समझौते से लाखों भारतीय जापान में नौकरी करेंगे। बदले में जापान रोबोटिक्स, AI, 6G, बुलेट ट्रेन देगा। कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर- नॉर्थ-ईस्ट कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, मेट्रो प्रोजेक्ट- सब में जापानी पैसा और क्वालिटी। जापान का मॉडलः 'कर्ज नहीं, क्वालिटी इंफ्रा। सांस्कृतिक और पीपल-टू-पीपल- एनीमे से योग तक। जापानी छात्र वाराणसी पढ़ने आते हैं, भारतीय छात्र टोक्यो में AI सीखते हैं। ये 'सॉफ्ट पावर' रिश्ते को लंबे समय तक जिंदा रखता है।

रिश्ते में चुनौती क्या है? जापानी कंपनियां नियम, जमीन अधिग्रहण और लालफीताशाही से परेशान होती हैं। बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट भी जमीन की वजह से लेट हुआ। जापान चीन के साथ भी 350 बिलियन डॉलर का व्यापार करता है। भारत के साथ वो चीन को 'रिप्लेस' नहीं कर सकता, सिर्फ 'रिस्क कम' कर सकता है। जापान का संविधान हथियार निर्यात को सीमित करता है। इसलिए भारत को बड़ी डील मिलने में देर होती है। तो इस दौरे का मतलब क्या निकला? जब जापान की पीएम भारत आती हैं, तो वो 3 संदेश देती हैं- चीन को संदेशः एशिया में तुम अकेले नहीं हो। भारत-जापान मिलकर बैलेंस बनाएंगे।

**भारत को संदेशः** हम आपके विकास में लॉन्ग-टर्म पार्टनर हैं। पैसा, टेक और स्किल सब देंगे।

**दुनिया को संदेशः** लोकतंत्र, कानून का राज और फ्री ट्रेड वाला मॉडल ही भविष्य है। रिश्ता अब 'रोमांस' नहीं, 'रणनीति' है। पहले भारत-जापान का रिश्ता भावनात्मक था- बुद्ध, टैगोर, सुभाष चंद्र बोस। अब वो पूरी तरह प्रैग्मैटिक है - सेमीकंडक्टर, सप्लाई चेन, सुरक्षा। जापान को भारत चाहिए ताकि वो चीन पर निर्भरता घटाए। भारत को जापान चाहिए ताकि वो टेक्नोलॉजी में छलांग लगाए और मैन्युफैक्चरिंग हब बने। इसलिए जब जापान की पीएम भारत आती हैं, तो वो सिर्फ हाथ नहीं मिलातीं। वो एशिया के भविष्य का नक्शा साथ लाती हैं। और उस नक्शे का सेंटर पॉइंट हैः भारत-जापान। 'भारत-जापानः साझा भविष्य की साझा जिम्मेदारी' है।

## भारत जापान की नई रणनीतिक साझेदारी से मजबूत होते आर्थिक संबंध

भारत और जापान के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में केवल कूटनीतिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहे हैं बल्कि वे रणनीतिक, आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक साझेदारी के मजबूत आधार पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊर्जा प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनका आत्मीय स्वागत और उन्हें अपनी छोटी बहन कहकर संबोधित करना केवल एक शिष्टाचार नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच विकसित हुए विश्वास, सम्मान और मित्रता का प्रतीक भी है। यही कारण है कि इस यात्रा को भारत और जापान के संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। भारत और जापान आज एशिया की दो प्रमुख लोकतांत्रिक शक्तियां हैं। दोनों देशों की सोच मुक्त, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण पर केंद्रित है। बदलती वैश्विक परिस्थितियों में जब आपूर्ति श्रृंखलाओं, ऊर्जा सुरक्षा, नई तकनीक और रक्षा सहयोग का महत्व बढ़ रहा है तब भारत और जापान की साझेदारी और अधिक प्रासंगिक हो गई है। दोनों देश नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, शांति और स्थिरता के पक्षधर हैं तथा आर्थिक विकास को साझा समृद्धि का माध्यम मानते हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अगले दस वर्षों में भारत में 10 ट्रिलियन जापानी येन अर्थात लगभग छह लाख करोड़ रुपये के निवेश का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह निवेश सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण, रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और आधुनिक अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। इतनी बड़ी निवेश योजना भारत की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ लाखों रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। इससे भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में और मजबूत होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया में बिकने वाली सुजुकी की हर तीन में से दो कारें भारत में बन रही हैं। यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि जापानी कंपनियां भारत की उत्पादन क्षमता, कुशल मानव संसाधन और विशाल बाजार पर भरोसा कर रही हैं। भारत में निर्मित इन वाहनों का निर्यात सौ से अधिक देशों में किया जा रहा है जिससे भारत वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्यात के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। यह सफलता दोनों देशों के औद्योगिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है।

जापान की प्रधानमंत्री ने भारत में लगभग एक हजार बायोगैस और जैविक खाद संयंत्र स्थापित करने की योजना की घोषणा की। यह पहल केवल कृषि क्षेत्र को मजबूती नहीं देगी बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती को भी बढ़ावा देगी। इससे किसानों की आय बढ़ाने, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नए रोजगार सृजित करने में सहायता मिलेगी। ऊर्जा सुरक्षा और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में यह साझेदारी भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

भारत और जापान ने रक्षा सहयोग को भी नई ऊंचाई देने का निर्णय लिया है। दोनों देश नौसेना के लिए आधुनिक यूनिकॉर्न रेडियो एंटीना प्रणाली का संयुक्त विकास करेंगे। इसके अलावा समुद्री सुरक्षा, रक्षा तकनीक और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। यह साझेदारी केवल दोनों देशों की सुरक्षा को मजबूत नहीं करेगी बल्कि पूरे क्षेत्र में स्थिरता और संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नई तकनीकों के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने व्यापक सहयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सा उपकरणों और जैव प्रौद्योगिकी में संयुक्त अनुसंधान और निवेश से भविष्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। वैश्विक स्तर पर चीन पर निर्भरता कम करने की रणनीति के तहत भारत और जापान मजबूत आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इससे दोनों देशों की औद्योगिक सुरक्षा और आर्थिक मजबूती में वृद्धि होगी।

भारत और जापान के बीच व्यापार लगातार विस्तार कर रहा है। दोनों देशों के बीच अरबों डॉलर का वार्षिक व्यापार हो रहा है और जापान भारत में निवेश करने वाले सबसे बड़े देशों में शामिल है। भारत से जापान को ऑर्गेनिक रसायन, वाहन, ऑटो पार्ट्स, धातु उत्पाद, समुद्री खाद्य पदार्थ और रत्न आभूषण का निर्यात किया जाता है जबकि जापान से भारत में भारी मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, तांबा, प्लास्टिक और अत्याधुनिक औद्योगिक उपकरण आयात किए जाते हैं। यह व्यापारिक संतुलन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को एक दूसरे का पूरक बनाता है। दोनों देशों ने भविष्य में भारतीय रुपये और जापानी येन में सीधे व्यापार की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यदि यह व्यवस्था पूरी तरह लागू होती है तो व्यापार के लिए अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम होगी। इससे विदेशी मुद्रा विनिमय का खर्च घटेगा, भुगतान प्रक्रिया तेज होगी और दोनों देशों की कंपनियों को व्यापार करने में अधिक सुविधा मिलेगी। यह आर्थिक सहयोग को और मजबूत बनाने वाला दूरदर्शी निर्णय माना जा रहा है। भारत में जापानी निवेश की सबसे बड़ी पहचान मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना है। जापान की शिनकानसेन तकनीक और जापानी वित्तीय सहयोग से तैयार हो रही यह परियोजना भारत के परिवहन इतिहास में नई क्रांति लाने वाली है। यह केवल तेज गति की रेल सेवा नहीं बल्कि आधुनिक इंजीनियरिंग, तकनीकी हस्तांतरण, कौशल विकास और दीर्घकालिक आर्थिक सहयोग का प्रतीक भी है। इस परियोजना से भारत को विश्वस्तरीय रेल तकनीक प्राप्त होगी और भविष्य की अनेक अवसंरचना परियोजनाओं के लिए नई संभावनाएं खुलेंगी। राजस्थान का नीमराना आज भारत में जापानी औद्योगिक सहयोग का सबसे सफल उदाहरण बन चुका है।

यहां अनेक जापानी कंपनियां उत्पादन कर रही हैं और हजारों भारतीयों को रोजगार मिला है। इसके साथ ही नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की योजनाएं यह संकेत देती हैं कि आने वाले वर्षों में जापानी निवेश और तेजी से बढ़ेगा। इससे भारत के विनिर्माण क्षेत्र को नई ताकत मिलेगी तथा स्थानीय उद्योगों को वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने में सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जापानी निवेशकों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष व्यवस्था शुरू करने की घोषणा भी महत्वपूर्ण है। इससे निवेशकों को सीधे उच्च स्तर पर संवाद का अवसर मिलेगा और निवेश संबंधी बाधाओं का शीघ्र समाधान संभव होगा। यह कदम भारत को निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। भारत और जापान की मित्रता अब केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है बल्कि यह विश्वास, साझा मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और दीर्घकालिक रणनीतिक हितों पर आधारित व्यापक साझेदारी का स्वरूप ले चुकी है। दोनों देशों का लक्ष्य तकनीक, व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना है। जापान की प्रधानमंत्री की भारत यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों के संबंध और अधिक मजबूत होंगे। बढ़ता निवेश, विस्तृत व्यापार, आधुनिक परियोजनाएं और साझा रणनीतिक दृष्टि भारत और जापान की मित्रता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मजबूत आधार बन चुकी है। **कांतिलाल मांडोत**

## दैनिक राशिफल

**मेषः** रुके हुए कार्य पूरे होने के योग हैं। नौकरी और व्यापार में लाभ मिलेगा। परिवार का सहयोग रहेगा। **लवः** रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।
**शुभ रंगः** लाल 7 **शुभ अंकः** 9

**वृषभः** आर्थिक मामलों में सतर्क रहें। खर्च बढ़ सकता है। धैर्य से काम लें, विवाद से बचें।
**लवः** जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।
**शुभ रंगः** सफेद 7 **शुभ अंकः** 6

**मिथुनः** नए अवसर मिल सकते हैं। करियर में प्रगति के संकेत हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।
**लवः** प्रेम संबंध मजबूत होंगे। **शुभ रंगः** हरा 7 **शुभ अंकः** 5

**कर्कः** कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
**लवः** जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। **शुभ रंगः** चांदी 7 **शुभ अंकः** 2

**सिंहः** भाग्य का साथ मिलेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ रहेगा।
**लवः** रिश्तों में खुशियां आएंगी। **शुभ रंगः** सुनहरा 7 **शुभ अंकः** 1

**कन्याः** निवेश सोच-समझकर करें। किसी पुराने विवाद का समाधान मिल सकता है। संयम रखें। **लवः** बातचीत में संयम रखें। **शुभ रंगः** हरा 7 **शुभ अंकः** 5

**तुलाः** दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। साझेदारी के कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। **लवः** प्रेम जीवन में मधुरता रहेगी।
**शुभ रंगः** गुलाबी 7 **शुभ अंकः** 6

**वृश्चिकः** विरोधियों से सावधान रहें। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। **लवः** रिश्तों में विश्वास बनाए रखें।
**शुभ रंगः** लाल 7 **शुभ अंकः** 9

**धनुः** शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा और संतान से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता रहेगी। **लवः** प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। **शुभ रंगः** पीला 7 **शुभ अंकः** 3

**मकरः** परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा। संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ हो सकता है।
**लवः जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।**
**शुभ रंगः** नीला 7 **शुभ अंकः** 8

**कुंभः** आत्मविश्वास बढ़ेगा। छोटे-छोटे प्रयास बड़े लाभ दिला सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। **लवः** संबंधों में विश्वास बढ़ेगा।
**शुभ रंगः** आसमानी 7 **शुभ अंकः** 4

**मीनः** आर्थिक लाभ के अच्छे योग हैं। रुका हुआ धन मिल सकता है। वाणी में मधुरता बनाए रखें।
**लवः** परिवार और साथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। **शुभ रंगः** पीला 7 **शुभ अंकः** 3

**आज का उपायः** भगवान शनिदेव को सरसों के तेल का दीपक अर्पित करें तथा जरूरतमंदों की सहायता करें। इससे कार्यों में आने वाली बाधाएं कम होंगी और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होगी।

## सुल्तानपुर में बीसी सखी योजना की डिजिटल क्रांति से ग्रामीण स्वावलंबन और महिला आत्मनिर्भरता के बढ़ते कदम

उत्तर प्रदेश में बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट (बीसी) सखी योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण में एक क्रांतिकारी मील का पत्थर साबित हो रही है। इस दूरदर्शी पहल ने न केवल गांवों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को अत्यंत सुगम बनाया है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से साक्षर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। डिजिटल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने वाली प्रदेश सरकार की यह पहल ग्रामीण विकास और महिला स्वावलंबन के इतिहास में एक अत्यंत प्रभावी कदम सिद्ध हुई है। योजना के अंतर्गत चयनित और प्रशिक्षित महिलाएं अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर वित्तीय लेनदेन, पेंशन वितरण, सरकारी योजनाओं के लाभ का हस्तांतरण और जमा-निकासी जैसे महत्वपूर्ण कार्य अत्यंत सुगमता से कर रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बुजुर्गों, बीमार व्यक्तियों और महिलाओं को बैंक के चक्कर लगाने तथा लंबी लाइनों में खड़े होने की असुविधा से मुक्ति मिली है। इस व्यवस्था से ग्रामीणों के समय और धन दोनों की बचत हो रही है। यह योजना ग्रामीण परिवेश की महिलाओं के भीतर छिपी उद्यमशीलता और नेतृत्व क्षमता को बाहर लाने में पूरी तरह सफल रही है।

तकनीक से जुड़कर लैपटॉप, स्मार्टफोन और स्वाइप मशीनों का संचालन करने वाली ये महिलाएं अब अपने परिवारों की मुख्य आर्थिक संबल बन चुकी हैं। नियमित आय और लाभांश के माध्यम से वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने से उनके आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इससे वे अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम हुई हैं। गांव के भीतर उनका सामाजिक सम्मान बढ़ा है और वे आत्मनिर्भरता की एक नई कहानी लिख रही हैं।

इसी सफल नीति के क्रियान्वयन के अंतर्गत जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड मोतिगरपुर की ग्राम पंचायत डींगुरपुर बनकेगांव की निवासी श्रीमती सुषमा गुप्ता आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। कभी एक सामान्य गृहणी के रूप में घर-परिवार तक सीमित रहने वाली सुषमा जी ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि अपने पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत किया।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आया परिवर्तन यह सिद्ध करता है कि यदि महिलाओं को सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो वे समाज और परिवार दोनों की दिशा बदल सकती हैं। बी.ए. तक शिक्षित सुषमा जी वर्ष 2017 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी थीं। उस समय परिवार की जिम्मेदारियां निभाते हुए उनके मन में हमेशा यह इच्छा रहती थी कि वे भी परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में योगदान दें।

समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने छोटे-मोटे लेन-देन शुरू किए, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। बैठकों में भाग लेने से उन्हें अन्य महिलाओं के अनुभव सुनने का मौका मिला और यह विश्वास पैदा हुआ कि महिलाएं चाहें तो अपनी मेहनत से किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। वर्ष 2021 में उन्हें उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बी.सी. सखी के रूप में चयनित होने का अवसर मिला, जो उनके लिए आत्मसम्मान और पहचान का नया रास्ता बना। शासन द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने ही गांव में बैंकिंग सेवा केन्द्र शुरू किया।

शुरुआत में ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल बैंकिंग के प्रति कम जागरूकता होने के कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन सुषमा जी ने धैर्य और लगन से घर-घर जाकर महिलाओं, बुजुर्गों और मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में जागरूक किया, जिससे धीरे-धीरे शासन की इस व्यवस्था पर ग्रामीणों का भरोसा बढ़ता चला गया। आज उनका केन्द्र गांव में विश्वास और सुविधा का प्रतीक बन चुका है। बी.सी. सखी के रूप में सुषमा जी ग्रामीणों को धन जमा करने, निकासी करने, बचत खाता खोलने और जीवन बीमा जैसी आवश्यक बैंकिंग सुविधाएं उनके घर पर ही उपलब्ध करा रही हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे जरूरत पड़ने पर वृद्धों, विधवा महिलाओं और मनरेगा मजदूरों के घर जाकर भी वित्तीय सेवाएं देती हैं, जिन्हें पहले पैसे निकालने के लिए कई किलोमीटर दूर बैंक शाखा तक जाना पड़ता था।

अब ग्रामीणों को लंबी लाइनों में घंटों इंतजार नहीं करना पड़ता। सुषमा जी का सम्मानजनक व्यवहार और ईमानदारी ग्रामीणों के बीच उनकी लोकप्रियता का मुख्य कारण है। इस कार्य से होने वाली नियमित आय से वे अपने पति श्री अमित कुमार गुप्ता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं और बच्चों की शिक्षा व घरेलू खर्चों में सक्रिय योगदान दे रही हैं। सुषमा जी की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह सुल्तानपुर के ग्रामीण समाज में शासन की नीतियों से हो रहे सकारात्मक परिवर्तन की कहानी भी है। वे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संदेश देती हैं कि सरकार ने महिलाओं के लिए अनेक अवसर उपलब्ध कराए हैं, जिसमें एक कदम बढ़ाने पर प्रशासन पूरी तरह साथ खड़ा रहता है। उनका यह सफरनामा संघर्ष, आत्मविश्वास और शासकीय अवसरों के कुशल उपयोग का एक उदाहरण होने के साथ-साथ हर उस ग्रामीण महिला को प्रेरित करता है जो आत्मनिर्भर बनने का सपना देखती है। **जनपद -सुलतानपुर**

## प्रदेश सरकार ने भिक्कावाला पंप नहर का आधुनिक तकनीक से किया पुनरोद्धार

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद की रामगंगा-फिका दोआब क्षेत्र में स्थित भिक्कावाला पंप नहर आज केवल एक सिंचाई संरचना नहीं, बल्कि प्रशासनिक दृढ़ता, आधुनिक इंजीनियरिंग और किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का जीता-जागता प्रतीक बन चुकी है। उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित यह परियोजना - जो दशकों की बाढ़, सिल्टेशन और संरचनात्मक क्षति के कारण लगभग निष्क्रिय हो चुकी थी, को वर्तमान सरकार ने एक व्यापक पुनरुद्धार अभियान के माध्यम से न केवल पुनर्जीवित किया है, बल्कि इसे एक सफल इंजीनियरिंग मॉडल के रूप में भी स्थापित किया है।

**ऐतिहासिक पृष्ठभूमिः वीर सैनिकों के लिए एक वचन**

भिक्कावाला पंप नहर की स्थापना के पीछे एक अत्यंत मार्मिक और सम्मानजनक उद्देश्य था। यह परियोजना मूल रूप से उन भूतपूर्व सैनिकों को समर्पित थी, जिन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा की और सेवानिवृत्ति के बाद कृषि कार्य के लिए सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर आकर बसे। उस समय यह सुनिश्चित किया गया कि इन वीर जवानों के खेतों को सिंचाई हेतु जल मिले। इस योजना के मूल मंत्र में यह नहर आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितना दशकों पहले थी। परियोजना को दो चरणों में पूरा किया गया। इस परियोजना की स्थापना सर्वप्रथम वर्ष 1972 में की गई, इसके बाद वर्ष 1982 में स्थापित हुआ। दोनों चरणों को एक एकीकृत जलीय तंत्र के रूप में डिज़ाइन किया गया था, जो मिलकर बिजनौर जिले की सबसे जटिल पंप-आधारित सिंचाई प्रणालियों में से एक बनाते हैं।

जनपद बिजनौर के इस्लामनगर ग्राम पंचायत में स्थित इस परियोजना की भौगोलिक स्थिति भी इसे विशेष बनाती है। रामगंगा फिका दोआब नहर के जल को उठाकर कृषकों को सिंचाई हेतु दूरस्थ खेतों तक जलापूर्ति उपलब्ध कराने के चुनौतीपूर्ण कार्य को आधुनिक मशीनों एवं यंत्रों की सहायता से संपादित करने का कार्य कुशलतापूर्वक पूर्ण किया जाता है जिससे कृषकों को निर्बाध जल की उपलब्धता सुनिश्चित रहे।

**तकनीकी संरचनाः एक परिष्कृत जल-वितरण प्रणाली**

भिक्कावाला पंप नहर एक हाइब्रिड हाइड्रोलिक मैकेनिज्म पर संचालित होती है- एक ऐसी प्रणाली जो जल को पंप करके 12 किलोमीटर से अधिक लंबे नहर नेटवर्क के माध्यम से वितरित करती है। नहर प्रणाली दो चरणों में विभाजित है। प्रथम चरण की जल प्रवाह क्षमता 25 क्यूसेक है, जबकि द्वितीय चरण की क्षमता 12.5 क्यूसेक है। पूरे तंत्र में 60 हॉर्स पावर के शक्तिशाली सेंट्रीफ्यूगल पंप लगाए गए हैं। निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में दो सक्रिय पंप और एक स्टैंडबाय पंप, तथा द्वितीय चरण में एक सक्रिय और एक स्टैंडबाय पंप है ताकि किसी भी तकनीकी खराबी की स्थिति में जल आपूर्ति बाधित न हो।

भिक्कावाला पम्प नहर से कुल नहर नेटवर्क लगभग 12.24 किलोमीटर में फैला है। इस नेटवर्क में रसूलपुर, जामुनवाला और पाथरावाला जैसी महत्वपूर्ण माइनर संरचनाएं शामिल हैं जो जल को खेतों के अंतिम छोर (टेल एंड) तक पहुंचाती हैं। प्रथम चरण में 6.64 किमी0 की वितरण नहरें और 4.30 किमी लंबी अफजलगढ़ मुख्य नहर शामिल हैं, जबकि द्वितीय चरण में 5.60 किमी की नहर प्रणाली है।


**जब थम गई जल की धारा**

अपनी समस्त इंजीनियरिंग श्रेष्ठता के बावजूद भिक्कावाला पंप नहर प्रकृति की विनाशकारी शक्तियों से अछूती नहीं रही। वर्षों तक भारी बारिश, बार-बार आने वाली बाढ़ ने नहर की संरचनात्मक अखंडता को गंभीर क्षति पहुंचाई। नहर की लाइनिंग के साथ लगाई गई बोल्डर पिचिंग कई स्थानों पर टूट-बिखर गई थी। ब्रिक लाइनिंग कई खंडों में ध्वस्त हो चुकी थी जिससे जल का रिसाव और बर्बादी हो रही थी। डिलीवरी टैंक में खराबी आने से वितरण तंत्र बाधित हो गया था, और चेकवॉल तथा क्यू-नेट वॉल की हालत भी जर्जर हो गई। परिणामस्वरूप नहर का पानी टेल एंड तक नहीं पहुंच पा रहा था और दूरस्थ खेतों के किसान सिंचाई से वंचित हो रहे थे। स्थिति को और कठिन बनाते हुए, पंप स्टेशन पर कर्मचारियों के आवासीय क्वार्टर भी इतने जर्जर हो गए थे कि चौबीस घंटे संचालन और सुरक्षा सुनिश्चित करना लगभग असंभव हो चला था। समग्र रूप से, पूरी प्रणाली अपनी क्षमता की सीमा से परे जर्जर हो चुकी थी।

**पुनरुद्धारः एक त्रिआयामी नवीनीकरण**

नहर की इन समस्याओं की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने एक व्यापक आधुनिकीकरण अभियान शुरू किया, जिसमें मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और सिविल तीनों क्षेत्रों में एक साथ क्रांतिकारी सुधार आरम्भ किये गये। मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल कायाकल्प के अन्तर्गत पुराने और जीर्ण पंपों की जगह नए 12.5 क्यूसेक पंप सेट, उन्नत इंडक्शन मोटर और ऑटो ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए जो अधिक दक्षता और कम ऊर्जा खपत के साथ कार्य करते हैं। जर्जर पाइपिंग को नई पाइपलाइन से बदला गया और सुरक्षा के लिए जीआई चेन लिंक फेंसिंग लगाई गई। परिसर में एलईडी स्ट्रीट लाइट और सोलर लाइटिंग सिस्टम लगाए गए जिससे बिजली पर निर्भरता कम हुई। सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए गए, जिससे महत्वपूर्ण कृषि अवसंरचना की चौबीस घंटे निगरानी की जा सके।

सिविल एवं संरचनात्मक जीर्णोद्धार के अन्तर्गत सिविल इंजीनियरिंग के मोर्चे पर भी कार्य उतना ही व्यापक था। नहर चैनलों में जहां ब्रिक लाइनिंग टूट गई थी, उसे नए सिरे से बनाया गया। बोल्डर पिचिंग की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया। डिलीवरी टैंक को 0.5 मी0 उठाया गया, चेक वॉल और क्यू-नेट वॉल का संपूर्ण जीर्णोद्धार किया गया। द्वितीय चरण में किलोमीटर 1.741 से किलोमीटर 5.600 तक नहर की री-सेक्शनिंग की गई। यह 3.86 किलोमीटर का हस्तक्षेप उस खंड को नया जीवन देने वाला सिद्ध हुआ जो पहले सबसे अधिक क्षतिग्रस्त था। कर्मचारियों के आवासीय क्वार्टरों की भी मरम्मत की गई ताकि संचालन दल के लिए उचित कार्य-



परिस्थितियां सुनिश्चित हो सकें। रूपये 367.86 लाख की लागत की इस पुनरूद्धार परियोजना को 31 मार्च 2026 की निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर लिया गया- यह तथ्य अपने आप में नियोजन और क्रियान्वयन की गुणवत्ता का प्रमाण है। लगभग 1,110 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र की बहाली से बेहतर फसल उत्पादन, भूजल पर कम निर्भरता और 1,247 किसान परिवारों के लिए अधिक सुरक्षित कृषि चक्र के उत्पादन का लाभ मिला है।

**पानी से परे, एक नई उम्मीद**

किसानों की हितैषी योगी सरकार ने भिक्कावाला नहर का पुनरुद्धार केवल एक सफल अवसंरचना परियोजना ही नहीं है बल्कि इसका प्रमाण है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी किसानों के हित में पुरानी सिंचाई प्रणालियों को अप्रचलित मानकर छोड़ा नहीं बल्कि लक्षित निवेश और तकनीकी दक्षता से उन्हें पूरी क्षमता के साथ पुनर्जीवित किया है, और उनकी मूल क्षमता से भी अधिक बेहतर बनाया गया है। बिजनौर के इस्लामनगर ग्राम पंचायत और आसपास के रामगंगा-फिका दोआब क्षेत्र के किसानों के लिए यह नहर वरदान साबित हुई है। इस नहर से पानी समय पर उनके खेतों तक पहुंचता है। अब सूखे मौसम में उनकी फसल नहीं मरेगी। भिक्कावाला पंप नहर में आज केवल रामगंगा का जल लेकर नहीं बहती-वह विश्वास, तकनीक और समृद्धि की एक सतत धारा बहाती है। यह नहर हर खेत को पानी के संकल्प की दिशा में एक सच्चा और प्रेरणादायक मील का पत्थर साबित हुई है। **-अभिषेक सिंह**

## पाकिस्तान में भड़कता आंतरिक विद्रोह




पाकिस्तान में इन दिनों अंदरूनी हालात काफी खराब चल रहे हैं। एक ओर पाकिस्तानी हुकूमत देश में बेकाबू होती महंगाई को रोकने में नाकाम साबित हो रही है, तो दूसरी ओर वर्षों से जबरन कब्जा किए हुए बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पीओके में लोगों ने पाकिस्तान से आज़ादी का बिगुल बजा दिया है। इससे पाकिस्तानी हुकूमत अपने ही देश में दो तरफ़ा घिरी हुई नजर आ रही है। पाकिस्तान वर्षों से भारत के विरुद्ध आतंकवाद को बढ़ावा देने और नफरत फैलाने में देश के विकास की बड़ी राशि खर्च करता आया है। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान के प्रमुख शहरों को छोड़कर समूचे देश में अस्थिरता और असंतोष का माहौल दिखाई देता है।

बंटवारे के बाद पाकिस्तानी सेना और हुकूमत ने अपनी सीमाओं से लगे बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पीओके जैसे क्षेत्रों का बंदूक के बल पर अपने राज्य में विलय तो करवा लिया, लेकिन इन क्षेत्रों में लंबे समय से पाकिस्तान सरकार के विरुद्ध असंतोष बना हुआ है। आज भी इन क्षेत्रों में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन समय-समय पर देखने को मिलते हैं। पाकिस्तानी सेना और सरकार के विरुद्ध इन क्षेत्रों में लंबे समय से संघर्ष जारी है। पाकिस्तान इस समय गंभीर आंतरिक संकट से गुजर रहा है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में पनपते आतंकवाद को भी बड़ा झटका लगा है। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न आतंकी गुट अपने-अपने वर्चस्व को बनाए रखने के लिए आपस में ही संघर्ष कर रहे हैं। कट्टरपंथी संगठन, धार्मिक नेता और आतंक के सरगना एक-दूसरे के खिलाफ खड़े दिखाई दे रहे हैं। पिछले एक वर्ष में पाकिस्तान में बढ़ी हत्याओं और आतंकी घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि जिन तत्वों को कभी दूसरे देशों के विरुद्ध इस्तेमाल किया गया था, वही आज पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं। आतंकवाद का वही बीज अब विशाल वटवृक्ष बनकर पाकिस्तान की सत्ता और उसे संरक्षण देने वालों के लिए संकट का कारण बन गया है।

पाकिस्तान के अंदरूनी हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पर कार्रवाई तथा चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठे विवादों ने राजनीतिक अस्थिरता को और बढ़ा दिया है। आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने वाला कोई मजबूत नेतृत्व दिखाई नहीं देता। जो राजनीतिक दल कभी एक-दूसरे के कट्टर विरोधी थे, वे आज सत्ता के समीकरणों के कारण साथ खड़े नजर आते हैं। ऐसे में पाकिस्तान की आम जनता की सुध लेने वाला कोई प्रभावी नेतृत्व दिखाई नहीं देता। विदेशों में अपनी साख बचाने के लिए पाकिस्तानी सेना आज़ादी की मांग कर रहे बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और पीओके के लोगों के आंदोलनों को बलपूर्वक दबाने का प्रयास कर रही है। किंतु यदि जनता का असंतोष और सरकार की कठोर नीतियाँ इसी प्रकार जारी रहीं, तो पाकिस्तान के सामने भविष्य में और भी गंभीर आंतरिक चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एकौना थाना के कोड़र में सर्पदंश से महिला की मौत

**रुद्रपुर,देवरिया।** एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कोड़र में सर्पदंश से ×5 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गई है। मां की असामयिक मौत से ब'चों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार कोड़र निवासी तारा देवी (×5) पत्नी कोशल को गुरुवार को एक विषैले सर्प ने डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतका के घर पहुंच गए और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। नवागत थानाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### खजनी कस्बे में सरेशाम प्लेटिना बाइक चोरी, केस दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

#### कस्बे में बाइक खड़ी कर सामान खरीदने गया था युवक



**खजनी गोरखपुर।** थाना क्षेत्र के खजनी कस्बे में सरकारी देशी शराब की दुकान के पास एक बेकरी की दुकान के समीप अपनी बजाज प्लेटिना बाइक यूपी 53 एवाई 6544 खड़ी करके मार्केट से सामान खरीदने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। खजनी थाना क्षेत्र के बसडीला गांव के निवासी सुरेंद्र गुप्ता पुत्र कन्हैयालाल गुप्ता ने गुरुवार 2 जुलाई को खजनी पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि रात 8 बजे बेकरी के पास अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करके करके कुछ सामान खरीदने गए थे, लौट कर वापस आने के बाद देखा तो बाइक वहां नहीं थी। पीड़ित युवक ने बताया कि उसने आसपास अपनी बाइक तलाश की तथा लोगों से पूछताछ भी की लेकिन उसे अपनी बाइक नहीं मिली। तहरीर के आधार पर थानाध्यक्ष खजनी इंस्पेक्टर जयन्त कुमार सिंह के निर्देश पर खजनी पुलिस ने केस संख्या 214/2026 में बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक की तलाश शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष खजनी के द्वारा घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है, तथा मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रास्ते के विवाद में चाकूबाजी, युवक की मौत

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना क्षेत्र के नौतन हथियागढ़ गांव में शुक्रवार सुबह रास्ते पर आने-जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। कहासुनी के दौरान हुई चाकूबाजी में तीन लोग घायल हो गए। इनमें 30 वर्षीय राजू विश्वकर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि सुधीर विश्वकर्मा और धनेशरी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# खजनी कस्बे में वर्षों से बंद सार्वजनिक शौचालय, नेचर कॉल की गंभीर समस्या

**● महिलाओं,यात्रियों व व्यापारियों की दुश्वारियां**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी गोरखपुर।** कस्बे में सिकरीगंज मार्ग पर खजनी थाने के ठीक पीछे मौजूद सार्वजनिक शौचालय बीते तीन वर्षों से पूरी बंद पड़ा हुआ है। कस्बे में खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों में महिलाओं, बच्चों, युवाओं और बुजुर्ग यात्रियों तथा कस्बे के व्यापारियों को शौचालय बंद रहने से नारकीय यातनाओं का सामना करना पड़ता है। कस्बे के प्रसिद्ध स्टेशनरी व्यावसाई शेषमणि पांडेय ने बताया कि नेचर काल की आवश्यकता होने पर पुरुषों और बच्चों के साथ ही महिलाओं को गंभीर यातना सहनी पड़ती है, कुछ लोग कस्बे में सड़क के किनारे कहीं भी कोना देखकर या वाहनों के पीछे जाकर फारिग हो लेते हैं, पिछले 3 साल से सार्वजनिक शौचालय बंद पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि जिन व्यापारियों के अपने घरों में दुकानें हैं उन्हें दिक्कत नहीं होती लेकिन किराए के कमरों में दुकानें चलाने वालों तथा ग्राहकों को बहुत अधिक परेशानी होती है। इसी प्रकार अनिल कुमार पाठक, हनुमान पांडेय, रवि पांडेय, श्यामजी जायसवाल, मंजूर अली, खुर्शीद, शमशाद, कोकई शुक्ला, रवी वर्मा, राजू वर्मा, अंबे पांडेय, मनोज आदि दुकानदारों और कर्मचारियों ने बताया कि पहले कस्बे के इस सार्वजनिक शौचालय पर एक व्यक्ति को नियुक्त किया गया था, लेकिन अचानक उसके चले जाने के बाद से शौचालय बंद हो गया है, दिन में आकस्मिक शौच या लघुशंका की आवश्यकता पड़ने पर कस्बे में दूर तक कहीं कोई स्थान नहीं है।

खुटभार गांव के ग्रामप्रधान अर्जुन जायसवाल ने बताया कि दुकानदारों ग्राहकों और यात्रियों के लिए यह एक गंभीर समस्या बहुत दिनों से बनी हुई है।

बता दें कि लोगों की मांग पर कस्बे के इस सार्वजनिक शौचालय का निर्माण प्रदेश में बसपा सरकार के शासनकाल में पूर्व प्राविधिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सदल प्रसाद ने पुर्वांचल विकास निधि से 29 अप्रैल 2006 में कराया गया था। जिसके संचालन के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त किया गया था लेकिन अज्ञात कारणों से वह व्यक्ति शौचालय बंद करके अचानक कहीं चला गया, तब से यह शौचालय लगभग 3 साल से बंद पड़ा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में सबसे जटिल समस्या यह है कि पूर्व बसपा मंत्री के द्वारा बनाए गए शौचालय के संचालन, उसकी मरम्मत की जिम्मेदारी लेने वाला स्थानीय ब्लॉक, तहसील ग्राम सभा या कोई सक्षम जन प्रतिनिधि लेने के लिए तैयार नहीं है।

## मेडिकल कॉलेज का प्राचार्य व सीएमएस ने किया निरीक्षण, बेहतर इलाज और साफ-सफाई के दिए निर्देश

**देवरिया।** मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एच.के. मिश्रा ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी, एमसीएच, पंजीकरण काउंटर सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य ने कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक उपचार मिलना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने, दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा ने वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों व कर्मचारियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा अस्पताल की सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर भी जोर दिया गया।

## भारी वाहनों की मिट्टी ढुलाई से सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने की तत्काल मरम्मत की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला बाजार, गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र में चिलवां पुल के पास से परसिया रावत जाने वाला संपर्क मार्ग भारी वाहनों से मिट्टी ढुलाई के कारण गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। यह सड़क धौसहर, डेहरीभार, कुसहा होते हुए भूपगढ़ में डड़ारी खास के पास चीनी मिल मार्ग से जुड़ती है। पिछले कुछ महीनों से हरपुर चीनी मिल के निकट विकसित गीडा क्षेत्र में धौसहर और डेहरीभार से दस चक्का डंपरों द्वारा लगातार मिट्टी की ढुलाई की जा रही है। क्षमता से अधिक भार पड़ने के कारण कचनी नाले के पुल के आगे मोड़ पर सड़क धंस गई है और वहां धूल का गुबार उड़ने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इसी मार्ग से गोला बाजार, पड़ौली, पटौहां सहित आसपास के विद्यालयों के वाहन प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को लाते-ले जाते हैं। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और ग्रामीण भी इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। बरसात शुरू होने पर सड़क की स्थिति और खराब होने की आशंका है, जिससे वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाएगा।

प्रधान प्रतिनिधि डॉ. राणा सत्यप्रकाश सिंह सिसौदिया, राणा बलवंत सिंह, राणा दिगेंद्र सिंह, राम सिंधू प्रसाद, श्रीकांत और सुरेंद्र मिस्त्री सहित ग्रामीणों ने बताया कि धौसहर स्थित प्रसिद्ध डड़ारी समय माता मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन जर्जर सड़क के कारण उन्हें भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने और भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

# दिखने लगा डीएम का असर एसडीएम ने ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के कसे पेंच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रुद्रपुर, देवरिया।** तहसील सभागार में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी रुद्रपुर अवधेश निगम की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की गई तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में खंड विकास अधिकारी एजाज अहमद, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती रिंकू सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.बी. सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राज किशोर सिंह, एडीओ पंचायत दीनानाथ प्रजापति तथा आपूर्ति निरीक्षक गुफरान अहमद खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों से जिलाधिकारी के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कायाकल्प योजना के अंतर्गत शेष असंतृप्त पैरामीटरों को शीघ्र पूर्ण कराने, विद्यालयों में बच्चों के नामांकन में वृद्धि, डिजिटल अटेंडेंस की नियमितता, बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समयबद्ध समाधान, आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता तथा पठन-पाठन के स्तर में सुधार पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी योजनाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए।

## करंट लगने से मासूम बालिका की मौत



**सिद्धार्थनगर।** जिले की इटवा थानाक्षेत्र के ग्राम परसा मैना में गुरुवार की देर रात एक 4 वर्षीय मासूम बालिका की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई ।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार देर रात गौरी प्रसाद ग्राम बैरवा की 4 वर्षीय बालिक करीना स्टैंड पंखे में करंट होने उसकी चपेट में हुई। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतका बालिका करीना पुत्री गौरी प्रसाद अपने ननिहाल में शादी समारोह में ग्राम परसामैना में मां के साथ आई थी , घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल पर परिजनों ने पहुंच कर पैतृक गांव बैरवा में अंतिम संस्कार कर दिया है, घटना से परिजनों शोक की लहर दौड़ गई।

## दवा का बिल मांगने पर जन औषधि केंद्र में युवक से मारपीट, तीन हिरासत में

**● बिल और बाकी रुपये मांगने पर विवाद बढ़ा, पुलिस ने शुरू की जांच**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां गोरखपुरः** सहजनवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में संचालित जन औषधि केंद्र पर शुक्रवार को दवा का बिल मांगने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि बिल और बचे हुए रुपये मांगने पर जन औषधि केंद्र के संचालक एवं उसके साथ मौजूद अन्य लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर यूपी-112 और सहजनवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मिनवा गांव निवासी मनीष कुमार गौड़, पुत्र लोकेश गौड़, ने सहजनवा थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ सीएचसी परिसर स्थित जन औषधि केंद्र पर दवा खरीदने गए थे। उनके अनुसार उन्होंने दवा के लिए 1,000 रुपये दिए थे। केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों ने दवा की कीमत 800 रुपये बताई। पीड़ित का आरोप है कि न तो उन्हें दवा दी गई और न ही शेष 200 रुपये वापस किए गए। मनीष का कहना है कि जब उन्होंने दवा का बिल और बकाया राशि मांगी तो केंद्र पर मौजूद तीन लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर एकत्र हो गए। इस दौरान उनकी पत्नी ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद मारपीट जारी रही।

घटना की सूचना तत्काल यूपी-112 को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद सहजनवा थाना पुलिस जन औषधि केंद्र के संचालक को पूछताछ के लिए थाने ले गई। पीड़ित ने लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में सहजनवा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक बलराम पांडेय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत, टिल्लू पंप का स्विच ऑन करते ही हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुरः** सहजनवा थाना क्षेत्र के भीमापार गांव में शुक्रवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, भीमापार निवासी राजेश कुमार शुक्ल (54 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय शिव प्रसाद शुक्ल शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे अपने घर पर लगे टिल्लू पंप के पास स्नान करने गए थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने जैसे ही टिल्लू पंप का बिजली स्विच ऑन किया, अचानक करंट की चपेट में आ गए। तेज विद्युत प्रवाह के कारण वह वहीं गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में उन्हें बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में भी इस दर्दनाक हादसे की खबर फैलते ही लोग मृतक के घर पहुंचने लगे और शोक संवेदना व्यक्त की। मृतक राजेश कुमार शुक्ल अपने परिवार के जिम्मेदार सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी तथा दो बेटियां हैं। वह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनकी असमय मृत्यु से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि राजेश शुक्ल मिलनसार और व्यवहार कुशल व्यक्ति थे, इसलिए उनके निधन से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

घटना की सूचना मिलने पर सहजनवा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे



के कारणों की जांच भी कर रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला विद्युत करंट लगने से हुई आकस्मिक मृत्यु का माना जा रहा है। इस संबंध में सहजनवा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक बलराम पांडेय ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में करंट लगने से मौत होने की बात सामने आई है।

## डीएम साहब एक नजर रूद्रपुर तहसील के विभागों पर भी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** जनपद में नये जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के आने के बाद ही ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण चल रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा और खाद्य विभाग के निरीक्षण में चौंकाने वाले परिणाम मिले हैं। जिलाधिकारी की कार्यशैली वास्तव में जनता के हित में है। जनता दर्शन में जिस तरह का मानवीय व्यवहार डीएम द्वारा किया जा रहा है वह अनुकरणीय है। नये डीएम के आने के बाद पुराने डीएम को सोशल मीडिया ने रीलबाज तक कह डाला। आश्चर्य और चिन्तन का विषय यह है कि डीएम का चाबुक अब तक जिला मुख्यालय से पूरब और उत्तर की तरफ ही चला है। पश्चिम में रूद्रपुर और दक्षिण में बरहज की ओर ध्यान नहीं गया। क्या डीएम साहब रूद्रपुर और बरहज को संतृप्त मान रहे हैं या कोई राजनीतिक बाउंड्री उन्हें रोक रही है। रूद्रपुर के तहसील कार्यालय ब्लाक कार्यालय,बिजली विभाग, अस्पताल सबमें तो भ्रष्टाचार और लेटलतीफी का बोलबाला है। विकास की



सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत डरावनी है। करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों से लेकर जिला पंचायत तक होने वाले अधिकांश कार्य कागज में हैं। सिर्फ आइजीआरएस का निस्तारण ही कागज में नहीं है बल्कि विकास की सैकड़ों योजनाएं भी हवा में हैं। ठीक से जांच हो जाय तो गांव में तैनात सारे सचिव जेल जा सकते हैं। रूद्रपुर की जनता मांग करती है कि डीएम साहब,अपनी सूची में रूद्रपुर और बरहज को भी शामिल करें ताकि विभागों की कलई खुल सके। भाजपा राज में जितने काम उतने चोरी के तर्ज पर काम तो खूब चल रहे हैं किन्तु 50 से 60 प्रतिशत कमीशन के बाद कार्य की गुणवत्ता के विषय में आप भी जानते होंगे।

## शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो की दवा




**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** नगर पंचायत बिस्कोहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को सघन पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने कस्बा बिस्कोहर सहित फुलपुर राजा, मझौवा, सिकोथा, पियूरिया, लालपुर,बेलवा बाबू, फुलपुर पांडेय, दलपतपुर, डेगहर, भदाव और कोहडौरा व अन्य नावडीह , निजामाबाद, शीतलभीटा गांवों में घर-घर पहुंचकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रत्येक बच्चे को समय पर दवा पिलाना आवश्यक है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अभियान में सहयोग करने की अपील भी की।

# शिक्षा से वंचित बेटियों को दोबारा स्कूल भेजने के लिए चौपाल आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकदह में एजुकेट गर्ल्स संस्था द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना तथा स्कूल से बाहर चल रही बालिकाओं का दोबारा दाखिला कराना और सामाजिक कुरीतियों को दूर करना था। संस्था के इस अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करते हुए हर बेटी को अच्छी शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर देने पर बल दिया गया। चौपाल में विशेष रूप से उन बेटियों को दोबारा मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने की रणनीति बनाई गई जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पा रही हैं। इसके साथ ही दाखिले के समय आने वाली प्रशासनिक अड़चनों जैसे जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान के तरीके बताए गए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान वीरेंद्र राजभर ने कहा कि बालिकाओं की तरक्की से ही समाज में समानता आ सकती है। उन्होंने पंचायत की ओर से सभी बेटियों के जरूरी कागजात बनवाने और उनके स्कूल में दाखिले के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर सराज अहमद ने सरकारी स्कूलों में मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं व योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई नियमित रखने की अपील करते हुए कहा कि पढ़ी-लिखी बेटियां ही परिवार, समाज और देश का बेहतर भविष्य बना सकती हैं।

संस्था की फील्ड कोऑर्डिनेटर मनोरमा ने बताया कि एजुकेट गर्ल्स का मिशन गांव-गांव जाकर हर उस बेटी तक पहुंचना है जो शिक्षा से वंचित हैं, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आसिफ खान ने कहा कि अभिभावक व पंचायत प्रतिनिधि और शिक्षा विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कोई भी बेटी अनपढ़ न रहे। इस जागरूक बैठक में पंचायत सदस्य राकेश कुमार, आशा बहू सुधा देवी, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुभावती देवी समेत स्कूल से बाहर चल रही बालिकाओं के अभिभावक और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शांति भंग की आशंका में छह लोगों का चालान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने ग्राम पंचायत शिवपुरी में आपसी विवाद के बाद शांति व्यवस्था प्रभावित करने की आशंका के मद्देनजर छह लोगों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए सभी अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की विभिन्न निवारक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शिवपुरी में कुछ स्थानीय लोगों के बीच आपसी कहासुनी और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। तनाव बढ़ता देख पुलिस ने शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए गांव निवासी असरफ अली उर्फ मिन्ना, जुनैद उर्फ सोनू, इरशाद उर्फ नदीम, सलिल, अवधेश यादव और वीरबहादुर को मौके से निरुद्ध कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126/135 के अंतर्गत कानूनी व निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए पुलिस अभिरक्षा में सभी आरोपियों को मजिस्ट्रेट न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि शांति भंग करने की कोशिश की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए छह लोगों को निरुद्ध किया गया है। ऐसे में असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस का यह विशेष निरोधात्मक अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

## एंबुलेंस की टक्कर से तीन सिपाही घायल

**देवरिया।** शहर के शिव मंदिर चौराहे पर बुधवार रात तेज रफ्तार एंबुलेंस ने पहले एक ई-रिक्शा को टक्कर मारी, फिर चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीन सिपाही और ई-रिक्शा चालक घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से तीनों सिपाहियों को गोरखपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने एंबुलेंस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सहजनवा से 5 वर्षीय मासूम रहस्यमय ढंग से लापता, अपहरण की आशंका से मचा हड़कंप

**● पूरी रात तलाश में जुटी रही पुलिस, नही मिला सुराग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा।** गोरखपुर जिले के सहजनवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या 9 पिपरा से पांच वर्षीय मासूम के रहस्यमय ढंग से लापता होने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों ने बच्चे के अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस प्रशासन पूरी रात बच्चे की तलाश में जुटा रहा। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मासूम का कोई सुराग नहीं मिल सका है। जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 9 पिपरा निवासी अंशुमान सिंह (5 वर्ष), पुत्र विनय सिंह, गुरुवार की शाम करीब पांच बजे घर के बाहर फुल्की खाने के लिए निकला था। घर के पास फुल्की बेचने वाला आया था, जहां बच्चे ने फुल्की खाई और उसकी दादी ने विक्रेता को पैसे भी दिए। इसके बाद फुल्की विक्रेता कुछ दूरी पर चला गया और बताया जा रहा है कि अंशुमान भी उसके पीछे-पीछे निकल गया। काफी देर तक जब बच्चा वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला।

रात बढ़ने के साथ परिजनों की चिंता बढ़ती गई और उन्होंने सहजनवा थाने में बच्चे के अपहरण की आशंका जताते हुए सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। क्षेत्राधिकारी गीडा के. एन. आनंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल खोज अभियान शुरू किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान आरपीएफ और जीआरपी की टीम भी पुलिस के साथ तलाश अभियान में शामिल रही।

पूरी रात पुलिस नगर और आसपास के इलाकों में बच्चे की तलाश करती रही। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे सूचना मिली कि बच्चा कौड़ीराम क्षेत्र में देखा गया है। सूचना मिलते ही सीओ गीडा के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल कौड़ीराम पहुंची, लेकिन



जांच में सूचना पूरी तरह झूठी निकली। इसके बाद पुलिस टीम वापस लौट आई और पुनः तलाश अभियान शुरू कर दिया।

मासूम के लापता होने से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले के लोग भी बच्चे की सकुशल बरामदगी की दुआ कर रहे हैं। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है तथा फुल्की विक्रेता की पहचान और उसके संभावित ठिकानों की भी पड़ताल की जा रही है। इस संबंध में सीओ गीडा के. एन. आनंद ने बताया कि पुलिस की कई टीमें बच्चे की तलाश में लगातार लगी हुई हैं। सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की जा रही है और जल्द ही बच्चे को सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

## पिकअप से नौ लाख की 138 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

**देवरिया।** बनकटा थाना पुलिस और जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई में बिहार तस्करी के लिए ले जाई जा रही करीब नौ लाख रुपये मूल्य की 138 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, दो रेफ्रिजरेटर और एक टाटा पिकअप वाहन बरामद किया है। मामले में वाहन स्वामी समेत एक अज्ञात चालक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार, एसपी के निर्देश पर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार रात संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर चौधूर छापर गांव में प्रधानपति विवेक राय के घर के सामने खड़ी टाटा पिकअप (यूपी-53 ईटी-3238) की तलाशी ली गई। वाहन से कुल 138 पेटी अंग्रेजी शराब और दो रेफ्रिजरेटर बरामद हुए। बरामद शराब की कुल मात्रा 1191.24 लीटर बताई गई है। पुलिस ने वाहन स्वामी विवेक राय निवासी जैतपुरा, थाना बनकटा तथा अज्ञात चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 25 हज़ार का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, महिला से कुंडल लूट मामले में था फरार



**सीतापुर-** जनपद सीतापुर के सकरन थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी वांछित अभियुक्त घायल हो गया पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। आरोपी 28 जून को महिला से हुई कुंडल लूट की घटना में वांछित चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस के अनुसार, थाना सकरन में दर्ज महिला के कान से कुंडल छीनने के मामले में वांछित अभियुक्त आशिक पुत्र मोबीन निवासी ग्राम जठरा, थाना खमरिया, जनपद खीरी (हाल पता ग्राम रुदपुर, थाना खीरी) की तलाश की जा रही थी मुखबिर की सूचना पर एसओजी और थाना सकरन की संयुक्त टीम ने ओड़ा-झाड़ रसूलपुर रोड के पास घेराबंदी की पुलिस को देखते ही आरोपी ने तमंचे से फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया पुलिस ने आत्मरक्षा और गिरफ्तारी के उद्देश्य से जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आशिक के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। प्राथमिक इलाज के लिए उसे अस्पताल भेजा गया, जहां पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज कराया जा रहा है गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा महिला से लूटा गया पीली धातु का एक कान का कुंडल बरामद किया गया है। सीओ बिसवा हर्षित सिंह ने बताया कि आरोपी थाना सकरन पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 200/2026, धारा 309(4) में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। इस कार्रवाई को एसओजी और थाना सकरन की संयुक्त पुलिस टीम ने अंजाम दिया। पुलिस आरोपी के अन्य आपराधिक मामलों और उसके साथियों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है!!

## बीजेएसपी बांदा जिलाध्यक्ष को 'आरएसएस कैडर' बताने वाले महेंद्र सोनी की फोन पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी

**● 'साले को निकलो मारो' कहा, पूरी रिकॉर्डिंग व फोटो सबूत मौजूद। बीजेएसपी की गिरफ्तारी व आरएसएस से स्पष्टीकरण की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जन समाज पार्टी (बीजेएसपी) अत्यंत गंभीरता से देश को सूचित करती है कि दिनांक 30.06.2026 को दोपहर 12:26 बजे पार्टी के बांदा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम महेंद्र सोनी, निवासी मुंबई बताया और खुद को 'भारतीय स्वयंसेवक संघ का कैडर' कहा। उक्त महेंद्र सोनी ने जिलाध्यक्ष को भद्दी गालियां दीं, सांप्रदायिक उकसावे की बातें कीं और 'राम मंदिर जाओ न साले को निकलो मारो' जैसी खुली हिंसा की धमकी दी। बीजेएसपी के पास इस पूरी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग तथा महेंद्र सोनी के मोबाइल नंबर की व्हाट्सएप DP पर लगी उसकी फोटो बतौर पुख्ता सबूत सुरक्षित है। ऑडियो में कैद धमकी का पूरा विवरण दिनांक 30.06.2026, समय 12:26 PM : शुरुआत झूठे आरोप से: 'समाजवादी पार्टी कितना पैसा दे रही है ऐसा काम करने का?' जिलाध्यक्ष का जवाब: 'हमारा समाजवादी पार्टी से कोई मतलब नहीं। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह जी हैं।' मुख्यमंत्री का नाम लेकर दबाव: 'योगी जी कर रहे हैं, बीजेपी कर रही है। सरकार पर हमला किया समझ ही नहीं है।' जिलाध्यक्ष: 'योगी जी की कौन बुराई कर रहा है? अपराधियों पर कार्रवाई मांगी है।' हत्या के लिए खुला उकसावा: 'राम मंदिर जाओ न साले को निकलो मारो। यहां पेपर में छापते हो, व्हाट्सएप पर डालते हो, बदनामी होती है।' पहचान: पूछने पर पहले 'सोनी नाम है' फिर 'महेंद्र सोनी, मुंबई से हूं, आरएसएस का कैडर हूं' बताकर फोन काट दिया। बीजेएसपी राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह का बयान: '30 जून 2026 का ये दिन लोकतंत्र के माथे पर कलंक है। एक राष्ट्रीय दल के जिलाध्यक्ष को 'साले को मारो' की धमकी देना और खुद को आरएसएस कैडर बताना क्या संघ अब यही सिखा रहा है? हमने हमेशा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सम्मान किया है। हमने अपराध पर सवाल उठाया, व्यक्ति पर नहीं। क्या सवाल पूछना 'सरकार पर हमला' है?' बीजेएसपी की तत्काल मांग 48 घंटे का



अल्टीमेटम: FIR व गिरफ्तारी:* महेंद्र सोनी, निवासी मुंबई के विरुद्ध IT Act व IPC 153ए, 295ए, 504, 506, 507 में तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। *आरएसएस दे जवाब: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 24 घंटे में स्पष्ट करे क्या महेंद्र सोनी उसका कैडर है? यदि हां, तो क्या संघ 'साले को मारो' जैसी भाषा का समर्थन करता है? सुरक्षा व जांच: राजेश कुमार यादव को पुलिस सुरक्षा दी जाए। मुंबई पुलिस व यूपी एसटीएफ संयुक्त रूप से जांच करें। चेतावनी: यदि 48 घंटे में गिरफ्तारी नहीं हुई, तो बीजेएसपी 'संविधान बचाओ गुंडागर्दी हटाओ' अभियान शुरू करेगी। हम सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। ऑडियो सबूत आज ही डीजीपी यूपी, एसएसपी बांदा व मुंबई पुलिस कमिश्नर को सौंपे जा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, 'राम के नाम पर किसी को मारने की धमकी देने वाला रामद्रोही है। हम असली रामभक्त हैं। भगवा को बदनाम करने वालों को बेनकाब करेंगे।'

## चलती ट्रेन से गिरा मजदूर, गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** राजस्थान से मजदूरी कर अपने घर लौट रहे एक युवक के साथ शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। तिलहर रेलवे स्टेशन पहुंचने से पहले चलती ट्रेन से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। क्षेत्र के गांव घुसवारी निवासी सुनील कुमार राजस्थान में मजदूरी करते हैं। शुक्रवार को वह ट्रेन से बरेली पहुंचे थे। वहां से दूसरी ट्रेन पकड़कर अपने गांव लौट रहे थे। सुबह करीब आठ बजे तिलहर रेलवे स्टेशन से पहले गुलचंपा रेलवे फाटक के निकट वह ट्रेन के गेट पर बैठे थे। इसी दौरान उन्हें झपकी आ गई। संतुलन बिगड़ते ही वह चलती ट्रेन से नीचे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल सुनील कुमार को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवक के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## विवाहित महिला मोबाइल टावर पर चढ़ी प्रेमी के साथ रहने की ज़िद पर अड़ी, पुलिस से कार्रवाई की मांग को लेकर किया हंगामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर-** जनपद सीतापुर के कमलापुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब 1:30 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब तीन बच्चों की मां प्रेमी के साथ रहने की जिद को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई महिला का आरोप था कि 13 दिन पहले थाने में तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही कोई कार्रवाई की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद महिला को सुरक्षित नीचे उतार लिया। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के देवीपुर सरेचा गांव निवासी मीनू देवी, पत्नी मनोज कुमार, ने करीब 13 दिन पहले कमोलिया गांव निवासी अजय के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। महिला का कहना है कि वह अजय के साथ रहना चाहती है और उससे शादी कराने की मांग को लेकर लगातार पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगा रही थी। उसका आरोप है कि कई बार थाने के चक्कर लगाने के बावजूद उसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया कार्रवाई न होने से नाराज महिला गांव के पास लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गई और प्रेमी के साथ रहने की मांग पर



अड़ गई। महिला के टावर पर चढ़ते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और घटना को देखने वालों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही कमलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने काफी देर तक महिला से बातचीत कर उसे समझाने का प्रयास किया। करीब 1 घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस ने महिला को सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रही। प्रभारी निरीक्षक इतुल चौधरी का कहना है कि महिला की शिकायत और पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से बातचीत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल महिला सुरक्षित है और उससे पूछताछ कर घटना के सभी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है!!

## पूर्वान्चल विकास निधि के अन्तर्गत आज़मगढ़ की 12 परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 277.205 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्वान्चल विकास निधि (राज्यांश) के अन्तर्गत जनपद आज़मगढ़ की 12 परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 277.205 लाख रूपये मंजूर किये है। मंजूर की गयी धनराशि जिलाधिकारी, आज़मगढ़ में निवर्तन पर रखी गयी है। इस सम्बन्ध में जारी शासनादेश भी प्रति जिलाधिकारी आज़मगढ़ को प्रेषित कर दी गयी है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गयी धनराशि से आज़मगढ़ के ग्राम पंचायत बाकिपुर, ग्राम सभा रामपुर, विकासखण्ड सठियाव, ग्राम सभा लोहरा डडवा, विकास खण्ड तरंवा, विकास खण्ड बिलरियागंज, विकास खण्ड पल्हनी, ग्राम करूई, विकास खण्ड तहबरपुर एवं ग्राम सभा अमेठी में सी0सी0 रोड निर्माण कार्य, इण्टरलॉकिंग कार्य तथा नाली निर्माण कार्य कराया जायेगा।

**सम्पर्क सूत्र – आशिया खातून**

## टीईटी के दूसरे दिन कड़ी सुरक्षा में परीक्षा, जूते उतरवा कर, महिलाओं के जूड़े खुलवाकर हुई जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर-** जनपद सीतापुर में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) शुक्रवार को दूसरे दिन भी कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शुरू हुई। जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है प्रत्येक पाली में 4,968 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। प्रवेश से पहले पुरुष अभ्यर्थियों के जूते उतरवाकर जांच की गई, जबकि महिला अभ्यर्थियों के बालों के जूड़े खुलवाकर तलाशी ली गई। इसके अलावा प्रवेश पत्र और पहचान पत्र का भी बारीकी से सत्यापन किया गया जांच पूरी होने के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस



बल तैनात किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की कोशिश पर तत्काल कार्रवाई की जा सके बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों और उनके परिजनों के परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने से शहर के कई प्रमुख मार्गों और केंद्रों के आसपास सुबह से यातायात का दबाव बढ़ गया। कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति भी बनी, जिससे आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा प्रशासन के अनुसार, परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में कुल 1,583 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे। अधिकारियों को उम्मीद है कि दूसरे दिन भी परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न होगी। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं!!

## हाईकोर्ट के फैसले तक आर्य समाज विवाद में यथास्थिति, एसडीएम का सख्त संदेश

**● 6 जुलाई से खुलेगा महर्षि दयानंद शिक्षा सदन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर -शाहजहांपुर।** नगर के आर्य समाज एवं महर्षि दयानंद शिक्षा सदन को लेकर चल रहे विवाद में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय तक किसी भी पक्ष को वर्तमान व्यवस्था में बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी। एसडीएम जीत सिंह राय ने दोनों पक्षों की संयुक्त सुनवाई के बाद यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए और चेतावनी दी कि विद्यालय या आर्य समाज के संचालन में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 28 जून को आर्य समाज परिसर में उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई थी, जब आर्य समाज से निष्कासित बताए जा रहे शिवराम सिंह और विजयपाल सिंह यादव अपने समर्थकों के साथ परिसर में पहुंच गए। आरोप है कि संस्था पर कब्जे के प्रयास का विरोध करने पर आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य पर जानलेवा हमला किया गया। घटना के दौरान परिसर में ठहरी एक बारात के लोगों के साथ भी मारपीट हुई, जिसमें करीब दस लोग घायल हो गए थे। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में लोकेश आर्य की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में दोनों पक्षों की विस्तृत सुनवाई हुई। निष्कासित पक्ष की ओर से शिवराम सिंह ने लखनऊ आर्य प्रतिनिधि सभा से मिली मान्यता का हवाला देते हुए अपनी समिति को वैध बताया। वहीं आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य एवं उनके अधिवक्ता वेद प्रकाश सिंह ने कहा कि आर्य प्रतिनिधि सभा से संबंधित विवाद वर्तमान में हाईकोर्ट में विचाराधीन है और अगली सुनवाई 15 जुलाई को निर्धारित है। इस संबंध में न्यायालय में दाखिल रिट याचिकाओं की प्रतियां भी एसडीएम को उपलब्ध कराई गईं। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद एसडीएम जीत सिंह राय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हाईकोर्ट के अंतिम निर्णय तक वर्तमान व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। उन्होंने निष्कासित पक्ष को चेतावनी दी कि यदि आर्य समाज या विद्यालय के संचालन में बाधा पहुंचाने अथवा कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा।

एसडीएम ने विद्यालय के प्रबंधक दासीराम आर्य एवं मंत्री लोकेश आर्य को निर्देश दिए कि महर्षि दयानंद शिक्षा सदन का संचालन नियमित रूप से जारी रखा जाए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। सुनवाई के दौरान प्रधानाचार्य प्रियंका गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, वेद प्रकाश आर्य, प्रवीण अग्रवाल, रवि कुमार, अभिनव आर्य, रविंद्र आर्य सहित दोनों पक्षों के कई लोग मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक दासीराम आर्य ने बताया कि विद्यालय प्रशासनिक निर्देशों के अनुरूप पुनः संचालित कर दिया गया है तथा 6 जुलाई से नियमित शिक्षण कार्य शुरू होगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को समय से विद्यालय भेजने की अपील की।

## एसपी अंकुर अग्रवाल ने पुलिस क्लब का किया शुभारंभ, इंस्पेक्टर-दरोगा को मिलेगी आधुनिक आवासीय सुविधा



**सीतापुर-** जनपद सीतापुर में पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता और सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे शहर के कलेक्ट्रेट के निकट नव निर्मित पुलिस क्लब का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन के बाद एसपी ने फीता काटकर भवन का लोकार्पण किया। उद्घाटन समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह सहित जिले के कई पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नए भवन का निरीक्षण किया और इसकी सुविधाओं का जायजा भी लिया पुलिस क्लब के शुरू होने से अब जिले के उपनिरीक्षक और निरीक्षक स्तर के अधिकारी एक ही परिसर में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। इससे न केवल उनके बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, बल्कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित संवाद और प्रभावी कार्रवाई भी संभव हो सकेगी अधिकारियों का मानना है कि एक ही छत के नीचे रहने से आपसी तालमेल मजबूत होगा और आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की प्रतिक्रिया पहले से अधिक तेज और प्रभावी होगी। एसपी अग्रवाल स्कोर ने कहा- पुलिस विभाग को बेहतर आवासीय एवं कार्य वातावरण उपलब्ध कराने वाले विभाग इसमें शामिल हैं।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुलिस क्लब अधिकारियों के लिए सशक्त होने के साथ-साथ उनके और गरीबों को भी बढ़ावा मिलेगा। शहर के कलेक्ट्रेट के निकट स्थित यह पुलिस क्लब रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यहां से जिले के विभिन्न हिस्सों में आवश्यकता पड़ने पर पुलिस अधिकारी आसानी से पहुंच सकेंगे। उद्घाटन के अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने इसे पुलिस विभाग के लिए एक उपयोगी और महत्वपूर्ण सुविधा बताते हुए कहा कि इससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में और अधिक मजबूती मिलेगी!!

## लुलु ग्रुप द्वारा ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए लुलु ग्रुप, लखनऊ ने लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं एवं जनसुरक्षा में योगदान के लिए छाते एवं हेलमेट भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में राघवेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक), लखनऊ, जयकुमार गंगाधरन, निदेशक -उत्तर प्रदेश, तेलंगाना एवं दिल्ली, लुलु ग्रुप, तथा नोमान अज़ीज़ खान, निदेशक -कर्नाटक, लुलु ग्रुप सहित ट्रैफिक पुलिस एवं लुलु ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।' अपने संबोधन में राघवेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक), लखनऊ ने इस पहल के लिए लुलु ग्रुप का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान कार्यक्रम ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हैं तथा समाज और पुलिस के बीच सहयोग एवं विश्वास को और मजबूत बनाते हैं। उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और इसमें नागरिकों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयकुमार गंगाधरन, निदेशक -उत्तर प्रदेश, तेलंगाना एवं दिल्ली, लुलु ग्रुप ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के जवान हर मौसम और हर परिस्थिति में नागरिकों की सुरक्षा एवं




सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करते हैं। लुलु ग्रुप उनके योगदान का सम्मान करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि लुलु ग्रुप भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा तथा समाज एवं प्रशासन के साथ मिलकर जनहित में कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नोमान अज़ीज़ खान, निदेशक -कर्नाटक, लुलु ग्रुप ने कहा कि लुलु ग्रुप केवल व्यवसायिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ जुड़कर सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी निरंतर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी एवं कर्मी नागरिकों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। उन्होंने इस पहल को लुलु ग्रुप और प्रशासन के बीच सार्थक सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि भविष्य में भी लुलु ग्रुप इस प्रकार की जनहित एवं सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों को छाते वितरित किए गए, वहीं महिला ट्रैफिक कर्मियों को विशेष रूप से हेलमेट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर लुलु ग्रुप ने अपने आगामी मेगा शॉपिंग अभियान 'Lulu On Sale' की भी घोषणा की। यह विशेष सेल 9 जुलाई से 12 जुलाई 2026 तक लुलु हाइपरमार्केट, लुलु मॉल, लखनऊ में आयोजित की जाएगी, जिसमें ग्राहकों को विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों की विशाल श्रृंखला पर फ्लैट 50% तक की छूट का लाभ मिलेगा। ग्राहकों के लिए फैशन, ग्रॉसरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एसेंशियल्स एवं अन्य अनेक उत्पादों पर आकर्षक ऑफर उपलब्ध रहेंगे। लुलु ग्रुप ने सभी ग्राहकों एवं परिवारों को इस विशेष सेल का हिस्सा बनने और बेहतरीन खरीदारी अनुभव का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

## बसंतपुर एमआरएफ प्लांट का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**● बंद प्लांट शनिवार से चालू कराने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को ग्राम बसंतपुर स्थित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट परिसर में बड़ी मात्रा में जमा कूड़ा देखकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान प्लांट संचालक ने जिलाधिकारी को बताया कि कुछ लोगों द्वारा जबरन प्लांट परिसर में कूड़ा डंप किया गया है। साथ ही पर्याप्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण भी प्रभावित हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर अपर जिलाधिकारी एवं लेखपाल को बुलाकर नक्शे के आधार पर अतिरिक्त भूमि का चिन्हांकन कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि चिन्हित भूमि का तत्काल निरीक्षण कर वहां तक पहुंचने के लिए प्राथमिकता के आधार पर मार्ग का निर्माण कराया जाए, जिससे शहर का ठोस अपशिष्ट व्यवस्थित रूप से प्लांट तक पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि उपलब्ध होने के बावजूद नगर पालिका परिषद द्वारा उसका समुचित उपयोग नहीं किया जाना



गंभीर लापरवाही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्लांट परिसर में कूड़े का अंबार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। डीएम ने प्लांट संचालक को शनिवार से हर हाल में प्लांट का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलदार, लेखपाल एवं प्लांट संचालक को संयुक्त रूप से भूमि का अंतिम चिन्हांकन करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्लांट परिसर में पौधारोपण, नियमित साफ-सफाई एवं हरित वातावरण विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिसर स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पर्यावरण के अनुकूल होना चाहिए। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद को आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) नहीं मिलने के कारण यह प्लांट जनवरी माह से बंद पड़ा था, जिससे शहर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इस अवसर पर एसडीएम अनिल कुमार, प्लांट संचालक अभिनाश कुमार सिंह, तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन की मासिक बैठक सम्पन्न




**सीतापुर-** आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के तत्तवावधान में खैराबाद स्थित फाउंडेशन कार्यालय में मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिलाओं ने भाग लेकर संगठन की मजबूती और एकजुटता का परिचय दिया। बैठक में दिव्यांगजनों ने अपनी समस्याएं पदाधिकारियों के समक्ष रखीं। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने की। फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव बिन्दू मौर्या ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश की दुकान संचालन एवं शादी अनुदान योजना तथा खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग उत्तर प्रदेश की निःशुल्क पॉपकॉर्न मशीन योजना का लाभ पात्र दिव्यांगजन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष हरीशंकर गुप्ता ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए नए पदाधिकारियों की जल्द नियुक्ति की बात कही। बैठक का उद्देश्य दिव्यांग जनों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना रहा। इस अवसर पर विजयपाल, गुड्डू, हरिलाल, कौशल किशोर, अली हसन, मोमिना, मानसी, अंजनी सिंह, जय देवी, कुलदीप सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सैकड़ों ग्रामीणों ने थाना घेरा छत से गिरकर युवक की मौत पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर-** जनपद सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के असईपुर गांव में 30 जून को संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर हुई 35 वर्षीय तिलक राम की मौत का मामला शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे से तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक के परिजन इसे हादसा नहीं बल्कि हत्या बता रहे हैं मुकदमा न लिखने और कार्रवाई न होने से नाराज सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने शुक्रवार को थाने का घेराव कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। मृतक के भाई रामसेवक ने बताया कि घटना की रात तिलक राम घर की छत पर सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे घर के अंदर थे। सुबह करीब चार बजे वह घर के पीछे जमीन पर पड़े मिले। परिजन मौके पर पहुंचे तो उनकी मौत हो चुकी थी। रामसेवक का आरोप है कि केवल छत से गिरने से उनकी मौत नहीं हो सकती उन्होंने दावा किया कि मृतक के गले में सूजन थी और एक कान भी फटा हुआ था, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। वहीं




पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी ऐसी कोई स्पष्ट चोट सामने नहीं आई, जिससे हत्या की पुष्टि हो सके। मृतक अपने पीछे पत्नी, तीन बेटियों और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया और कुछ समय के लिए सड़क जाम कर दी। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन बैकफुट पर आ गया और परिजनों को मुकदमा दर्ज कर जांच करने का आश्वासन दिया पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और हंगामा खत्म कर दिया सूचना पर क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और परिजनों से बातचीत कर पूरे प्रकरण की जानकारी ली तथा निष्पक्ष जांच और विधिक कार्रवाई का भरोसा दिलाया!!

## भारत का थोरियम मिशनः तीन-चरण वाला परमाणु ऊर्जा संयंत्र' विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा 03 जुलाई, 2026 को इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में 'भारत का थोरियम मिशनः तीन-चरण वाला परमाणु ऊर्जा संयंत्र' विषय पर एक महत्वपूर्ण तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। भारत का 500 MWe (मेगावाट इलेक्ट्रिकल) क्षमता वाला प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (PFBR), जो तमिलनाडु के कलपक्कम (Kalpakkam) में स्थित है, 6 अप्रैल 2026 को रात 08:25 बजे सफलतापूर्वक क्रिटिकल (Critical) यानी सक्रिय हो गया। 'क्रिटिकैलिटी' (Criticality) का मतलब है कि रिएक्टर कोर के भीतर एक नियंत्रित और आत्मनिर्भर न्यूक्लियर फिशन चेन रिएक्शन (परमाणु विखंडन श्रृंखला) शुरू हो चुकी है। यह उपलब्धि भारत के तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम (तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा



कार्यक्रम) के दूसरे चरण (स्टेज 2) की शुरुआत का प्रतीक है। इसके साथ ही व्यावसायिक स्तर पर फास्ट ब्रीडर रिएक्टर संचालित करने वाला भारत, रूस के बाद दुनिया का दूसरा देश बन गया है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. (डॉ.) उषा बाजपेयी, पूर्व प्रोफेसर, लखनऊ विश्वविद्यालय ने सहभागिता की। अपने व्याख्यान में उन्होंने भारत के थोरियम आधारित परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम तथा तीन-चरणीय परमाणु ऊर्जा उत्पादन प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि भारत के विशाल थोरियम भंडार देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने थोरियम आधारित रिएक्टर प्रौद्योगिकी, परमाणु ईंधन चक्र तथा ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने स्वच्छ, सुरक्षित एवं सतत ऊर्जा उत्पादन में थोरियम की उपयोगिता तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी. पी. सिंह, अध्यक्ष, आई.ई.आई. उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए स्वदेशी एवं दीर्घकालिक ऊर्जा स्रोतों का विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि थोरियम आधारित परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम भारत को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने के साथ-साथ स्वच्छ एवं टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे उपयोगी एवं समसामयिक तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम की संयोजक प्रो. (डॉ.) नीलम श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मानद सचिव इं. एन. के. निषाद ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# संक्षिप्त खबरें

## बिजली के करेंट की चपेट में आने से भैंस की की गई जान



**चुनार।** कोतवाली क्षेत्र के उस्मानपुर में बिजली के खम्भे की स्टे अर्थिंग तार के चपेट में आकर गुरुवार की शाम एक भैंस की करेंट लगने से मौत हो गई।पीड़ित पशु पालक 112 पुलिस को सूचना देकर अवगत करा दिया है। जानकारी के मुताबिक नागरपुर निवासी सुखराम बिन्द पुत्र कल्लू ने अपने भैंस को चराने के लिए डिग्री कालेज के तरफ ले जा रहे थे। इसी दौरान सड़क पर लगें हुए बिजली के खम्भे में अर्थिंग तार में अपनी सिंघ खुजलाने लगी उसी दौरान अचानक करेंट आ गया जिससे मौके पर ही भैंस की मौत हो गई। पीड़ित सुखराम बिन्द ने चुनार पुलिस 112 को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जनरल डायरी प्रविष्ट अंकित कर ली है।

## मिर्जापुर में अज्ञात वाहन से गिरे चार बिजली के खंभे

**मिर्जापुर।** अहरौरा नगर पालिका के नजदीक खंबे में लगी केबल से रोड पार कनेक्शन में किसी वाहन का ऊपरी सिरा फस जाने के कारण ताबड़तोड़ चार खंबे धराशाई हो गए। घटना गुरुवार रात्रि लगभग 8:15 बजे की है। लोग अपने-अपने कार्य में व्यस्त थे कि अचानक बिजली के भारी स्पार्क के आवाज के साथ लाइट कट जाने की वजह से लोग घर के बाहर आ गए। खंबे के पास तीन चार लड़के बैठकर आपस में बात कर रहे थे की एक वाहन गुजरा जिसमें विद्युत पोल का केवल फस गया, जब तक लड़के कुछ समझ पाए वहां फंसे हुए केवल को खींचते हुए फरार हो गया जिससे ताबड़तोड़ चार खंबे जमीन पर आ गिरे। गनीमत रही की कोई हताहत नहीं हुआ क्योंकि लाइट सप्लाई भी चालू थी। लोग अज्ञात भय से इधर-उधर देखने लगे की कोई चपेट में ना आ गया हो। कोई अप्रिय घटना न होने से लोगों ने राहत के सास ली। स्थानियों ने तत्काल इलाके के बिजली कर्मी को सूचित कर बिजली सप्लाई बंद कराई। मौके पर तत्काल बिजली कर्मचारी पहुंच गए लेकिन अंधेरा होने की वजह से रोड पर फैले वायर केबल काटकर किनारे करके चले गए। मोहल्ले वासियों को रात भर उमस भरी गर्मी के साथ बिताना पड़ा,सुबह होने के साथ ही बिजली कर्मचारियों ने नए खंबे के साथ आकर बिजली दुरुस्त करने में लग गए।

## आज का सम्पूर्ण समाधान दिवस स्थगित, अब 6 जुलाई को होगी सुनवाई




**भदोही।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के आयोजन को देखते हुए 4 जुलाई (शनिवार) को प्रस्तावित सम्पूर्ण समाधान दिवस स्थगित कर दिया गया है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब यह आयोजन 6 जुलाई (सोमवार) को जनपद की सभी तहसीलों में पूर्व निर्धारित समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समय से उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतों को गंभीरता से सुनें और उनका गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता बरती जाए तथा पात्र मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे 4 जुलाई के बजाय 6 जुलाई (सोमवार) को अपनी संबंधित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत करें।

## डॉ सुमन लता ने ग्रहण किया प्राचार्य का पदभार

**चुनार, मीरजापुर।** डॉ सुमन लता ने मंगलवार को डॉ राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज भैरवतालाब के प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया। डॉ सुमन लता को निवर्तमान प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार ने पदभार ग्रहण कराया। चुनार क्षेत्र के तमन्नपट्टी निवासी डॉ सुमनलता के प्राचार्य बनने पर क्षेत्र के लोगो में हर्ष व्याप्त है।मोनिका चतुर्वेदी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय वर्मा, रेखा वर्मा, डॉ डी के सिंह, ज्योतिषचार्य बृजेश चतुर्वेदी, मोहित सिंह, स्वेता सिंह, सरला चौबे, डी एस कुशवाहा, कमलेश सिंह, अनिल मिश्रा आदि ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ग्राम प्रधान के द्वारा 4 वर्ष से लिया गया है पट्टा करने के नाम पर पैसा लेने का आरोप

● पैसा वापस मांगने पर पीड़ित को दिया जा रहा है उखाड़ लेने की धमकी।

अब अधिकारियों वाले रौब में बात करते हैं ग्राम प्रधान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत नैडी कठारी ग्राम प्रधान के द्वारा 4 वर्ष से पट्टा के नाम पर लिया गया है पैसा पीड़ित ने जब मागा पैसा तो ग्राम प्रधान ने पीड़ित को फोन करके धमकी देते हुए कहा है कि उखाड़ लेना जो उखाड़ना होगा। नहीं देंगे कोई पैसा जब तहसील में पुलिस को ले जाकर पैसा दे देते हो तो नहीं मांगते हमको दिए हो तो वापस मांगने आए रहे हो अधिकारियों को पैसा देते हो तो मांगते हो अब अधिकारी वाले रौब में बात करते है ग्राम प्रधान ग्रामीणों ने बताया कि एक आदमी से नहीं बल्कि लगभग तमाम आदमियों से पट्टा के नाम पर ग्राम प्रधान के द्वारा लिया गया है पैसा जब पीड़ीत पैसा मांगते हैं तो इसी तरीके से दबाने का करते हैं ग्राम प्रधान प्रयास पूर्व में भी एक बार ग्राम प्रधान का जांच हुआ था ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के ऊपर वसूली का लगाए थे आरोप ग्राम पंचायत नैडी कठारी मे ग्राम प्रधान के द्वारा जमकर किया गया है वसूली अपने आप को बताया जाता था बहुत बड़ा पावरफुल 5 वर्ष में ग्रामीणों ने खोल रखा ग्राम प्रधान का पूरा पोल ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकारी धन का तो गमन किया ही हैं पब्लिक के साथ भी ग्राम प्रधान के द्वारा किया गया है धोखाधड़ी ऐसे में ग्रामीणों का जिला प्रशासन से मांग है कि ऐसे भ्रष्ट ग्राम प्रधान की जांच की जाए और इनके साथ में जितने भ्रष्टाचार में सम्मिलित हो उनके खिलाफ भी कड़ी से कड़ी करवाई किया जाए।

पीड़ित की ऑडियो रिकॉर्डिंग पर ग्राम प्रधान में कबूल किया है कि हां हम पैसा लिए हैं वही दोबारा फोन करके प्रधान पुत्र के द्वारा भी कहा गया कि पैसा ले लो इधर-उधर ऑडियो रिकॉर्डिंग क्यों भेज रहे हो पीड़ित के ऊपर दबाव बनाने का पूरा प्रयास ग्राम प्रधान व प्रधान पुत्र के द्वारा किया जा रहा है साथ ही साथ प्रधान पुत्र ने कहा है कि गांव की बात आप लोग मीडिया में क्यों पहुंचाते हैं गांव के भ्रष्टाचार की खबर दबाने का प्रयास करते हैं ग्राम प्रधान व उनके पुत्र पीड़ित को कहा गया कि हम भी तुम्हारे ऊपर आरोप लगा रहे हैं कि हमारे यहां से तुम चावल ले गए हो पीड़ित ने कहा कि हां हम भिखारी है इसलिए चावल लिए हैं यह देखिए भ्रष्टाचार का खेल अपनी कमी छुपाने के लिए पीड़ित के ऊपर आरोप लगाकर फूल दबाने का किया जा रहा प्रयास इसी को कहते हैं रामराज इस संबंध में प्रधान के पुत्र शशिकांत ने फोन करके कहा है कि हम पीड़ित को चावल दिए हैं उसका पैसा बाकी है।

## पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने की जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कार्यालय में आए आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किए। मामलों का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही ने पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश के क्रम में मामलों का निस्तारण केवल कागजों पर न होकर धरातल पर होना चाहिए, जिससे पीड़ित पक्ष पूरी तरह संतुष्ट हो। पुलिस थानों पर आने वाले हर पीड़ित के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए और उनकी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाए।

## प्लॉट से जबरन नाली निकालने के विवाद में खूनी संघर्ष

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम लिधौरा में प्लॉट से जबरन नाली निकालने को लेकर विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर एक ही परिवार के चार लोगों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला कर महिलाओं सहित पांच लोगों को घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम लिधौरा निवासी गब्बर सिंह पुत्र औसाव सिंह यादव ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 1 जुलाई की शाम करीब 7 बजे गांव के मेघराज पुत्र अपरबल यादव तथा उसके पुत्र भान सिंह, गिरवर सिंह और विक्रम सिंह उनके निजी प्लॉट से जबरन नाली निकलवा रहे थे। जब परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर एक राय होकर लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया।

## उधार के पैसे मांगने पर युवक पर ट्रैक्टर चढ़ाने वाले दोषी को आजीवन कारावास

● 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत प्रभावी पैरवी से मिली सजा, 2.60 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** उधार के पैसे मांगने पर युवक के ऊपर जानबूझकर ट्रैक्टर चढ़ाकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, भदोही-ज्ञानपुर की अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास सहित विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर कुल 2.60 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसमें से 90 प्रतिशत धनराशि घायल को प्रदान किए जाने का आदेश दिया गया है। अभियोजन के अनुसार थाना ऊंज क्षेत्र के सोबरी गांव निवासी बब्बुन गिरी ने 31 मई 2018 को थाना ऊंज में तहरीर देकर बताया था कि उनका पुत्र रविशंकर गिरी ग्राम चौरहटा में अपना उधार का पैसा लेने गया था। इसी दौरान पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि समर बहादुर सिंह उर्फ मोनू सिंह ने जान से मारने की नीयत से तेज रफ्तार ट्रैक्टर रविशंकर गिरी के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के संबंध में थाना ऊंज में मुकदमा अपराध संख्या 71/2018 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 307, 325, 504 एवं 427 में मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में संचालित 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत इस मामले की प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल तथा लोक अभियोजक प्रफुल्ल मालवीय एवं अशोक मिश्रा की सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने अभियोजन के साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए आरोपी को दोषी करार दिया।



अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय दुर्गेश की अदालत ने दोषी समर बहादुर सिंह उर्फ मोनू सिंह को धारा 307 के तहत आजीवन कारावास एवं दो लाख रुपये अर्थदंड, धारा 325 के तहत सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 504 के तहत दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 427 के तहत दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। न्यायालय ने आदेश दिया कि अर्थदंड जमा न करने की स्थिति में दोषी को छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। साथ ही, वसूल की जाने वाली कुल अर्थदंड राशि का 90 प्रतिशत हिस्सा घायल रविशंकर गिरी को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किया जाएगा।

## गैरकानूनी लॉटरी और सट्टे का धंधा करने वालों की गुंडागर्दी, पत्रकार को पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना** गैरकानूनी लॉटरी और सट्टे का धंधा करने वाले शेरू नाम के एक बिजनेसमैन, उसके साथियों थंडू ,राम कृष्ण अरोड़ा और 10- 15 अन्य लोगों ने खबर खबर के लिए गए एक पत्रकार को बाधक बना कर बुरी तरह पीटने के बाद डराने धमकाने के साथ 17 हजार रुपए ले लिया। अवैध कारोबारी ने गुंडों की मदद से मनचाही बात बुलवा कर वीडियो भी बना लिया। घटना से मर्माहत पत्रकार ने इलाज व मेडिकल करवाने के बाद शुक्रवार को सी पी लुधियाना से मिलकर घटना की जानकारी देते हुए विधिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

विदित हो कि बीते 1 जुलाई को राष्ट्रीय हिंदी मासिक पत्रिका प्रश्न विचार के राज्य ब्यूरो प्रमुख अमन तिवारी अपने परिचित व्यक्ति जो दारा सट्टा में तीन लाख रुपए हारने के बाद काफी परेशान था, के बताए अनुसार अवैध कारोबारी के अड्डे पर पहुंच गए। वे स्थिति की वीडियोग्राफी कर पाते कि अवैध कारोबारी व उसके अन्य सहयोगियों ने शटर बंद कर उन्हें बल पूर्वक लगभग डेढ़ घंटा तक बैठाए रखा। इस दौरान उन्हें मार पीट कर प्रताड़ित करते हुए उनकी जेब से 7 हजार रुपए निकाल लिया और 10 हजार रुपए का पेटीएम भी करवा लिया। अवैध कारोबारी यहीं नही रुका उसने पत्रकार तिवारी से एक ब्लैंक चेक भी लिया और एक सादे कागज पर साइन भी करवाया। इस दौरान गुंडों से घिरे पत्रकार को भयाक्रांत होकर माफ़ी भी मांगनी पड़ी।

**पीड़ित पत्रकार ने पुलिस कमिश्नर से की शिकायत**

पत्रकार तिवारी ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर स्थिति की जानकारी देते हुए उन्हें शिकायती प्रार्थना पत्र देकर विधिक कार्यवाही की मांग किया। जिसके क्रम में मामले की गंभीरता को समझते हुए सी पी लुधियाना ने जांच व कार्यवाही के लिए ए सी पी को जिम्मेदारी दी है। शिकायत करते समय पीड़ित पत्रकार ने पुलिस कमिश्नर को अवगत कराते हुए कहा है कि लुधियाना टिब्बा रोड पर शेरू नाम का एक आदमी बहुत ताकत से लॉटरी का धंधा करता है, जिसे पहले सेंट्रल रूरू ने 3 नंबर थाने के इलाके से भगा दिया था और उसका गैरकानूनी सट्टे का धंधा बंद करा दिया था। टिब्बा रोड पर उसकी दुकान है, लेकिन पिछले हफ्ते दारा सट्टे में हमारे एक परिचित भाई तीन लाख रुपये हार गए। उसने हमसे बात की और आपबीती सुनाते हुए कहा कि वह सुसाइड कर लेगा। मैंने उसे भरोसा दिलाया कि वह किसी बात से न डरे। उसे पुलिस कमिश्नर के सामने पेश करेंगे और उसकी गैरकानूनी दारा सट्टे की दुकानें भी बंद करा देंगे। *पीड़ित पत्रकार ने कहा कि वे 1 जुलाई को शाम करीब 4:30 बजे अवैध दुकान पर रिपोर्ट करने और आस-पास देखने गए थे। उन्होंने वहीं फोटो खींचने व वीडियो बनाने का प्रयास किया। अवैध कारोबारी व उसके लोगों ने उनका मोबाइल छीन लिया और थप्पड़ मारना शुरू कर दिया।अंदर से दरवाज़ा बंद कर लिया। उसके बाद, उन्हें करीब डेढ़ घंटे तक वहीं बैठाए रखा मौके पर मौजूद राम कृष्ण अरोड़ा ने किसी तरह बचाया और बाहर निकाला। अरोड़ा ने पत्रकार तिवारी से परिचय पुछते हुए कहा कि ये बहुत खतरनाक लोग हैं। उनका टीबा पुलिस स्टेशन पर 2 लाख रुपये महीने देता है। उसने कहा कि मैं तुम्हें यही समझा रहा हूँ। वे 5 मिनट में तुम्हारे खिलाफ लूट का केस कर देंगे। तिवारी ने कहा कि मैं थोड़ा डर गया क्योंकि मैं अकेला था और मैंने वहीं किया जो राम कृष्ण अरोड़ा ने कहा। मैंने उनसे 7000 रुपये कैश और 10000 रुपये पेटीएम में देने को कहा। मैंने अपने दोस्त से उनके कहे अनुसार 1 लाख रुपये देने को कहा। बदले में उन्होंने मुझसे एक कोरा कागज और एक साइन मांगा। उन्होंने ब्लिंग चेक ले लिया। इन तीनों का पुलिस रिकॉर्ड पहले भी खराब रहा है।

## नाबालिग़ को भगाने का आरोपी गिरफ्तार



**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित लड़की की मां द्वारा कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है ,वहीं नाबालिग को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। पीड़िता की मां ने कोतवाली में दिये गये तहरीर के आधार पर 01 जुलाई को बेटी घर से निकलीं थी काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन आसपास ,रिश्तेदारों के यहां की फिर भी कुछ पता नहीं चला।इसी दौरान उन्हें सुराग़ मिला कि अदलपुरा चौकी क्षेत्र के आराजी लाइन सुल्तान पुर गांव निवासी आकाश पुत्र दिनेश उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिजनों के लिखित शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

## भट्ठा संचालकों को डीएम की दो टूक: नियमों से करें खनन, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** ईट- भट्ठा संचालकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने खनन एवं मिट्टी परिवहन को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जनपद में सभी खनन गतिविधियां पूरी तरह वैधानिक, पारदर्शी एवं शासन के निर्धारित नियमों के अनुरूप ही संचालित की जाएंगी। अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन अथवा नियमों के उल्लंघन पर संबंधित लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में भट्ठा संचालकों ने ईट निर्माण के लिए मिट्टी की उपलब्धता, खनन पट्टों, अनुमति प्रक्रिया, परिवहन व्यवस्था तथा अन्य प्रशासनिक औपचारिकताओं से जुड़ी समस्याएं और सुझाव रखे। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि पात्र व्यक्तियों एवं इकाइयों को नियमानुसार आवश्यक अनुमतियां उपलब्ध कराई जाएंगी तथा किसी प्रकार की अनावश्यक कठिनाई नहीं आने दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मिट्टी परिवहन में लगे सभी वाहनों का संचालन केवल वैध ड्राइविंग लाइसेंसधारी चालक ही करें। प्रत्येक खनन स्थल पर स्पष्ट सूचना पट्ट लगाया जाए, खनन क्षेत्र का नियमानुसार सीमांकन किया जाए तथा सुरक्षा के लिए झंडियां और चेतावनी संकेत अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी भट्ठा संचालकों को पर्यावरणीय मानकों, खनन नियमों एवं शासन के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करना होगा। केवल वैध अनुमति के आधार पर निर्धारित शर्तों के अनुरूप ही खनन एवं मिट्टी परिवहन किया जाए।

बैठक में प्रशासन और भट्ठा संचालकों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया गया, ताकि ईट-भट्ठा उद्योग से संबंधित गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हों और पर्यावरण संरक्षण, राजस्व हित तथा विधि-व्यवस्था के सभी मानकों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं समस्याओं के समाधान के प्रति सकारात्मक आश्वासन पर आभार व्यक्त किया।

## बदमाशों ने छीना कैश से भरा बैग तलाश में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र में गुरुवार रात बाइक सवार बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने वसूली कर लौट रहे दो कर्मचारियों की वाहन के टायर में गोली मार कर उन्हें रोक लिया और करीब ढाई लाख रुपए से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने नाका बंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मड़िहान थाना क्षेत्र के बेला जंगल मार्ग पर गुरुवार रात करीब 8:00 बजे लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई। पल्सर बाइक सवार दो बदमाशों ने वसूली कर लौट रहे तो कर्मचारियों की वाहन के टायर में गोली मार दी। टायर फटने के बाद वाहन रुक गई और बदमाश नगदी से भरा बैग लूट कर फरार हो गए।



जानकारी के अनुसार लोहंदी निवासी सुनील यादव और छोटा मिर्जापुर निवासी राजकुमार कटरा कोतवाली के सामने स्थित मिलन थ्रेड कंपनी में कार्यरत हैं। दोनों कर्मचारी कंपनी की वसूली के सिलसिले में सोनभद्र के घोरावल गए थे वहां से करीब ढाई लाख रुपए की वसूली करके मड़िहान मार्ग से मिर्जापुर लौट रहे थे। इसी दौरान बेला जंगल मार्ग पर पहले से घात लगाए बैठे पल्सर सवार दो बदमाशों ने उनकी वाहन के टायर पर गोली चला दी। टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर रुक गई। इसके बाद बदमाश कर्मचारियों के पास मौजूद नगदी से भरा बैंग छीनकर फरार हो गए।

मिलन थ्रेड कंपनी के संचालक सचिन ने बताया कि घटना में दोनों कर्मचारी सुरक्षित हैं और किसी को गोली नहीं लगी है। बदमाश केवल नगदी से भरा बैग लूटकर भागे हैं। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मड़िहान थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रो में नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही संभावित मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है । जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


## बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिन पर होगा कार्यक्रम

● अपराह्न दोपहर तीन बजे बजे से होगा कार्यक्रम

● मिष्ठान व जलपान की रहेगी व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुरियावां।** नगर के बाईपास चौराहे पर शनिवार 4 जुलाई 2026 को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों के लिए मिष्ठान वितरण तथा जलपान की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के आयोजकों में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता रोहित चौरसिया एवं भावी जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार अधिवक्ता सूरज कुमार पाण्डेय ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य लोगों को एक मंच पर जोड़ना तथा सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान सनातन



धर्म के मूल्यों, सामाजिक समरसता तथा धार्मिक परंपराओं पर भी चर्चा की जाएगी।

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ हिंदू राष्ट्र के संकल्प को लेकर भी विचार साझा किए जाएंगे। उन्होंने जिले के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यह कार्यक्रम शनिवार को दोपहर बाद सुरियावां नगर के बाईपास चौराहे पर आयोजित होगा, जहां स्थानीय गणमान्य लोगों, धर्मप्रेमियों और क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को मिष्ठान एवं जलपान कराया जाएगा।

## 22 लाख रुपये के गांजा तस्करी के मामले का वांछित आरोपी गिरफ्तार



**भदोही।** थाना चौरी पुलिस ने 22 लाख रुपये मूल्य के गांजा तस्करी मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी जग्गू साहनी (24) पुत्र मैलू साहनी, निवासी मलहिया टोला रमना, थाना लंका, जनपद वाराणसी को रेलवे स्टेशन छिवकी से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई इस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपी वर्ष 2025 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में वांछित था। इस मामले में 27 दिसंबर 2025 को पुलिस ने उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर किआ कैरेंस कार से 1 क्विंटल 880 ग्राम अवैध गांजा (करीब 22 लाख रुपये) तथा चार फर्जी नंबर प्लेट बरामद की थीं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक रामसरीख गौतम, उपनिरीक्षक परवेश राय, उपनिरीक्षक अरविंद सिंह यादव, कांस्टेबल अजय सिंह, अरविंद कुमार, सुजीत कुमार एवं आरक्षी रोहित कुमार शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से बदली प्रदीप कुमार की जिंदगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जनपद बस्ती के रौतापार, ब्लॉक रोड, गांधीनगर निवासी प्रदीप कुमार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ लेकर अपने पारंपरिक बैग निर्माण व्यवसाय को नई पहचान दी है। कभी आर्थिक तंगी के कारण अपना कारोबार शुरू करने में असमर्थ रहे प्रदीप आज आत्मनिर्भर बन चुके हैं और हर महीने लगभग 20 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं। प्रदीप बताते हैं कि बैग निर्माण का कार्य उनके परिवार का पारंपरिक व्यवसाय है। बचपन से ही उन्होंने इस कार्य को सीखा और भविष्य में इसे अपना रोजगार बनाने का संकल्प लिया। कौशल और अनुभव होने के बावजूद पूंजी के अभाव में वे अपना उद्यम स्थापित नहीं कर पा रहे थे। इसी बीच उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की जानकारी मिली। उन्होंने योजना के तहत आवेदन किया और बड़ौदा ग्रामीण बैंक, मालवीय रोड, बस्ती से 1 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त हुआ।

ऋण मिलने के बाद प्रदीप ने आवश्यक मशीनें, कच्चा माल और अन्य संसाधन जुटाकर अपने बैग निर्माण व्यवसाय का विस्तार किया। धीरे-धीरे उनके उत्पादों की मांग बढ़ने लगी और कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली। आज उनका व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और भविष्य के प्रति उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

प्रदीप का कहना है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। वे इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार, माननीय मुख्यमंत्री जी, जनपद प्रशासन तथा योजना से जुड़े सभी अधिकारियों और बैंक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनके सहयोग से उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल सका।



प्रदीप का मानना है कि यदि युवाओं को सही मार्गदर्शन और समय पर आर्थिक सहायता मिले तो वे स्वयं का सफल उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सरकार की स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें, उनका लाभ उठाएं और अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिलकर जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## तालवा-चांदना-श्रीधरपाड़ा सड़क निर्माण को मंत्रिमंडल की मंजूरी, विधायक स्टीफन मरांडी ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः–** महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने झारखंड मंत्रिमंडल द्वारा पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत तालवा से ग्राम चांदना खारूटोला तथा चांदना से श्रीधरपाड़ा तक कुल 17.910 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण योजना को स्वीकृति दिए जाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधायक मरांडी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क परियोजना से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीणों के सामाजिक और आर्थिक जीवन स्तर में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की आवश्यकता थी और इसकी स्वीकृति से हजारों ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री का ग्रामीणों की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस सड़क का निर्माण पथ निर्माण विभाग, पाकुड़ की देखरेख में कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार, इस परियोजना की प्राक्कलित लागत 128 करोड़ 20 लाख 34 हजार 500 रुपये निर्धारित की गई है। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने की सूचना से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

## एनजीटी के दौरान बरही सीओ की कार्रवाई, बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः–** राज्य में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नियम लागू रहने के दौरान बरही अंचल प्रशासन ने अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बरही अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने शुक्रवार सुबह करीब छह बजे पंचमाधव क्षेत्र में छापेमारी कर बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया। जानकारी के अनुसार, दोनों ट्रैक्टरों से बालू का परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के बाद जब्त ट्रैक्टरों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए बरही थाना को सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि राज्य में एनजीटी के निर्देश प्रभावी हैं। ऐसे में बालू का अवैध उत्खनन और बिना वैध अनुमति के परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध बालू कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एनजीटी के नियमों का पालन करें तथा अवैध बालू उत्खनन और परिवहन से दूर रहें। सीओ ने स्पष्ट किया है कि बरही में इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## नारायणपुर में सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य आयोजन



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखण्डः–** शुक्रवार को नारायणपुर ब्लॉक प्रांगण में सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। बीडीओ कमलेश कुमार दास ने व मुखिया मुनी मरांडी ने दीप प्रज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेले तथा देश का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि पढाई के साथ साथ खेल भी आवश्यक है। सुब्रतो कप टूर्नामेंट में क्षेत्र के सभी उच्च विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में 17 वर्ष से कम उम्र बालक वर्ग में टेन प्लस टू उच्च विद्यालय नारायणपुर की टीम ने यूएचएस पबिया को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया, बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की टीम ने टेन प्लस टू उच्च विद्यालय नारायणपुर की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया, 15 वर्ष बालक वर्ग में यूएचएस चैनपुर बोर्ड की टीम ने टेन प्लस टू उच्च विद्यालय नारायणपुर को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। अब विजेता टीम जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगी। विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर बीपीओ अनामिका हांसदा, काशीनाथ पंडित, नवीन मुर्मू, दिनेश कुमार, मो मुमताज आदि उपस्थित थे।

# मुजफ्फरपुर में NRSM फिल्म प्रोडक्शन हाउस का शुभारंभ, स्थानीय कलाकारों को मिलेगा बड़ा मंच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मुजफ्फरपुर–** बिहार के उभरते फिल्म एवं मनोरंजन उद्योग को नई दिशा देने की पहल के तहत मुजफ्फरपुर शहर के मिठनपुरा स्थित रामबाग रोड (भारत डेयरी के सामने) में NRSM फिल्म प्रोडक्शन हाउस का भव्य शुभारंभ किया गया। समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियों एवं कला जगत से जुड़े लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. संदीप कुमार सागर, वैशाली ब्लड लाइन के संस्थापक, उत्पल रंजन, रत्ना सिन्हा, नंदनी कुमारी, खुशबू सिंह, अंकिता कमल सिन्हा, कामेश्वर प्रसाद, लक्ष्मण पासवान, राजकुमार भगत तथा अभय शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रोडक्शन हाउस का शुभारंभ किया। इस प्रोडक्शन के फाइनेंसर डॉ परविंद यादव हैं। कार्यक्रम में प्रोडक्शन हाउस के निर्देशक अजय सिंह, बी. भूषण, डीओपी अनु शर्मा, सोनू कुमार सिन्हा, अभिनेता नितीश पासवान, रौशन कुमार, साबान अंसारी, मिमो रंजन, अभिनेता मोनू कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार, कमाल सिन्हा एवं अभय सिन्हा सहित पूरी टीम मौजूद रही। सभी ने इस नई पहल को बिहार के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। मीडिया से बातचीत के दौरान एक्टर नीतीश पासवान ने कहा कि अब तक बिहार के कलाकारों और तकनीकी विशेषज्ञों को शॉर्ट फिल्म, वेब सीरीज तथा हिंदी फिल्मों की शूटिंग के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता था। लेकिन हत्र्क्ररू फिल्म प्रोडक्शन हाउस की स्थापना के बाद मुजफ्फरपुर और आसपास के क्षेत्रों के कलाकारों को अपने ही शहर में बेहतर मंच और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य बिहार की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच देना, स्थानीय कलाकारों को अभिनय, निर्देशन, सिनेमैटोग्राफी और अन्य तकनीकी क्षेत्रों में अवसर प्रदान करना तथा राज्य में फिल्म निर्माण की मजबूत संस्कृति विकसित करना है। इससे युवाओं को अपनी कला और प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर अभिनेता नितीश पासवान और सोनू कुमार सिन्हा से बातचीत के बाद यह महसूस हुआ कि मुजफ्फरपुर में फिल्म और मनोरंजन के क्षेत्र में कुछ सकारात्मक और बड़ा होने की उम्मीद अब नजर आने लगी है। दोनों ने विश्वास जताया कि यदि स्थानीय प्रतिभाओं को सही मंच और मार्गदर्शन मिले तो आने वाले वर्षों में मुजफ्फरपुर भी फिल्म निर्माण का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। उनका कहना था कि यह प्रोडक्शन हाउस केवल एक संस्था नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं के सपनों को उड़ान देने की एक नई शुरुआत है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बिहार की सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही युवाओं को अपने राज्य में ही बेहतर अवसर मिलने से फिल्म और मनोरंजन उद्योग के क्षेत्र में एक सकारात्मक माहौल तैयार होगा।

## एंटिसिपेटरी बेल पर सुनवाई फिर टली, पटना सिविल कोर्ट ने तय की नई तारीख

**पटना।** खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर फैजल खान (खान सर) की अग्रि?म जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जिला जज के छुट्टी पर रहने के कारण खान सर और अन्य आरोपितों की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हुई। अब सुनवाई 7 जुलाई को होगी। इससे पहले 30 जून को कोर्ट ने हथियारों के डॉक्यूमेंट्स जमा करने का आदेश दिया था। उस दिन लोक अभियोजक ने कोर्ट में कहा था कि फैजल खान के दोनों गार्ड के पास अवैध हथियार थे। दहशत फैलाने के उद्देश्य से 2 जून की रात फायरिंग की गई थी। बचाव पक्ष के वकील अरविंद मौआर ने हथियारों के लाइसेंसी होने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया था कि दोनों के हथियार के दस्तावेज पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। इसके बाद कोर्ट ने हथियारों के डॅक्यूमेंट जमा करने को कहा था। तीन जुलाई सुनवाई की तिथि तय की थी। अब 7 जुलाई पर सबकी नजर टिक गई है। पुलिस जांच में सामने आया था कि जून की रात खान ग्लोबल स्टडीज कोचिंग सेंटर पर पथराव और मारपीट के बाद चार राउंड गोली गार्डों ने चलाई थी। फैजल खान के कहने पर ही गार्डों ने ऐसा किया था। इस आरोप में पूर्व में दर्ज एफआईआर में बाद में खान सर का नाम भी जोड़ा गया था।

## हजारीबाग में अड्डेबाजी और मनचलों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान, 108 ठिकानों पर छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखण्डः–** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर 2 जुलाई 2026 की रात जिलेभर में अड्डेबाजी एवं मनचले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों एवं पुलिस निरीक्षकों के नेतृत्व में संचालित इस अभियान में विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी कर संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अभियान के लिए जिलेभर में सभी थाना प्रभारियों की मौजूदगी में कुल 46 विशेष टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों में 177 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे। विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अड्डेबाजी एवं मनचले व्यक्तियों के 108 चिन्हित ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 59 मनचले व्यक्तियों को हिरासत में लेकर संबंधित थानों में लाया गया, जहां उन्हें भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की सख्त चेतावनी देते हुए पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया। वहीं एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के विशेष अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे। हजारीबाग पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में अड्डेबाजी करने वाले असामाजिक तत्व, मनचले व्यक्ति या ऐसी कोई जगह हो जहां संदिग्ध गतिविधियां संचालित होती हों, तो इसकी सूचना तत्काल निकटतम थाना को दें। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस तत्काल सत्यापन कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेगी।

## तरंग ग्रुप द्वारा आयोजित निःशुल्क रोजगारोन्मुखी मेहंदी कार्यशाला संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः–** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था तरंग ग्रुप, हजारीबाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क रोजगारोन्मुखी मेहंदी कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यशाला में युवतियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आधुनिक एवं पारंपरिक मेहंदी कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को ब्राइडल मेहंदी, अरेबिक, इंडो अरेबिक, मंडला आर्ट, फुल हैंड डिज़ाइन सहित विभिन्न प्रोफेशनल मेहंदी डिजाइनों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मेहंदी कला को स्वरोजगार एवं आय का साधन बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई। इस प्रशिक्षण में शिवानी कुमारी, कनिष्ठा शाक्ये, रितिका रश्मि टोप्पो, रिया रश्मि टोप्पो, ज्योति रानी, सृष्टि कुमारी, सौरव कुमार, प्रिया शर्मा, अंजली राणा, पल्लवी राणा, ईशा कुमारी एवं अनामिका कुमारी ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों ने अपने हाथों पर आकर्षक एवं उत्कृष्ट मेहंदी डिजाइनों का प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यशाला में मेघा राज, संध्या कुमारी एवं जिया कुमारी ने प्रशिक्षक के रूप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने सरल एवं व्यावहारिक तरीके से मेहंदी कला की बारीकियाँ सिखाई, जिससे प्रतिभागियों ने कम समय में बेहतर कौशल विकसित किया। इस अवसर पर तरंग ग्रुप के निदेशक अमित कुमार गुप्ता ने कहा तरंग ग्रुप का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। आज के समय में हुनर ही सबसे बड़ी पूंजी है। यदि युवा अपने कौशल को सही दिशा दें तो वे स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। भविष्य में भी तरंग ग्रुप द्वारा इसी प्रकार की निःशुल्क रोजगारोन्मुखी कार्यशालाओं, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों ने तरंग ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से उन्हें नई तकनीकों को सीखने का अवसर मिला तथा भविष्य में स्वरोजगार के प्रति उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

## लोहरदगा-गुमला ट्रक मालिक संघ ने धीरज प्रसाद साहू व उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

### ● परिवहन व्यवस्था में सुधार की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोहरदगा, झारखंडः–** लोहरदगा-गुमला ट्रक मालिक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में संघ के संरक्षक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू लोहरदगा के उपायुक्त तथा जिला खनन पदाधिकारी कार्यालय में जिला खनन पदाधिकारी की अनुपस्थिति में खनन निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। संघ ने कहा कि दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है, लेकिन लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। ज्ञापन में लोहरदगा शहर में वैकल्पिक मार्ग (बाईपास) के निर्माण में तेजी लाने की मांग की गई। उनका कहना है कि शहर में एक ही मुख्य सड़क होने के कारण भारी वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। संघ ने जिला खनन पदाधिकारी द्वारा लागू उस व्यवस्था पर भी आपत्ति जताई, जिसके तहत पाखर से आने वाले ट्रकों को 30 मिनट तथा ऊपर पाट (नेतरहाट पठार) के अमतीपानी, कुजाम, चिरोडीह आदि खदानों से आने वाले ट्रकों को चार घंटे के भीतर खाली करने का निर्देश है। निर्धारित समय में ऐसा नहीं होने पर चालक और वाहन मालिकों पर जुर्माना लगाया जा रहा है या कानूनी कार्रवाई की जा रही है। संघ का कहना है कि पहाड़ी मार्ग, घाटी, बाजार, हाट, धरना-प्रदर्शन, मेला, धार्मिक आयोजन, विशिष्ट व्यक्तियों के आवागमन के दौरान प्रवेश प्रतिबंध, सड़क जाम, वन जांच चौकियों पर लगने वाला समय, वाहन खराब होने जैसी परिस्थितियों के कारण चार घंटे की समय-सीमा व्यवहारिक नहीं है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ती है। प्रवेश प्रतिबंध व्यवस्था को लेकर संघ ने सुझाव दिया कि सेन्हा और शंख नदी दोनों ओर प्रवेश प्रतिबंध लागू रहे, लेकिन प्रत्येक घंटे 10 से 20 ट्रकों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ा जाए, ताकि शहर में जाम और अव्यवस्था न हो। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि हिंडाल्को इंड्स्ट्रीज़ के हेसल संयंत्र में पर्याप्त वाहन खड़ा करने की व्यवस्था नहीं होने से ट्रकों को सड़क पर दो-तीन दिन तक खड़ा रहना पड़ता है। इससे चालक, परिचालक और आम लोग दोनों परेशान होते हैं। इसी कारण संघ ने हेसल संयंत्र में खाली होने वाले सभी खदानों के ट्रकों का परिचालन फिलहाल बंद कर दिया है। संघ ने वाहन खड़ा करने की व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा समझौते के अनुरूप फेरे देने या विलंब शुल्क देने की मांग भी की। संघ ने शहर में नाबालिगों द्वारा स्कूटी और मोटरसाइकिल पर तीन सवारी चलाने पर रोक लगाने, सड़क सुरक्षा समिति में संघ के पदाधिकारियों को शामिल करने तथा लोहरदगा, गुमला और लातेहार जिलों में संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का प्रस्ताव भी रखा। इसके अलावा 15 वर्ष से अधिक पुराने व्यावसायिक वाहनों को दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र में सड़क परमिट नहीं मिलने की समस्या उठाते हुए राज्य स्तर पर इसका समाधान कराने की मांग की गई। उपायुक्त ने संघ से नियमों के अनुरूप परिवहन संचालन में सहयोग करने की अपील करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। वहीं धीरज प्रसाद साहू ने सुरक्षित परिवहन व्यवस्था पर जोर देते हुए जिला प्रशासन से इस संबंध में बातचीत करने की बात कही। उन्होंने हिंदाल्को के वरिष्ठ अधिकारियों से भी परिवहन व्यवस्था सुचारु करने का आग्रह किया। बैठकों में संघ के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, सचिव मुंद्रिका यादव, कोषाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष इम्तियाज उर्फ बबलू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा एवं परिवहन

## बिहार में ड्रोन और लेजर शो से होगा श्रावणी मेले का उद्घाटन, जीविका दीदी बनाएंगी खाना

**पटना।** श्रावणी मेले के उद्घाटन के दिन सुल्तानगंज में बाबा अजगैबीनाथ मंदिर के नजदीक ड्रोन शो और लेजर शो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का खास केंद्र होगा। इसके साथ मेले के शुभारंभ और समापन के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुति भी होगी। श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जीविका के सीईओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भागलपुर, मुंगेर और बांका के जिला पदाधिकारी भी शामिल हुए। श्रावणी मेला 30 जुलाई से 28 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। पर्यटन सचिव ने कांवड़ियों की सुविधा से जुड़े काम तय समय सीमा से पहले हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। मेला क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सफाई और बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था करने, कांवड़ियों के लिए सभी महत्वपूर्ण मोबाइल नंबरों वाले साइनेज कांवड़िया पथ पर लगाने और कांवरिड़ा पथ पर बालू बिछाने का काम करने का निर्देश दिया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। गंगा घाट के पास कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए विशेष बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। कांवड़िया पथ में विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण किया जाना है, जहां स्नानघर, शुद्ध पेयजल, शौचालय, निर्बाध बिजली जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं होंगी। टेंट सिटी में भोजन के लिए जीविका दीदी की रसोई का संचालन भी किया जाएगा।

## नारायणपुर में ग्राम प्रधानों की हुई समीक्षात्मक बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः–** नारायणपुर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र के परंपरागत ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। बैठक में संगठन को सशक्त बनाने, नियमित रूप से बैठक आयोजित करने तथा अधिक से अधिक सदस्यों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, या अन्य कर्मी ग्राम प्रधानों को तवज्जो नहीं देते हैं, इसके लिए आवश्यक है कि ग्राम प्रधान अपने पंचायत में एक दिन बैठक करें। इससे संपर्क बढ़ेगा और जानकारी भी मिलेगी। परंपरागत ग्राम प्रधान आज भी अपने कई अधिकारों से वंचित हैं। ग्राम प्रधानों को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संबंधित विभाग एवं सरकार से आवश्यक पहल करने की मांग की गई। कहा कि ग्राम सभा की अध्यक्षता का अधिकार ग्राम प्रधानों को मिलना चाहिए तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समुचित जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी ढंग से संचालन हो सके।बैठक में ग्राम प्रधानों को मिलने वाले पारिश्रमिक का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। बैठक में संगठन की एकजुटता बनाए रखने तथा ग्राम प्रधानों की समस्याओं को सामूहिक रूप से उठाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर शिवलाल मुर्मू, हेमंत मुर्मू, अमृत मंडल, मो. शाहजहां, गौरी शंकर तिवारी, नरेश राय, सत्यनारायण तिवारी, सीताराम चौबे, मदन दत्ता, मंसूर अंसारी सहित अन्य ग्राम प्रधान उपस्थित थे। संबंधी बैठक में भी संघ ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं।

## भदोही पुलिस ने पांच अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

**भदोही।** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत भदोही पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना भदोही के दो और थाना दुर्गागंज के तीन आदतन अपराधियों की 'ए' श्रेणी की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना भदोही क्षेत्र से प्रदीप कुमार मौर्य निवासी रैमलपुर तथा शिवम सरोज उर्फ वकील निवासी मकनपुर की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। वहीं थाना दुर्गागंज क्षेत्र से विकास सरोज, सर्वेंद्र गिरि और लक्की गिरि उर्फ नेऊर को 'ए' श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है। पुलिस के अनुसार सभी अभियुक्तों पर लूट, चोरी, गैंगस्टर, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, विस्फोटक अधिनियम समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संगठित अपराध और क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा तथा उनकी गतिविधियों पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## सम्राट के बाद उपमुख्यमंत्री का एलानः 'कानून से ऊपर कोई नहीं', स्टेट हाईवे पर भी लगेगा टोल टैक्स

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने स्पष्ट किया कि राज्य में कानून सभी के लिए समान है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पद पर हो, यदि कानून का उल्लंघन करेगा तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह बात जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

**सम्राट चौधरी के बयान को दोहराया**

बिजेंद्र यादव का यह बयान ऐसे समय आया है, जब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी कानून के समान पालन की बात कह चुके हैं। उपमुख्यमंत्री ने साफ संकेत दिया कि सरकार किसी भी मामले में नियमों से समझौता नहीं करेगी और कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई होगी।

**स्टेट हाईवे पर भी लगेगा टोल टैक्स**

उपमुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के नए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि जिस तरह राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल टैक्स लिया जाता है, उसी तरह अब बिहार के स्टेट हाईवे पर भी टोल वसूला जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सड़कों के बेहतर रखरखाव और मरम्मत के लिए जरूरी संसाधन जुटाना है।

**'विकास के एजेंडे पर काम कर रही NDA सरकार'**

बिजेंद्र यादव ने कहा कि एनडीए सरकार न्याय के साथ विकास और 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासोन्मुखी नीतियों को आगे बढ़ाते हुए राज्य में आधारभूत संरचना और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

**भरत तिवारी मामले पर क्या बोले मंत्री?**

योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने भरत तिवारी प्रकरण पर कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। जांच आयोग अपना काम कर रहा है और रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने इस मुद्दे पर अनावश्यक बयानबाजी से बचने की सलाह दी।

**प्रशांत किशोर पर भी साधा निशाना**

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भगवान सिंह कुशवाहा ने दावा किया कि वहां एनडीए की जीत तय है। उन्होंने प्रशांत किशोर पर निशाना साधते हुए कहा कि वह केवल सोशल मीडिया के नेता हैं और जमीनी स्तर पर उनका कोई जनाधार नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता एक बार फिर एनडीए के विकास कार्यों पर भरोसा जताएगी।

## विश्व प्रसिद्ध अयोध्या के श्रीराम मंदिर का चढ़ावा चोरी भारतीय राष्ट्र के प्रति विश्वासघात ही नहीं, अपितु धर्म विरोधी कृत्य

### ● ऐसे राष्ट्रद्रोहियों को दंडित करना राष्ट्रीय धर्म है – हिन्दू विचार मंच, पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड।** सृष्टि काल से ही धर्म विश्व-ब्रह्मांड की आधारशिला रही है और धर्म ही सनातन सांस्कृतिक मूल्यों का मूलाधार भी है। धर्म शाश्वत है और किसी भी काल में इसका क्षय नहीं हो सकता। भले ही हम धर्म की परिभाषा को लेकर भ्रमित हों, पर माया कदापि धर्म को भ्रमित नहीं कर सकती। सनातन संस्कृति कहती है– 'धर्म की रक्षा करो और धर्म ही तुम्हारी रक्षा करेगा।' परंतु श्रीरामचंद्र जी को समर्पित चढ़ावे को धर्म की आड़ लेकर अधर्म (कर्मविहीन) कृत्य किया गया तो धर्म तुम्हारी रक्षा क्यों करेगा? और तुम्हारी चोरी पकड़ी गई कैसे, जबकि वहां सीसीटीवी कैमरे के अलावा कोई था ही नहीं और कैमरे को भी छिपा दिया गया था। उल्लेखनीय है कि सतयुग, त्रेतायुग और द्वापर युग में महाराजा शिवि, सगर, दिलीप, रघु, श्रीरामचंद्र जी तथा श्रीकृष्ण और कलियुग में विक्रमादित्य, चंद्रगुप्त मौर्य से लेकर अशोक आदि धर्मनिष्ठ (प्रजापालक) महाराजाओं ने, मुख्यतः ईसा की सातवीं सदी के पूर्व तक, अपने राजधर्म का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए भारतीय राष्ट्र को समृद्धि के शिखर पर पहुंचाया। भारतवर्ष को धर्मप्रधान राष्ट्र कहा गया है। क्या इससे यह निष्कर्ष निकाला जाए कि उपरोक्त सभी युगों के महाशक्तिशाली चक्रवर्ती सम्राट केवल जप, तप अथवा आराधना ही करते रहे? सनातन संस्कृति का मूलाधार ही धर्म है और धर्म धारण किए बिना विश्व का कल्याण कठिन ही नहीं, असंभव है। आर्यावर्त अथवा भारतीय वैदिक शब्दकोष में धर्म का व्यापक अर्थ कर्म है, न कि केवल उपासना और कर्मकांड। भगवत् आराधना एवं सार्वजनिक तथा व्यक्तिगत दैनिक कार्य भी धर्म के बिना संपन्न नहीं हो सकते। दूसरी ओर, वामपंथी विचारधारा के लोग धर्म को अफीम कहकर हेय दृष्टि से देखते हुए लोककल्याण में धर्म को बाधा मानते रहे हैं तथा अधर्म या कर्महीनता की बातें करते रहे हैं। स्मरण रहे कि धर्म की उपेक्षा, अधर्म, कुकर्म, किसी को अकारण पीड़ित करना अथवा अनैतिक कार्य करने वाले चाहे वे देव हों, दानव हों या महाशक्तिशाली एवं ऐश्वर्यशाली सम्राट, वे कभी भी ईश्वरीय दंड से बच नहीं पाए हैं। उल्लेखनीय है कि कठोर साधना के बल पर ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त करने के बाद भी अधर्म करने वाले ईश्वरीय दंड से नहीं बच सके। दानवराज महाबलशाली हिरण्यकशिपु ने ब्रह्मा जी से मनचाहा वरदान प्राप्त किया, फिर भी उसकी प्रवृत्ति अधार्मिक रही। वह अहंकारवश स्वयं को ईश्वर कहलवाने के लिए लोगों को अकारण पीड़ित करता रहा। उसने अपने विष्णुभक्त पुत्र प्रह्लाद को कई बार मृत्यु के मुंह में धकेला, पर परिणाम सबके सामने है। बालक प्रह्लाद के धार्मिक अर्थात भगवान की प्रेरणा से किए गए श्रेष्ठ कर्मों तथा उनके पिता के अधार्मिक कर्मों का परिणाम देखिए। प्रह्लाद सम्राट बनकर धर्मपूर्वक प्रजापालन करते रहे और उनके पौत्र राजा बलि ने भी धर्मपूर्वक प्रजापालन किया तथा अपनी भक्ति के बल पर भगवान विष्णु को भी द्वारपाल बनने के लिए विवश कर दिया। श्रीराम मंदिर का चढ़ावा चोरी करने वाले कोई भी हों, यह अप्रत्यक्ष रूप से भगवान श्रीराम के दंड का ही परिणाम है। तभी तो इस प्रकार के अधर्म करने वालों की चोरी पकड़ी जा रही है और आगे भी पकड़ी जाएगी। सनातन सांस्कृतिक मूल्यों के अनुसार अच्छे और बुरे कर्मों के परिणाम मिलने में देर हो सकती है, पर पुरस्कार और दंड अवश्य मिलता है। ईश्वरीय दंड से गुप्त चोरी का पर्दाफाश तो हो गया। भगवत् कठोर दंड कब और किस रूप में मिलेगा, यह समझना कठिन है। किंतु धर्म की आड़ लेकर अधार्मिक एवं राष्ट्रविरोधी कृत्य करने वालों को सरकार अवश्य कठोर दंड दे। श्रीराम अथवा अन्य किसी मंदिर में भक्तगण बड़ी श्रद्धा और भक्ति से दान इस भावना के साथ समर्पित करते हैं कि इससे भगवान की उपासना, पूजन सामग्री, भोग तथा मंदिर का सुचारु संचालन हो सके और यही दान राष्ट्रहित में सहायक होकर देश के सामरिक उत्थान में योगदान दे सके। ऐसे अधार्मिक कृत्य को निस्संदेह धर्मविरोधी और राष्ट्रविरोधी कहना उचित है। भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों में मानवीय और राष्ट्रीय हितों के अनुकूल सकारात्मक प्रवृत्ति को ही धर्म और धार्मिक कहा गया है, केवल उपासना को नहीं। योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म (कर्तव्य) की हानि होगी और अधर्म (कर्महीनता) बढ़ेगी, तब-तब मैं अवतार ग्रहण कर अधर्म का नाश करूंगा। ऐसा भाष्य विश्व साहित्य में दुर्लभ है। धर्म को केवल धार्मिक कर्मकांड समझने वालों को विश्वकल्याण के निमित्त मानव अवतार ग्रहण करने वाले श्रीराम और श्रीकृष्ण के धर्ममय जीवन का मनन एवं अध्ययन करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने यू0पी0 टी0ई0टी0 परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश**

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा यू0पी0 टी0ई0टी0 के सफल एवं सकुशल आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने भ्रमणशील रहकर आदर्श इंटर मीडिएट कॉलेज, रॉबर्ट्सगंज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया, अभ्यर्थियों की सघन जांच, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षा कक्षों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि प्रत्येक अभ्यर्थी को निष्पक्ष एवं सुरक्षित परीक्षा वातावरण उपलब्ध हो सके। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

### गिरार पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**पांच वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया गया पेश**




**ललितपुर।** जनपद में वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गिरार पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार के पर्यवेक्षण में संचालित किया जा रहा है। थाना प्रभारी त्रिपुरेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम हीरापुर सुनौनी में दबिश देकर न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में श्रीमती बसंती पत्नी राममिलन (36 वर्ष), राममिलन पुत्र नन्नाई (38 वर्ष), भागीरथ पुत्र नन्नाई, धन्यराज पुत्र नन्नाई तथा संतोष पुत्र नन्नाई शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम हीरापुर सुनौनी, थाना गिरार, जनपद ललितपुर के निवासी हैं। पुलिस ने सभी वारंटियों को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी त्रिपुरेश कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल कमल कुमार, रिजर्व कांस्टेबल योगेश कुमार तथा महिला रिजर्व कांस्टेबल पूजा शामिल रहीं।

### सौजना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 11 वर्ष पुराने मामले में सात वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश

**महरौनी।** पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी के पर्यवेक्षण में अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सौजना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 वर्ष पुराने मामले के सात वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर मु.नं. 563/2015, धारा 452, 323, 504, 506, 427 आईपीसी से संबंधित मामले में वारंटी सूका पुत्र हल्कुआ, मिरचुआ पुत्र बूठा, पंखुआ पुत्र बूठा, भग्गी पुत्र मुल्ला, फुलुआ पुत्र हल्कुआ, बिन्दा पुत्र हल्कुआ तथा राम स्वरूप पुत्र फुलुआ, सभी निवासी ग्राम गौना, थाना सौजना, जनपद ललितपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सभी वारंटियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, महरौनी (ललितपुर) के न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय, उपनिरीक्षक निखिल मलिक, कांस्टेबल गौरव कुमार, रिट कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह, महिला रिट कांस्टेबल सुधा एवं रिट कांस्टेबल शुभम दिवाकर शामिल रहे।

# स्टाफ नर्स के सरकारी आवास पर आधी रात आगजनी, मोटरसाइकिल जलकर खाक

● पीड़िता ने जान से मारने की नीयत से आग लगाने का लगाया आरोप, पुलिस पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महाराजगंज/ बलरामपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज तराई से जुड़े सरकारी आवास में रह रही स्टाफ नर्स अमरावती के आवास पर बृहस्पतिवार 2/3/07/2026 देर रात दबंगों द्वारा आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना में आवास के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर राख हो गई। पीड़िता ने इसे जान से मारने की साजिश बताते हुए नामजद तहरीर दी है, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की। जानकारी के अनुसार, स्टाफ नर्स अमरावती स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलरिया हिसामपुर में तैनात हैं और वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज परिसर स्थित सरकारी आवास में निवास कर रही हैं। पीड़िता के अनुसार, बृहस्पतिवार देर रात करीब 2 बजे अज्ञात लोगों ने उनके आवास पर आग लगा दी। आग की लपटों में बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही 112 पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक मोटरसाइकिल पूरी तरह जल चुकी थी। स्टाफ नर्स अमरावती का आरोप है कि उन्होंने घटना में एक व्यक्ति को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन इसके बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. सुजीत कुमार का संरक्षण प्राप्त है। पीड़िता का कहना है कि इससे पहले भी उनके ऊपर



हमला हो चुका है, लेकिन उस मामले में भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। कर्मचारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तथा स्टाफ नर्स की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। हालांकि, पुलिस की ओर से इस मामले में एफआईआर दर्ज होने अथवा आरोपी की पुष्टि संबंधी आधिकारिक बयान समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका था।

### सिद्धार्थनगर में खाद दुकान पर डीएम का निरीक्षण: किसानों से फोन पर ली जानकारी



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा शुक्रवार को निजी खाद की दुकान मेसर्स दामोदर प्रसाद संतोष कुमार, बर्डपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर के मिलान किया गया। जिन किसानों का खाद दिया गया था उन किसानों से जिलाधिकारी द्वारा मोबाइल वार्ता किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित दर पर ही खाद की बिक्री करें। किसी भी प्रकार की ओवररेटिंग एवं टैगिंग न करें। किसानों का आधार नम्बर के साथ मोबाइल नम्बर रजिस्टर पर अवश्य दर्ज करें। एडीओ कृषि बर्डपुर द्वारा दुकानों का निरीक्षण न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने हेतु जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया। जिला कृषि अधिकारी को निरीक्षण आख्या प्रेषित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में पिता पुत्र गंभीर घायल





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** एक सड़क हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई जिससे दोनों को गंभीर चोटें आ गईं। राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम गोराकरनपुर निवासी सीताराम (50) अपने पिता रामदास (70) के साथ शुक्रवार की दोपहर कोंच स्थित बाजार से घरेलू सामान खरीदकर बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। दोनों कुंवरपुरा गांव के पास पहुंचे ही थे कि अचानक एक कुत्ता सड़क पर बाइक के सामने आ गया।

कुत्ते को बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर फिसलकर गिर गई। हादसे में पिता-पुत्र दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी कोंच में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया लेकिन सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें होने के कारण उनकी हालत चिंताजनक पाई गई। जिसके बाद चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया।

# पालिकाध्यक्ष ने कांशीराम कॉलोनी का किया भ्रमण, मिली अव्यवस्थाएं





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने शुक्रवार की सुबह कांशीराम कॉलोनी का भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था सहित मार्ग पर प्रकाश, हैंडपंप, पेयजल लाइन आदि व्यवस्थाएं देख कर्मचारियों को व्यवस्थाओं के सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कॉलोनी में उक्त सभी मूलभूत सुविधाओं के नाम पर अव्यवस्थाएं सामने देखने को मिली। जानकारी के अनुसार, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता शुक्रवार की सुबह कॉलोनी से गुजर रहे थे। इस दौरान उन्हें कॉलोनी में साफ-सफाई की बदहाल स्थिति दिखाई दी।

इसके बाद पालिकाध्यक्ष नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और सफाई कर्मचारियों को लेकर कॉलोनी पहुंच गए। कॉलोनी में पालिकाध्यक्ष की मौजूदगी में कर्मचारियों ने सफाई अभियान चलाकर नालियों और गलियों की साफ सफाई की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष को मच्छरों के बढ़ते प्रकोप, खराब पड़े हैंडपंप, टूटी पाइप लाइन और स्ट्रीट लाइटों के खराब होने की समस्या से अवगत कराया। पालिकाध्यक्ष ने संबंधित कर्मचारियों को खराब नियमित फॉगिंग कराने के साथ ही सामने आयी अन्य सभी समस्याओं को अविलंब दूर किए जाने के निर्देश दिए।

### फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक और उसकी बहन को मोबाइल फोन पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर बार पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम सेमरा भागनगर निवासी अनिल कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह लोधी ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका नेहरू नगर निवासी श्रीराम झां से पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते 30 जून को दोपहर करीब 1 बजे श्रीराम झां ने अपने परिचित रामगोपाल कुशवाहा, निवासी ग्राम रौड़ा, के मोबाइल फोन से उन्हें कॉल कराई। कॉल के दौरान रामगोपाल कुशवाहा ने कथित रूप से अनिल कुमार के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से कहा कि इलाइट चौराहे पर आ, वहीं जान से मार देंगे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पीड़ित की बहन को भी फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस को बताया कि आरोपियों की धमकी के बाद वह और उसका परिवार भयभीत है तथा उन्हें अपनी सुरक्षा की चिंता है।

# चूहा घुसने से पावर हाउस में बीसीबी मशीन में हुआ फॉल्ट, रात भर गुल रही बिजली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच (जालौन)-** नगरवासियों को एक चूहे के कारण रात भर अंधेरे में रहना पड़ा और गर्मी के कारण रतजगा करना पड़ा। उरई रोड पर नहर के पास स्थित 33 केवी पावर हाउस में स्थापित बीसीबी मशीन की इनकमिंग में चूहा घुस जाने से तकनीकी खराबी आ गई जिससे मशीन में फॉल्ट हो गया। नतीजतन नगर के फर्स्ट और सेकेंड फीडर सहित कुछ अन्य क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रही। अचानक आई इस तकनीकी समस्या के चलते उपभोक्ताओं को रात से लेकर सुबह तक बिजली संकट का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के एसडीओ धर्मेंद्र कुमार और जेई अमन खान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मशीन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया। बताया गया कि फॉल्ट को दूर करने के लिए कर्मचारियों ने पूरी रात लगातार मेहनत की। तकनीकी खराबी के कारण रात करीब 1 बजे से लेकर शुक्रवार सुबह 10 बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। जिससे इस भीषण गर्मी में लोग बेहाल रहे। जेई अमन खान ने बताया कि मशीन को दुरुस्त कर लिया गया है और करीब 11 बजे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी गई। मरम्मत कार्य में लाइनमैन धीरज, अरविंद, बाबा, राजकुमार, सूरज, प्रदीप, केके, विक्रम, दिनेश, सुनील, कन्हैया



तथा मीटर रीडर मनीष दुवे ने पूरी रात अथक मेहनत कर फॉल्ट को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसडीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए विभाग की पूरी टीम लगातार मौके पर जुटी रही।

# लॉलीपॉप का लालच देकर छात्राओं से अभद्रता का आरोप, शिक्षक पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/सोनभद्र-** शिक्षा क्षेत्र कोन के प्राथमिक विद्यालय धोबी बस्ती, कुड़वा में तैनात एक प्रभारी शिक्षक पर दो छात्राओं के साथ कथित अभद्रता का गंभीर आरोप लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि शिक्षा विभाग ने भी मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। ग्राम पंचायत कुड़वा निवासी दिनेश शर्मा एवं कुलवंती देवी ने कोन थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 1 जुलाई 2026 को विद्यालय की छुट्टी होने के बाद प्राथमिक विद्यालय धोबी बस्ती के प्रभारी शिक्षक टीपू सुल्तान, निवासी रामगढ़ (थाना पन्नूगंज), ने कक्षा तीन एवं कक्षा एक की दो छात्राओं को लॉलीपॉप का लालच देकर अपने पास बुलाया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।




मामले को लेकर ग्रामीणों और अभिभावकों में भी नाराजगी व्याप्त है। उनका कहना है कि विद्यालय बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान होना चाहिए और यदि इस तरह के आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित शिक्षक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी कोन ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आते ही उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है तथा विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं प्रभारी निरीक्षक कोन अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### स्कूल चलो अभियान के बीच पेट की मजबूरी, रस्सी पर करतब दिखाने को मजबूर मासूम बचपन

**पाली।** एक ओर सरकार द्वारा बच्चों को स्कूल भेजने और शिक्षा से जोड़ने के लिए स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गरीबी और मजबूरी की मार झेल रहे कई मासूम बच्चे आज भी दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए अपना बचपन दांव पर लगाने को मजबूर हैं। ग्राम पाली में ऐसा ही मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जहां एक मासूम बच्ची अपने परिवार के साथ लोगों के सामने रस्सी पर चलकर करतब दिखाती नजर आई। छोटी सी उम्र में जहां उसके हाथों में किताबें और कंधों पर स्कूल बैग होना चाहिए था, वहीं वह डर और बेबसी के बीच अपनी जान जोखिम में डालकर करतब दिखा रही थी। परिवार की आर्थिक तंगी ने इस मासूम से उसका बचपन छीन लिया है। करतब दिखाकर मिलने वाले थोड़े-बहुत पैसों से ही परिवार का गुजारा हो रहा है। यह दृश्य समाज और व्यवस्था दोनों के सामने कई सवाल खड़े करता है कि आखिर कब तक बचपन मजबूरी के बोझ तले दबता रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे परिवारों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित भविष्य मिल सके।

# तियरा स्टेडियम बनेगा सोनभद्र की नई पहचान, खिलाड़ियों की सुविधा के लिए स्टेडियम के जीर्णोद्धार पर खर्च होंगे 6.73 करोड़ रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में तियरा स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण पर 6 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। जिला प्रशासन ने इसके लिए प्रस्ताव बनाकर निदेशालय भेज दिया है। धनराशि आवंटन के साथ ही स्टेडियम के कायाकल्प का कार्य शुरू हो जाएगा। आधुनिक सुविधाओं के विकास से यह स्टेडियम सोनभद्र की नई पहचान बनकर उभरेगा।

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से तियरा स्टेडियम में सभी जरूरी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते हुए उत्तर प्रदेश को खेल क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल करना है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा तियरा स्टेडियम में सुविधाओं के विकास के संबंध में प्रस्ताव मांगा गया था। जिसके बाद खेल निदेशालय को 6.73 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। धनराशि आवंटित होते ही स्टेडियम के कायाकल्प का कार्य शुरू कराया जाएगा। स्टेडियम के जीर्णोद्धार से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर प्राप्त होंगे। पवैलियन बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के साथ ही क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत की जाएगी। वॉलीबाल कोर्ट की फेंसिंग दुरुस्तीकरण के साथ ही सेंथेटिक फ्लोरिंग



कराई जाएगी। बाउंड्रीवॉल पर कटीले तारों की फेंसिंग लगाई जाएगी। दर्शक दीर्घा का सुदृरीकरण कराया जाएगा। छात्रावासों व दर्शक दीर्घा का रंगरोगन कराया जाएगा। हॉकी के लिए विश्वस्तरीय टर्फ का निर्माण कराया जाएगा। समुचित जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण कराया जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। खिलाड़ियों के लिए आवश्यक फर्नीचर की खरीद की जाएगी।

# 60 और 90 दिन की समयसीमा में पूरी हों विवेचनाएं, एसपी ने दिए सख्त निर्देश

» गूगल मीट के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक

» ललितपुर मॉनिटरिंग डैशबोर्ड से लंबित मामलों की होगी डिजिटल निगरानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में लंबित विवेचनाओं और जन शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को गूगल मीट के माध्यम से जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं विवेचकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबित प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक विवेचना का निस्तारण विधिक प्रावधानों के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि 60 और 90 दिन की निर्धारित समयसीमा वाली विवेचनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और लंबित मामलों का बोझ कम हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विकसित ललितपुर मॉनिटरिंग डैशबोर्ड की कार्यप्रणाली की भी विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस डिजिटल पोर्टल के माध्यम से सभी लंबित



विवेचनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रकरणों को उनकी प्रगति के आधार पर ग्रीन, येलो और रेड जोन में वर्गीकृत किया गया है, जिससे अधिकारियों को प्रत्येक मामले की वास्तविक स्थिति का तुरंत आकलन हो सके। रेड जोन में शामिल मामलों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके शीघ्र निस्तारण और नियमित पर्यवेक्षण के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान जनसुनवाई और जन शिकायतों के समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण, लंबित मामलों की नियमित समीक्षा, विवेचकों की जवाबदेही तय करने तथा तकनीक आधारित डिजिटल मॉनिटरिंग प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना, पारदर्शी कार्यप्रणाली और समयबद्ध कार्रवाई ही पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करने का आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों और विवेचकों को शासन की मंशा के अनुरूप संवेदनशीलता, जवाबदेही और पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक प्रकरण का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर तेरई फाटक चौकी प्रभारी निलंबित

**ललितपुर।** जन शिकायतों और आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम) प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने थाना तालबेहट क्षेत्र की तेरई फाटक चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक बलराम शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस विभाग से जारी प्रेस नोट के अनुसार, उपनिरीक्षक बलराम शर्मा पर जनशिकायतों एवं आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में अपेक्षित रुचि नहीं लेने, नियमानुसार प्रभावी विधिक कार्रवाई न करने तथा शासकीय कार्यों के निर्वहन में शिथिलता बरतने के आरोप पाए गए। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही पूरे मामले में विभागीय कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है, ताकि आरोपों की विस्तृत जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि जनपद में जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है तथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पौधारोपण व सामाजिक दायित्व पर विशेष जोर, पीएसपी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

● सी0एस0 आर0 मद से किये जाने वाले विकास कार्यो की पी0एस0पी0 कम्पनिया एक सप्ताह में प्रस्तुत करे कार्य योजना-जिलाधिकारी

जिलाधिकारी बोले हरित सोनभद्र के निर्माण में कंपनियां निभाएं सक्रिय भूमिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के अंतर्गत जनपद में प्रस्तावित पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजनाओं के साथ सामाजिक दायित्वों का भी पूरी गंभीरता से निर्वहन किया जाए। उन्होंने परियोजना क्षेत्रों से सटे गांवों के विद्यालयों के कायाकल्प, संपर्क मार्गों की मरम्मत, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को विकास का सीधा लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि पी0एस0पी0 कम्पनी अपने क्षेत्र के आस-पास सी0एस0आर0 मद से किये जाने वाले विकास कार्यो की एक सप्ताह में कार्य योजना प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी पीएसपी परियोजनाओं से जुड़ी कंपनियां पहाड़ी एवं बंजर क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण करें। उन्होंने बीज बॉल (सीड बॉल) तकनीक के माध्यम से हरियाली बढ़ाने, लगाए गए पौधों के संरक्षण तथा व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाकर हरित सोनभद्र के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ल, जीएम डीआईसी विनोद कुमार चौधरी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, उद्यम मित्र नितिन कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में विधायक ने सुनीं समस्याएं, दिए समाधान के निर्देश

**बार।** विकासखंड बार की ग्राम पंचायत बार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार की पहल 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' के तहत साप्ताहिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने की। चौपाल में ग्रामीणों ने आवास, पेयजल, बिजली, राशन, कृषि, राजस्व और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। विधायक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक बिना भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से संपर्क करें।

चौपाल में विभिन्न विभागों ने अपनी योजनाओं की जानकारी दी। पात्र लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा कृषि विभाग द्वारा किसानों को कृषि मिनी किट प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग ने अन्नप्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम आयोजित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। अधिकारियों ने रोजगार और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद विधायक ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत ब्लॉक परिसर में पौधरोपण किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार रवि, एडीओ प्रिंस जैन, सप्लाई इंस्पेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कल्याण सिंह लोधी, बार प्रधान रमेश सहरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवी सिंह बुंदेला, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसौदिया, मंडल महामंत्री राहुल मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह बुंदेला, रामलाल कुशवाहा, रोहित गुप्ता, संग्राम सिंह लोधी, नरेश कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, युवा मोर्चा महामंत्री गौरव दुबे सहित बड़ी संख्या में किसान, महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक्सपायर्ड खाद्य उत्पादों का खेल उजागर

● तारीख बदलकर बाजार में बेच रहे थे सामान, कंपनी मालिक समेत सात गिरफ्तार

20 लाख रुपये से अधिक के एक्सपायर्ड खाद्य एवं पेय पदार्थ, नकली लेबल और मशीनें बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने एक्सपायर्ड खाद्य एवं पेय पदार्थों की निर्माण और समाप्ति तिथि बदलकर उन्हें दोबारा बाजार में बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। ओखला इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने कंपनी मालिक समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 20 लाख रुपये से अधिक कीमत के एक्सपायर्ड खाद्य उत्पाद, नकली लेबल, बारकोड, एमआरपी स्टिकर, न्यूट्रिशन लेबल, प्रिंटिंग एवं सीलिंग मशीनें तथा एक्सपायरी डेट बदलने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं।पुलिस के मुताबिक आरोपी एक्सपायर्ड या एक्सपायरी के करीब पहुंच चुके नामी कंपनियों के खाद्य एवं पेय पदार्थ कम कीमत पर खरीदते थे। इसके बाद केमिकल की मदद से उत्पादों पर अंकित निर्माण और समाप्ति तिथि मिटाकर विशेष मशीनों से नई तारीख छापी जाती थी। फिर नकली न्यूट्रिशन लेबल, बारकोड, बैच नंबर और एमआरपी स्टिकर लगाकर उत्पादों को नए पैकेट की तरह तैयार किया जाता था। बाद में इन्हें देशभर के बाजारों, खुदरा दुकानों, मॉल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर नए उत्पाद के रूप में बेच दिया जाता था। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब पुलिस को ओखला फेज-2 स्थित एक कंपनी में बाल श्रमिकों से काम कराए जाने की सूचना मिली। इसके बाद ओखला इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने उप-मंडल दंडाधिकारी बदरपुर मिशन मुक्ति फाउंडेशन और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई की टीम के साथ संयुक्त छापेमारी की। जांच में बाल श्रमिक तो नहीं मिले, लेकिन फैक्टरी के भीतर एक्सपायर्ड खाद्य उत्पादों की एक्सपायरी डेट बदलने का बड़ा खेल सामने आ गया। छापेमारी के दौरान थम्स अप, फैंटा, बॉर्नविटा, हॉर्लिक्स, मैगी नूडल्स, घी, पेपर बोट जूस, दो लीटर की कोल्ड ड्रिंक की बोतलें और कोल्ड ड्रिंक कैन समेत बड़ी मात्रा में पैकेज्ड खाद्य एवं पेय पदार्थ बरामद किए गए। इसके अलावा नकली लेबल, न्यूट्रिशन स्टिकर, बारकोड, बैच नंबर, एमआरपी टैग, प्रिंटिंग मशीन, सीलिंग मशीन और एक्सपायरी डेट बदलने वाले उपकरण भी जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एक्सपायर्ड और एक्सपायरी के करीब पहुंच चुके उत्पादों को सस्ते दामों में खरीदते थे। इसके बाद रसायनों की मदद से पुरानी निर्माण और समाप्ति तिथि मिटाकर नई तारीख छापी जाती थी। नकली लेबल और स्टिकर लगाकर उत्पादों को दोबारा पैक किया जाता था और बाजार में नए उत्पाद के रूप में सप्लाई कर दिया जाता था। पुलिस के अनुसार इस अवैध कारोबार से आरोपी भारी मुनाफा कमा रहे थे, जबकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा था। इस मामले में ओखला इंडस्ट्रियल एरिया थाने में एफआईआर संख्या 358/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धाराओं 275, 318(4), 336, 340 और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

झपुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और इसकी सप्लाई चेन की जांच कर रही है।गिरफ्तार आरोपियों में 70 वर्षीय दर्शन सिंह सचदेवा, जो कंपनी के मालिक हैं, 38 वर्षीय नितेश भारद्वाज (प्रबंधक), 42 वर्षीय नरेंद्र कुमार (लेखाकार), 34 वर्षीय कपिल (ऑपरेटर), 45 वर्षीय लकी ओझा वेयरहाउस कीपर 33 वर्षीय प्रेम यादव (सुपरवाइजर) और 32 वर्षीय पवन कुमार यादव (सुपरवाइजर) शामिल हैं। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर इस फर्जीवाड़े के नेटवर्क और सप्लाई चेन से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली के शिव विहार में पानी की समस्या से मिलेगी राहत, नई पेयजल लाइन बिछाने का काम शुरू



**पूर्वी दिल्ली।** मुस्तफाबाद विधानसभा के शिव विहार क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल संकट की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्थानीय विधायक व दिल्ली विधानसभा के डिप्टी स्पीकर मोहन सिंह बिष्ट ने नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने के कार्य का उद्घाटन किया। क्षेत्र में लंबे समय से दूषित और गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोग लगातार विधायक कार्यालय और संबंधित विभाग के समक्ष समस्या उठा रहे थे। इस अवसर पर मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि शिव विहार के लोगों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। नई पाइपलाइन बिछने से गंदे पानी की समस्या समाप्त होगी और हजारों परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिल सकेगा। दिल्ली सरकार प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए तेजी से कार्य कर रही है और विकास कार्य आगे भी इसी गति से जारी रहेंगे।

### सागरपुर में सुंदरकांड पाठ के दौरान बवाल, दिल्ली पुलिस पर किया था पथराव

**पश्चिमी दिल्ली।** सागरपुर में मंगलवार शाम सुंदरकांड पाठ के दौरान हुए बवाल और पुलिस टीम पर पथराव के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर पथराव करने वालों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि डिजिटल साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर हिंसा में शामिल सभी लोगों की भूमिका तय कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दक्षिण-पश्चिमी जिला के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि 30 जून को पूर्वी सागरपुर की गली नंबर-8 स्थित डीडीए पार्क में हुई मारपीट के संबंध में सागरपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, धारा 126(2) किसी व्यक्ति की आवाजाही में अवैध रूप से बाधा डालने और धारा 3(5) समान उद्देश्य से मिलकर अपराध करने वाले सभी आरोपितों की समान जवाबदेही तय करने से संबंधित है। तत्काल क्षेत्र की स्थिति सामान्य बनी हुई है। बता दें कि मुहर्रम के जुलूस में पाकिस्तानी झंडा लहराने और आरोपितों पर कार्रवाई नहीं होने के विरोध में मंगलवार शाम पूर्वी सागरपुर की गली नंबर-8 स्थित डीडीए पार्क में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया था। कार्यक्रम शुरू होने के दौरान ही पास की झुग्गी बस्ती के कुछ लोग वहां पहुंचे और इसका विरोध करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में तनाव में बदल गई। आरोप है कि इसके बाद कुछ लोगों ने अपने घरों की छतों से सुंदरकांड में शामिल लोगों पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने जब स्थिति को संभालने का प्रयास किया तो उस पर भी पथराव किया गया। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए हैं, जिन्हें पुलिस जांच का महत्वपूर्ण आधार मान रही है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि प्रसारित वीडियो की फ्रेम-दर-फ्रेम जांच की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर तकनीकी और फोरेंसिक सहायता भी ली जाएगी। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर दोषियों की पहचान की जा रही है। इसके साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि यह वारदात सुनियोजित तो नहीं थी और इसके पीछे कानून व्यवस्था बिगाड़ने और धार्मिक उन्माद फैलानी की कोई सुनियोजित साजिश तो नहीं थी।

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी चार साल में 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश , 30 हजार से अधिक चार्जिंग केंद्र बनेंगे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** राजधानी को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ परिवहन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली सरकार ने नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2026 को मंजूरी दे दी है। यह नीति 1 जुलाई 2026 से 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी। सरकार का लक्ष्य अगले चार वर्षों में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को तेजी से बढ़ावा देना और आवश्यक आधारभूत ढांचे का विस्तार करना है।नई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले लोगों को कई तरह की रियायतें दी जाएंगी। इलेक्ट्रिक वाहनों पर 100 प्रतिशत सड़क कर और पंजीकरण शुल्क में छूट मिलेगी। सरकार का मानना है कि इससे अधिक से अधिक लोग पेट्रोल और डीजल वाहनों के बजाय इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे नीति का एक प्रमुख लक्ष्य राजधानी में चार्जिंग सुविधाओं का व्यापक विस्तार करना भी है। इसके तहत पूरे दिल्ली में 30 हजार से अधिक सार्वजनिक चार्जिंग केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज करने में आसानी होगी और चार्जिंग नेटवर्क पहले की तुलना में अधिक सुलभ एवं मजबूत बनेगा।इसके साथ ही, नीति में पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से कबाड़ घोषित कर हटाने की व्यवस्था को भी बढ़ावा दिया गया है। सरकार का मानना है कि इससे वायु प्रदूषण में कमी आएगी और राजधानी की परिवहन व्यवस्था अधिक स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बन सकेगी। दिल्ली सरकार के अनुसार, नई नीति का उद्देश्य केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाना ही नहीं, बल्कि राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण, चार्जिंग अवसंरचना, बैटरी प्रबंधन और इससे जुड़े उद्योगों को भी प्रोत्साहित करना है। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ-साथ हरित अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। सरकार का लक्ष्य दिल्ली को शून्य उत्सर्जन वाली परिवहन राजधानी के रूप में विकसित करना है। इसके लिए स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन व्यवस्था, आधुनिक चार्जिंग सुविधाओं और पर्यावरण हितैषी नीतियों के माध्यम से प्रदूषण कम करने तथा लोगों को बेहतर सार्वजनिक और निजी परिवहन विकल्प उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## अरविंद केजरीवाल का नया दांव: पीएम मोदी को लिखेंगे चिट्ठी, जनता के फीडबैक को करेंगे शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखने की तैयारी की है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि पूरा देश उसके लिए प्रयोगशाला बन गया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार जबरदस्ती श्व20 पेट्रोल लोगों पर थोप रही है, जिससे वाहनों में इंजन बंद पड़ रहे हैं, पार्ट्स खराब हो रहे हैं और माइलेज भी काफी घट गया है। केजरीवाल ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर लोगों में बहुत ज्यादा गुस्सा है। केजरीवाल ने आगे लिखा कि वह इस पूरे मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखने जा रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी समस्याएं और सुझाव उन्हें डायरेक्ट मैसेज (DM) या कमेंट के जरिए भेजें, ताकि चिट्ठी में इन मुद्दों को शामिल किया जा सके। यह पोस्ट E20 पेट्रोल को लेकर चल रहे विवाद के बीच आया है, जिसमें विपक्षी नेता सरकार की नीति पर सवाल उठा रहे हैं।

## बारिश के मौसम को देखते हुए घग्गर नदी में पानी के आसान बहाव के लिए 5 ज़रूरी जगहों पर डी-सिल्टिंग की मंज़ूरी

● डी-सिल्टिंग का काम तुरंत पूरा करने के निर्देश: डिप्टी कमिश्नर नवजोत कौर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मानसा-** बारिश के मौसम में बाढ़ जैसी किसी भी इमरजेंसी स्थिति से निपटने और पहले से किए गए इंतज़ामों को मज़बूत करने के लिए, ज़िला प्रशासन लगातार अधिकारियों को गाइडलाइन जारी कर रहा है और इंतज़ामों का रिव्यू किया जा रहा है। डिप्टी कमिश्नर नवजोत कौर की अध्यक्षता में अधिकारियों की एक मीटिंग के दौरान, घग्गर नदी में बारिश के पानी के आसान बहाव को पक्का करने के लिए 5 ज़रूरी जगहों पर मिट्टी और सिल्ट हटाने और सफ़ाई (डी-सिल्टिंग) के काम को मंज़ूरी दी गई है। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए, डिप्टी कमिश्नर नवजोत कौर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इन सभी तय जगहों पर डी-सिल्टिंग का काम तुरंत पूरा करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि बारिश के दिनों में पानी के नैचुरल बहाव में कोई रुकावट न आए और किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान से बचा जा सके। पंजाब सरकार की तरफ से जारी गाइडलाइंस के मुताबिक, घग्गर नदी में पानी की निकासी को आसान बनाने के लिए, घग्गर के पास गांव सरदुलेवाला, गांव ढिंगाना, भगवानपुर हिंगना और अहलूपुर के आस-पास के इलाकों, गांव भलनवाड़ा, गांव फूस मंडी और मीरपुर खुर्द के आस-पास के इलाकों और घग्गर नदी सरदूलगढ़ के पास स्टील फुट ब्रिज पर डी-सिल्टिंग की जाएगी। मीटिंग के दौरान, डिप्टी कमिश्नर ने खास तौर पर सब डिविजनल मजिस्ट्रेट सरदूलगढ़ हरजिंदर सिंह जस्सल को घग्गर नदी और इलाके के दूसरे बरसाती नालों में पानी के लेवल पर लगातार नज़र रखने के निर्देश दिए। डिप्टी कमिश्नर ने दोहराया कि जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपस में तालमेल बनाकर काम करने के निर्देश दिए। इस मीटिंग में एसपी प्रदीप संधू, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ड्रेनेज परमिंदर सिंह, असिस्टेंट सिविल सर्जन डॉ. बलजीत कौर और दूसरे संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## 'ब्राइट माइंड्स पंजाब 2026' के तहत लुधियाना में छात्रों के साथ किया सीधा संवाद

● 12वीं कक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस और मनीष सिसोदिया ने किया सम्मानित

पंजाब के स्कूलों में अगले महीने से शुरू होगा ए.आई. पाठ्यक्रम: शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लुधियाना-** 'ब्राइट माइंड्स पंजाब 2026' अभियान के तहत आज गुरु नानक देव भवन, लुधियाना में एक विशाल और प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना और शिक्षा प्रणाली में हो रहे आधुनिक बदलावों व सुधारों पर विचार-विमर्श करना था। इस अवसर पर 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले होनहार छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। छात्रों की हौसलाअफजाई करते हुए शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि ये बच्चे न केवल अपने परिवारों का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि पंजाब और पूरे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये मेधावी छात्र आने वाले समय में आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, वकील और अन्य उच्च पदों पर आसीन होकर देश की महान सेवा करेंगे। शिक्षा मंत्री ने आगे बताया कि यह पहली बार है जब शिक्षा मंत्री और शिक्षा सचिव ने खुद छात्रों के बीच बैठकर परीक्षा प्रणाली, पाठ्यक्रम और पढ़ाई के तौर-तरीकों पर खुली चर्चा की है। बच्चों द्वारा दिए गए सुझावों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दे बेहद व्यावहारिक और समय के अनुकूल हैं, जिन्हें भविष्य की नीतियां बनाते समय लागू किया जाएगा। स. हरजोत सिंह बैंस ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में ए.आई. एक बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र बन चुका है। पंजाब सरकार पिछले एक साल से इस योजना पर लगातार काम कर रही है और अगले महीने से राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में 'ए.आई. पाठ्यक्रम' लॉन्च कर दिया जाएगा। उन्होंने गर्व के साथ साझा किया कि पंजाब ने स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी प्रगति करते हुए केरल को पीछे छोड़ दिया है और भारत के शिक्षा सूचकांक में शीर्ष स्थान हासिल किया है। समारोह को संबोधित करते हुए दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति का रास्ता वहां की मजबूत शिक्षा प्रणाली से होकर गुजरता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना सरकार की सबसे पहली जिम्मेदारी है। ए.आई. तकनीक पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जहां इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, वहीं कुछ पारंपरिक नौकरियों पर भी इसका असर पड़ेगा। इसलिए हमारे छात्रों को नई तकनीक के अनुरूप तैयार करना बेहद जरूरी है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली में सुधार लाने, नकल की प्रवृत्ति को रोकने और शिक्षण के नए वैज्ञानिक तरीके अपनाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर शिक्षा सचिव सोनाली गिरी ने भी शिक्षकों और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने नशे, बेरोजगारी और शिक्षा प्रणाली की कमियों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों को अपने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने, अपनी मातृभूमि, समृद्ध संस्कृति और पंजाब के पर्यावरण के संरक्षण के लिए आगे आने का संकल्प भी दिलाया। यह समारोह शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब को एक नए मुकाम पर ले जाने और छात्रों की आवाज को नीति-निर्माण में महत्व देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इस प्रभावशाली समारोह के दौरान क्षेत्रीय विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल, स्कूल शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सकतर सिंह बल, अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) डॉ. नरिंदर धालीवाल, उप-मंडल मजिस्ट्रेट (लुधियाना पूर्वी) जसलीन कौर भुल्लर, जिला शिक्षा अधिकारी डिंपल मदान और मंच संचालक के रूप में नेशनल अवॉर्डी मास्टर करमजीत सिंह ग्रेवाल के अलावा राज्य भर से बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित थे।

## नारी शक्ति का जागरण: आधुनिक भारत की अमिट आभा: डॉ ज्ञानवती दीक्षित

● 'इतना सच बोल कि होंठों का तबस्सुम न बुझे, रौशनी खत्म न कर, आगे अंधेरा होगा' – निदा फ़ाज़ली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारत में नारी सदा से पूजनीय रही है। प्राचीन ग्रंथों में 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः' का मंत्र गूंजता है। नारी सृष्टि का आधार है – लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती का स्वरूप। लेकिन विडंबना यह है कि विदेशी आक्रमणों, सामाजिक बंधनों और पुरुष-प्रधान व्यवस्था ने इस शक्ति को सीमित कर दिया। आज आधुनिक भारत में महिला सशक्तिकरण न केवल नैतिक दायित्व है, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का अपरिहार्य स्तंभ बन चुका है।

**सशक्तिकरण का अर्थ-** सशक्तिकरण वह क्षमता है जिसमें महिला स्वयं अपने जीवन के हर निर्णय की निर्माता बन सके। यह केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और मानसिक मुक्ति का समग्र रूप है। जब नारी बंधनों से मुक्त होकर फैसले लेती है, तब परिवार और समाज दोनों समृद्ध होते हैं।

**वर्तमान चुनौतियाँ-** दुर्भाग्य से आज भी दहेज, बाल-विवाह, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा, यौन शोषण और मानव तस्करी जैसी कुरीतियाँ मौजूद हैं। शिक्षा में लैंगिक असमानता स्पष्ट है – पुरुषों की साक्षरता दर लगभग 81% है जबकि महिलाओं की करीब 60-65%। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चिंताजनक है, जहाँ महिलाएँ मुख्यतः कृषि मजदूरी पर निर्भर हैं। कार्यस्थल पर भी भेदभाव जारी है। समान योग्यता के बावजूद महिलाओं को पुरुषों से 20% कम वेतन मिलता है। शहरी क्षेत्रों में सॉफ्टवेयर उद्योग में केवल 30% महिलाएँ हैं, जबकि ग्रामीण भारत में 90% महिलाएँ असंगठित क्षेत्र में संघर्ष करती हैं। कन्या भ्रूण हत्या के कारण हरियाणा और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में लिंगानुपात बिगड़ा हुआ है। पुरानी रूढ़िवादी सोच महिलाओं को घर के अंदर कैद रखती है और उन्हें आत्मविश्वास से वंचित करती है।

**प्रगति की किरणें-** फिर भी आशा की किरणें दिख रही हैं। सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, मिशन शक्ति और मातृ दिवस जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। संवैधानिक प्रावधानों, कानूनों और एनजीओ के प्रयासों से जागरूकता बढ़ी है। आधुनिक भारत में कई महिलाएँ राजनीतिक, प्रशासनिक और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में उच्च पदों पर विराजमान हैं। शहरी महिलाएँ शिक्षा और रोजगार में आगे बढ़ रही हैं।



**आवश्यकता और संकल्प-** देश की आधी आबादी को सशक्त किए बिना विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा। शिक्षा, समान वेतन, सुरक्षा और अवसरों की समानता प्रदान करनी होगी। समाज को रूढ़ियों को तोड़ना होगा। महिलाएँ स्वयं भी आत्मनिर्भरता की राह चुनें।

**उठो नारी, युग निर्माण तेरा है-** नारी ममता की मूर्ति है, सृजन की शक्ति है। वह पथ-दुलारी है, जो कठिनाइयों को पार करती हुई आगे बढ़ती है। जब हर घर में नारी का सम्मान होगा, तभी देवी-पूजन सार्थक होगा। आइए मिलकर संकल्प लें – लैंगिक समानता, शिक्षा और सुरक्षा के माध्यम से नारी शक्ति को पूर्ण रूप से जागृत करें। आधुनिक भारत की प्रगति तभी सार्थक होगी जब उसकी आधी आबादी पूर्ण शक्ति से आगे बढ़ेगी। नारी शक्ति नहीं रुक सकती – वह तो राष्ट्र की धड़कन है।

## शहर में भारी बारिश के बाद, म्युनिसिपल कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने फील्ड इंस्पेक्शन किया

अधिकारियों/कर्मचारियों को दिन-रात सतर्क रहने के निर्देश दिए



**लुधियाना-** बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को शहर में भारी बारिश के बाद, म्युनिसिपल कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने गुरुवार सुबह हालात का जायज़ा लेने के लिए फील्ड इंस्पेक्शन किया। भाई बाला चौक, सग्गू चौक, फिरोजपुर रोड समेत कई इलाकों का इंस्पेक्शन किया गया। इंस्पेक्शन के दौरान जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों, हेल्थ ऑफिसर डॉ. विपल मल्होत्रा और दूसरे अधिकारी मौजूद थे। अलंकार ने कहा कि भारी बारिश की वजह से शहर में कुछ जगहों पर पानी जमा हुआ देखा गया, लेकिन म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने पहले ही ज़रूरी कदम उठा लिए थे, इसलिए यह कुछ ही देर में निकल गया। उन्होंने कहा कि हालात पर दिन-रात नज़र रखने के लिए टीमें तैनात की गई हैं। सग्गू चौक के पास सड़क टूटने वाली जगह का भी इंस्पेक्शन किया गया और रिपेयर के काम में तेज़ी लाने के लिए ज़रूरी निर्देश दिए गए। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने कहा कि लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर हरजोत सिंह बैंस की लीडरशिप में 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत काम करते हुए, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अधिकारी ग्राउंड लेवल पर शिकायतों को हल करने के लिए रेगुलर फील्ड इंस्पेक्शन कर रहे हैं। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने आगे कहा कि मॉनसून की तैयारियों के बारे में अधिकारियों को ज़रूरी निर्देश पहले ही दे दिए गए हैं और इस मामले में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दक्षिण जिला पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का किया भंडाफोड़

● 8.598 किलोग्राम चरस के साथ तीन नेपाली नागरिक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के दक्षिण जिला स्पेशल स्टाफ ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 8.598 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता की चरस बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 9 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में थाना कोटला मुबारकपुर में एफआईआर संख्या 129/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, 25 और 29 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।पुलिस के अनुसार, स्पेशल स्टाफ को गुप्त सूचना मिली थी कि कोटला मुबारकपुर इलाके में रहने वाले तीन नेपाली नागरिक दिल्ली-एनसीआर में बड़े पैमाने पर चरस की सप्लाई कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने 29 जून को आरोपियों के ठिकाने पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 8.598 किलोग्राम चरस बरामद की गई और तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी ज्योति पुन मगर इस नेटवर्क का मुख्य सप्लायर है। वह भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली बॉर्डर के माध्यम से नेपाल से चरस मंगवाता था। इसके बाद आरोपी भरत थापा और गोविंद बुढ़ा दिल्ली के विभिन्न इलाकों में इसकी सप्लाई करते थे।पुलिस जांच में यह भी पता चला कि आरोपी व्हाट्सएप के जरिए ग्राहकों से संपर्क करते थे और ऑनलाइन माध्यम से भुगतान लेते थे। हर डिलीवरी के बाद वे चैट और कॉल रिकॉर्ड डिलीट कर देते थे, ताकि पुलिस को कोई सुराग न मिल सके।

डिलीवरी के लिए ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस अब आरोपियों के मोबाइल फोन, डिजिटल भुगतान और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच कर पूरे नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 32 वर्षीय भरत थापा, 32 वर्षीय गोविंद बुढ़ा और 50 वर्षीय ज्योति पुन मगर के रूप में हुई है। तीनों मूल रूप से नेपाल के निवासी हैं और वर्तमान में कोटला मुबारकपुर के नानक चंद बस्ती क्षेत्र में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, तीनों का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। बरामद चरस में 5.566 किलोग्राम ज्योति पुन मगर, 1.552 किलोग्राम भरत थापा और 1.480 किलोग्राम गोविंद बुढ़ा के कब्जे से बरामद की गई।इस पूरी कार्रवाई को इंस्पेक्टर अनुज कुमार के नेतृत्व में तथा एसीपी ऑपरेशंस रितु राज की निगरानी में एसआई नवीन, एसआई अमित, एएसआई पदम, हेड कांस्टेबल राकेश प्रवीण, मनीष, कांस्टेबल सुरेंद्र और कांस्टेबल खोइचुंग बिल की टीम ने अंजाम दिया।दक्षिण जिला पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई से भारत-नेपाल सीमा के रास्ते संचालित अंतरराष्ट्रीय चरस तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अब नेपाल स्थित मुख्य सप्लायर, डिजिटल लेन-देन और पूरे तस्करी नेटवर्क की अन्य कड़ियों का पता लगाने में जुटी है। मामले की जांच जारी है।

## 30 सितंबर तक कई सिविक सर्विस की फीस माफ: डिप्टी कमिश्नर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**होशियारपुर-** डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि पंजाब सरकार ने वोटर लिस्ट के चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) कैंपेन को लोगों के लिए आसान और सुविधाजनक बनाने के मकसद से 30 सितंबर, 2026 तक कई ज़रूरी सिविक सर्विस पर सरकारी फीस और सुविधा चार्ज माफ करने को मंज़ूरी दे दी है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रोसेस के दौरान, बड़ी संख्या में लोगों को संबंधित अधिकारियों के पास कई तरह के डॉक्यूमेंट जमा करने होते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार ने तीन महीने के समय के लिए कई ज़रूरी सर्विस को फ्री में उपलब्ध कराने का फैसला किया है, ताकि लोगों को किसी भी तरह की फाइनेंशियल या एडमिनिस्ट्रेटिव परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन सर्विस पर यह छूट लागू होगी, उनमें जाति सर्टिफिकेट, रेजिडेंस सर्टिफिकेट, बर्थ सर्टिफिकेट से जुड़ी सर्विस और 10वीं और 12वीं क्लास के डुप्लीकेट सर्टिफिकेट जारी करने जैसी ज़रूरी सर्विस शामिल हैं। नागरिक 30 सितंबर, 2026 तक इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि यह सुविधा सर्विस सेंटर, घर के पास उपलब्ध नागरिक सेवाओं और ऑनलाइन नागरिक सेवा पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे लोगों को समय पर और बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपने दस्तावेज़ प्राप्त करने में सुविधा होगी। आशिका जैन ने कहा कि भारत के चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे वोटर लिस्ट के विशेष गहन संशोधन अभियान के तहत, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र और शैक्षिक प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों की मांग में वृद्धि हुई है। ऐसे में पंजाब सरकार का यह फैसला नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा और विशेष गहन संशोधन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जर्जर मकान का छज्जा गिरा, महिला की मौत

दुर्घटना/हादसा

**देवरिया।** जनपद के गौरीबाजार कस्बे के वार्ड नंबर दो स्थित एक जर्जर मकान का छज्जा बगल के टीन शेड पर गिरने से उसमें रह रही 45 वर्षीय फूला देवी की मौत हो गई, जबकि उनके दो बच्चे घायल हो गए। घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सतेन्द्र कुमार राय ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।